हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, शनिवार, 02 नवंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 168

www.koylanchalsamvad.com

जम्मू-कश्मीर यूटी के स्थापना दिवस का एनसी-कांग्रेस ने बहिष्कार... | मिलावटखोरों को फांसी की सजा से रुकेगी मिलावटखोरी | गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा...

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 62 रुपए बढ़ी, सिलेंडरों की नई कीमत बढ़कर 1802 रुपए हुई

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एक नवंबर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव किया गया। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब दिल्ली में इन सिलेंडरों की नई कीमत 1802 रुपये हो गई है, जबकि पहले यह 1740 रुपये थी। यह बदलाव



त्यौहारी सीजन में आया है, जब बाजार में मांग अधिक होती है, और इसका असर रेस्टोरेंट, होटल और छोटे व्यवसायों पर स्पष्ट रूप से दिखेगा। दिल्ली में 1740 रुपये से बढ़कर 1802 रुपये, कोलकाता में 1850 रुपये से बढ़कर 1911.50 रुपये, मुंबई में 1692.50 रुपये से बढ़कर 1754.50 रुपये, चेन्नई में 1903 रुपये से बढ़कर 1964.50 रुपये है। इन कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें परिवहन लागत में वृद्धि और वैश्विक बाजार में गैस की मांग में बदलाव। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग: अब 60 दिन पहले बुकिंग, पहले टाइम 120 दिन था

भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। पहले टिकट बुकिंग यात्रा से 120 दिन पहले शुरू होती थी, अब इसे घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। रेल मंत्रालय के मुताबिक, एडवांस ट्रेन टिकट बुकिंग के नए नियमों का पहले से बुक किए गए टिकटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। साथ ही, विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की डेडलाइन में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभी टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट, ऐप और रेलवे के बुकिंग काउंटर्स से होती है। आईआरसीटीसी से हर दिन 12.38 लाख टिकट बुक होते हैं।

### मैसेज ट्रेसेबिलिटी नियम लागू: फर्जी नंबरों की पहचान कर तुरंत ब्लॉक होंगे

टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्पैम कॉल और मेसेज को लेकर नए नियम आज से लागू होंगे। मैसेज ट्रेसेबिलिटी नियम के तहत टेलीकॉम कंपनियां संदिग्ध या फर्जी नंबरों की पहचान करके उन्हें तुरंत ब्लॉक करेंगी, जिससे इन नंबरों से यूजर्स तक मैसेज नहीं जा पाएगा। स्पैम कॉल या मैसेज क्या होते हैं? स्पैम कॉल या मैसेज किसी अनजान नंबर से लोगों को किए जाने वाले कॉल या मैसेज होते हैं। इनमें लोगों को लोन लेने, क्रेडिट कार्ड लेने, लॉटरी लगने, किसी कंपनी की कोई सर्विस या सामान खरीदने का झांसा दिया जाता है।

### पद्मश्री अर्थशास्त्री डॉ. बिबेक देबरॉय का निधन, पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष थे

**नई दिल्ली:** अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 69 साल के थे। एम्स दिल्ली की ओर से जारी बयान में कहा गया उन्हें आंतों से जुड़ी बीमारी (इंटेस्टाइन इन्फेक्शन) था। सुबह करीब 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित देबरॉय नीति आयोग के सदस्य



रह चुके हैं। उन्होंने नई पीढ़ी के लिए सभी पुराणों का अंग्रेजी में आसान अनुवाद लिखा था। डॉ. देबरॉय की प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता के नरेन्द्रपुर में रामकृष्ण मिशन स्कूल में हुई।

**पीएम ने कहा- देबरॉय ने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी:** प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- डॉ. बिबेक देबरॉय जी एक प्रखर विद्वान थे। वे अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में अपने योगदान के अलावा उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में भी आनंद आता था।

## झारखंड विधानसभा चुनाव : गढ़वा में मोदी की सभा से पहले भाजपाइयों में हिमंता ने भरा जोश

# बीजेपी की टेंशन दूर करने में जुटे हिमंता बिस्वा सरमा, रूठने-मनाने का खेल जारी, कई नेताओं से मिले

### अब बीरेंद्र मंडल भी माने

**रांची :** बीजेपी में असंतुष्टों की फेरहिस्त लंबी है. नाराज बीजेपी नेताओं को मनाने का सिलसिला अब तक जारी है. सत्यानंद झा के बाद अब जामाताड़ा के वीरेंद्र मंडल को भी मना लिया गया है. उन्होंने बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर जामताड़ा जिले के नाला सीट से निर्दलीय नामांकन किया था. ऐसे में झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा शुक्रवार को जामताड़ा में वीरेंद्र मंडल से मुलाकात की और उनसे नामांकन वापस लेने आग्रह किया. मुलाकात के बाद हिमंता ने कहा कि वीरेंद्र मंडल मान गये हैं. वे अपना नामांकन वापस लेंगे. कहा कि वे हमारे नेता हैं और वो भाजपा का प्रचार भी करेंगे. बता दें कि टिकट नहीं मिलने के बाद कई बीजेपी नेता रूठ गये थे. कई ने निर्दलीय नामांकन भी कर लिया है. ऐसे में हिमंता बिस्व सरमा खुद घर जाकर नाराज नेताओं को मनाने में लगे हैं.

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने झारखंड के पूर्व मंत्री और असंतुष्ट भाजपा नेता सत्यानंद झा 'बाटुल' से मुलाकात की है। सरमा ने झा से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन वापस लेने का आग्रह किया है। कथित तौर पर भाजपा टिकट से वंचित किए जाने के बाद झा ने नाला निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया था। नाला निर्वाचन क्षेत्र उन 38



निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है, जहां 20 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा।

सरमा झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी भी हैं। वे झा से मिलने जामताड़ा जिला पहुंचे थे। उन्होंने झा को नामांकन वापस लेने और चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए मनाने की अपनी मंशा जाहिर की। सरमा ने स्पष्ट किया कि 'हम उन्हें टिकट नहीं दे सकते थे', उन्होंने कहा कि झा ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला इसी इनकार की वजह से लिया। सरमा ने झारखंड में भाजपा सरकार बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह पार्टी और राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने झा को राज्य या केंद्र स्तर पर सम्मानजनक पद का आश्वासन दिया, ताकि उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित हो सके। सरमा ने भाजपा के साथ उनके लंबे समय के जुड़ाव पर ध्यान दिलाते हुए कहा, 'झा पार्टी के बहुत पुराने कार्यकर्ता हैं।'

### निर्दलीयों को मनाने के लिए घर-घर जा रहे हिमंता बिस्व सरमा

भारतीय जनता पार्टी में भी कई नेताओं ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में परचा दाखिल किया है. ऐसे नेताओं को मनाने का दौर जारी है. झारखंड विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा खुद सबके घर जाकर उन्हें मनाने में जुटे हैं. इसी क्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा शुक्रवार को जामताड़ा पहुंचे. यहां उन्होंने भाजपा से नाराज चल रहे वीरेंद्र मंडल से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि वह अपना नामांकन वापस ले लें. वीरेंद्र मंडल ने जामताड़ा जिले की नाला विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया है.

### जेएलकेएम के प्रत्याशी ने थाम लिया झामुमो का दामन!

**गिरिडीह:** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान पाला बदलने का खेल लगातार चल रहा है. कार्यकर्ता और नेता लगातार एक दूसरे पार्टी में पाला बदल रहे हैं. वहीं गांडेय में कुछ अलग ही तरीके से पार्टी बदलने का खेल हो गया है. यहां झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी ने जयराम महतो को ही धोखा दे दिया. जयराम की पार्टी के प्रत्याशी अकील अख्तर ऊर्फ रिजवान क्रांतिकारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया. नामांकन वापस लेने के ठीक 1 दिन पहले अखिल अख्तर रिजवान क्रांतिकारी ने




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की है. झामुमो के द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बाबत पोस्ट भी कर दिया है. झामुमो ने मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ रिजवान क्रांतिकारी का फोटो भी पोस्ट किया है. झामुमो ने अपने पोस्ट में कहा है कि रिजवान क्रांतिकारी ने झामुमो के सिद्धांत पर अपनी आस्था व्यक्ति है. बता दें कि गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक हैं और वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार भी हैं. जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा ने कल्पना के खिलाफ रिजवान क्रांतिकारी को उम्मीदवार बनाया था. रिजवान ने पर्चा भी दाखिल कर दिया और चुनावी प्रचार में जुट गए.

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश, वीडियो जारी कर किया खुलासा

**रांची:** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री व गढ़वा से झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को साइबर अपराधियों ने हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की. लेकिन मंत्री बच गए. जाल में नहीं फंसे. हनी ट्रैप में फंसाए जाने का खुलासा खुद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर किया है. मंत्री ने जारी वीडियो में कहा है कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर पर बार-बार वीडियो काल आ रहा था.

जब उन्होंने काल रिसीव किया तो तत्काल अश्लील फोटो आने लगा. मंत्री ने तुरंत फोन काट दिया और नंबर ब्लाक कर दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव में उनके खिलाफ विरोधी साजिश कर रहे हैं. उन्हें धमकी दी जा रही है. तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं. लेकिन विरोधी अपनी चाल में सफल नहीं होंगे. जनता सब जानती है. कहा कि वह पूरे मामले की जानकारी थाने में देकर मामला दर्ज कराएंगे. इसकी जांच होगी.

### झामुमो ने जताई राजनीतिक षड्यंत्र की आशंका, भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार मिथिलेश कुमार ठाकुर के हनी ट्रैप मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने साफ किया है कि उनके कोटे के मंत्री मिथिलेश



कुमार ठाकुर को हनी ट्रैप में फंसाने के लिए जाल जरूर बिछाया गया था लेकिन वे उसमें फंसे नहीं. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जिस समय में हनी ट्रैप का मामला सामने आया है, उससे कहीं न कहीं यह शक होता है कि कहीं यह कोई राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं.

### अनुसंधान में सब कुछ हो जाएगा साफ

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि गढ़वा जहां प्रधानमंत्री की पहली चुनावी सभा होने वाली है. वहां अपनी संभावित और निश्चित हार को देख इस तरह की साजिश रची गयी हो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि हनी ट्रैप के पीछे किसी तरह की पॉलिटिकल चाल हो.

### कई नेता हुए हैं हनी ट्रैप के शिकार

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज पांडेय ने कहा कि सिर्फ सत्ताधारी दल के नेता ही हनी ट्रैप के शिकार नहीं हुए हैं, बल्कि सीपी सिंह, बिरंची नारायण जैसे भाजपा के नेताओं पर भी हनी ट्रैप का आरोप लगा था. उन्होंने कहा कि ये बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है. मनोज पांडेय ने कहा कि उनके मंत्री ने प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है अब अनुसंधान में सब कुछ साफ हो जाएगा.

### साज़िश बताए जाने पर बीजेपी नेता नाराज

गढ़वा से जेएमएम प्रत्याशी और हेमंत सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के हनी ट्रैप मामले पर सियासत गर्म है. मिथिलेश ठाकुर द्वारा इसके पीछे विरोधियों की साजिश बताए जाने पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. इस संबंध में बीजेपी के प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि जिस तरह से मिथिलेश ठाकुर ने जांच की बजाय विरोधियों की साजिश बताया है वह कहीं से भी उचित नहीं है.

### बीजेपी ने की मामले की जांच की मांग

उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित होकर बयान देने के बजाय उन्हें इसकी शिकायत थाना में करनी चाहिए और इसकी जांच करानी चाहिए. प्रदीप सिन्हा ने याद दिलाते हुए कहा कि इसी तरह की घटना सीपी सिंह के साथ हुई थी और उन्होंने इसकी बकायदा शिकायत करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी.

## सीएम ने पीएम व चुनाव आयोग को घेरा, कहा – पीएम के दौरे को लेकर नहीं दी जा रही किसी प्रकार की छुट्टी

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरा के साथ चुनाव आयोग को भी घेरा है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि 31 अक्टूबर को दीपावली थी, अब भैया दूज, सोहराय, गोहाल पूजा, बांधना पर्व और चित्रगुप्त पूजा है. 4 नवंबर से 8 नवंबर तक छठ महापर्व है. ये पर्व झारखंड के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसमें सभी आमजन, सरकारी कर्मी, पुलिस कर्मी छुट्टी लेकर अपने घर जाते हैं. लेकिन सूचना मिली है कि जिला प्रशासन चुनाव एवं प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे को लेकर किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दे रहे हैं. सीएम ने चुनाव आयोग से अनुरोध है कि स्पष्ट निर्देश जिले के डीसी, एसपी को दें कि पूजा के लिए इन कर्मियों को छुट्टियां दें, छुट्टियों को रद्द न करें. साथ ही बड़ी संख्या में बस व अन्य वाहनों को जिला प्रशासन ने चुनाव कार्य के लिए जब्त कर रखा है. वे इन वाहनों को 02 नवंबर से 08 नवंबर तक अस्थायी रूप से छोड़ें, ताकि आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर घर पहुंचने में लोगों को असुविधा न हो.

### हर वादे को निभाने का ईमानदार प्रयास किया

सीएम ने लिखा है कि आपकी अबुआ सरकार ने तमाम झंझावतों के बावजूद अपने किए हर वादे को पूरी निष्ठा से निभाने का ईमानदार प्रयास किया है. पर मुझे मालूम है कि अभी बहुत से कार्य करने है, तेजी से करने हैं और समय पर करने हैं. इस कार्यकाल में सीखने को बहुत मिला है, जिससे हम सीख लेते हुए आगे और भी तेजी से कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित हैं.

## अलका तिवारी बनीं झारखंड की नई मुख्य सचिव, चुनाव आयोग की स्वीकृति के बाद अधिसूचना जारी

**रांची:** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1988 बैच की अधिकारी अलका तिवारी झारखंड की नई मुख्य सचिव होंगी। राजस्व पर्षद की सदस्य अलका तिवारी को मुख्य सचिव बनाने का लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से शुक्रवार 1 नवंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अलका तिवारी की नियुक्ति को लेकर सहमति प्रदान की गई है।

मुख्य सचिव एल.खियांग्ते के 31 अक्टूबर को रिटायर होने के बाद अलका तिवारी को ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। आईएएस अलका तिवारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से मुक्त होने के बाद वापस झारखंड आईं हैं। वर्तमान अपर मुख्य सचिव में सबसे वरीय होने के कारण अलका तिवारी को ये जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी अलका तिवारी को 15 अक्टूबर को



ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से विमुक्त किया गया था।

## झारखंड की आदिवासी बेटी कंचन उगुरसंडी ने रचा इतिहास, महज 25 दिन में लिपुलेख दर्रा समेत 18 पर्वतीय दर्रों को पार करने वाली पहली महिला बाइकर

**रांची:** झारखंड की बेटी कंचन उगुरसंडी ने इतिहास रच दिया है. महज 25 दिन में 18 पर्वतीय दर्रों को पार करने वाली पहली महिला बाइकर ने लिपुलेख पास को भी पार कर लिया है. कंचन ने विश्व की उस सबसे ऊंची उमलिंगला पास को भी पार किया था, जहां मोटरसाइकिल चलाई जा सकती है. यह पास 19300 फुट की ऊंचाई पर है. लिपुलेख दर्रा को पार करने पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के विधायक चंपाई सोरेन ने कंचन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.



### लिपुलेख पास पर बाइक चलाने वाली पहली महिला बन गईं कंचन

झारखंड के सरायकेला की रहने वाली महिला मोटरिस्ट कंचन उगुरसंडी ने 17,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख पास पहुंचने वाली वह पहली मोटरसाइकिलिस्ट बन गईं. शुक्रवार (1 नवंबर 2024) को अपने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा- उत्तराखंड मेरे लिए दूसरे घर जैसा है. सैलानियों के लिए यह सबसे सुरक्षित जगहों में एक है. उत्तराखंड के लोग बहुत विनम्र हैं और यही इसको देवभूमि बनाता है.

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में कंचन का हुआ सम्मान

लिपुलेख पास को पार करने के बाद पिथौरागढ़ स्थित होटल प्लाजा में होटल एसोसिएशन ऑफ पिथौरागढ़ के राजेंद्र भट्ट ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले की रहने वाली कंचन का अभिनंदन किया. कंचन ने उत्तराखंड के लोगों से मिले समर्थन के लिए उनके प्रति आभार जताया.

### चंपाई सोरेन ने कंचन का बढ़ाया हौसला

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कंचन उगुरसंडी की हौसलाआफजाई करते हुए कहा है कि यह उपलब्धि हासिल करने पर मेरे गृह जिले से आने वाली, झारखंड की बेटी कंचन उगुरसंडी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं. पूरे देश को आप पर गर्व है.

### चंपाई सोरेन बोले- बेटियों को पढ़ाईए, आगे बढ़ने दीजिए

चंपाई सोरेन ने आगे लिखा- अपनी बेटियों को पढ़ाईए. उन्हें शिक्षा, खेल तथा उनकी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दीजिए. वे एक दिन कल्पना चावला, सलीमा टेटे और कंचन जैसी बनकर, परिवार, समाज एवं देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगी. चंपाई सोरेन के इस पोस्ट पर कंचन ने उनका आभार जताया है.

### देश की 18 सबसे ऊंची चोटियों पर कंचन ने की है बाइकिंग

इससे पहले वर्ष 2021 में कंचन उगुरसंडी ने देश की 18 सबसे ऊंची चोटियों को पार किया था. तब उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के कर्मयोगियों को समर्पित किया था. लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी के प्रति आभार जताया था. उन्होंने आगे लिखा था- मैं नहीं कहती कि यह आसान है, मैं मानती हूं कि यह संभव है.

### 2021 में उमलिंगा पास को बाइक से कंचन ने किया था पार

तब बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन ने एक ट्वीट कर कहा था- कंचन उगुरसंडी 25 दिन में 18 दर्रों को पार करने वाली पहली महिला बन गईं हैं. उन्होंने उमलिंग ला पास को भी पार कर लिया है. वह पहली अकेली महिला बन गईं हैं, जिन्होंने दिल्ली-लेह-लद्दाख-रोहतांग-उमलिंगला-सियाचिन बेस-दिल्ली के 3200 किलोमीटर की बेहद मुश्किल यात्रा पूरी कर ली है.

## सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा हो की पुनर्परीक्षा पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार एवं जेएसएससी से मांगा जवाब

**रांची:** सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा हो की पुनर्परीक्षा को लेकर दायर महेंद्र लुगाई एवं अन्य की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) से चार सप्ताह में जवाब मांगा है. अगली सुनवाई को होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की.

दरअसल, जेएसएससी ने 15 जून 2024 को सहायक आचार्य परीक्षा के तहत हो भाषा की परीक्षा आयोजित की थी. प्रार्थियों का कहना है कि उक्त परीक्षा में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के प्रश्न पत्र पूछे जाने चाहिए थे. लेकिन जेएसएससी ने विज्ञापन के तहत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के सिलेबस से पूछे जाने वाले सवाल की बजाय कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के सिलेबस से प्रश्न पूछा था. उक्त परीक्षा में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के सिलेबस से करीब 75 फीसदी प्रश्न पूछे गए थे. जबकि विज्ञापन के तहत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के सिलेबस से प्रश्न ही पूछे जाना चाहिए थे. प्रार्थियों ने हो भाषा की पुनः परीक्षा लेने का आग्रह किया. बता दे की सहायक आचार्य के 26001 पदों पर नियुक्ति होनी है.



# जहरीली शराब पीने से व्यक्ति की मौत, घर पर था अकेले

धनबाद : गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा में बुधवार देर रात जहरीली महुआ शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी. 35 वर्षीय राजन पाठक ने एग्यारकुंड पानी टंकी स्थित अपने घर पर दम तोड़ दिया. जानकारी के अनुसार, राजन पाठक की पत्नी अपनी बेटी के साथ मायके गयी थी. वहीं मां भी छोटी बेटी के ससुराल भागलपुर में थी. जब यह हादसा हुआ, तब घर पर कोई नहीं था. वह घर पर अकेला था और घर का दरवाजा भी अंदर से बंद था. स्थानीय लोगों की सूचना पर गलफरबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस की उपस्थिति में आस-पास के लोग छत के रास्ते घर में घुसे और दरवाजा खोला. तो पाया कि गैरेज रूम के दरवाजे के पास राजन पाठक मृत पड़े हैं. पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.

### शराब पीकर घर वालों के साथ करता था मारपीट

आस-पास के लोगों ने बताया कि राजन को शराब की लत थी. अक्सर वह शराब पीकर अपनी पत्नी और मां के साथ मारपीट करता था. घरेलू हिंसा का मामला कई बार गलफरबाड़ी ओपी पहुंचा. पुलिस ने चेतावनी भी दी, लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं हुआ. आखिरकार जहरीली शराब ने असमय उसकी जान ले ली. बता दें कि पिछले 30-35 सालों से आदिवासी बहुल एग्यारकुंड एवं शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा में अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है. एक गिलास महुआ शराब मात्र दस रूपये में मिल जाता है, जिसे पीकर हर साल लगभग दस लोगों की जान चली जाती है. लेकिन स्थानीय पुलिस या उत्पाद विभाग की टीम ने आज तक इस इलाके में शराब का अवैध कारोबार बंद करने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किया.

### प्राकृतिक रूप से सड़ाने की जगह कैमिकल डालकर महुआ को गलाते हैं

देसी शराब बनाने वालों की मानें तो महुआ शराब बनाने में पंद्रह दिन से अधिक समय लगता है. लेकिन डिमांड अधिक होने के कारण दो दिन में ही नशीली पदार्थ डालकर शराब बना दिया जाता है. महुआ को प्राकृतिक रूप से सड़ाने की जगह भाखड़ (केमिकल) मिलाकर गला दिया जाता है. क्योंकि महुआ सड़ता नहीं है, इसलिए, उसमें नशा नहीं होता है. ऐसे में शराब बनाने वाले नशा के लिये उसमें नशीली दवा मिलाते हैं.

## लोक हित अधिकार पार्टी की उम्मीदवार कुमकुम देवी ने बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



बरकट्ठा(हजारीबाग)। लोक हित अधिकार पार्टी की उम्मीदवार कुमकुम देवी ने बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी कुमकुम देवी ने ग्राम मानगो, सुदन, खारी, चौबे, खरगु, बेड़ोकला जमुआ में लोगों से मिलकर अपने लिए समर्थन मांगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से चुनाव चिन्ह सेब छाप पर अपना कीमती वोट देकर अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर कहा कि मैं पिछले 15 वर्षों से आप लोगों की निःस्वार्थ भाव से हर सुखदुःख में साथ खड़ी थी।आपका आशीर्वाद मिला तो आप लोगों की समस्याओं को दूर करने का काम करुंगी। क्षेत्र भ्रमण में साहू समाज के नेता देवीलाल साव, बैजनाथ कुमार, राजकुमार साव, चंदन कुमार, राजेश प्रसाद, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, पंकज कुमार, किशोर साव, अवधेश चौधरी, महावीर प्रसाद, रोहित पंडित, राहुल पंडित समेत अन्य कई लोग शामिल रहे ।

## राजद के दर्जनों कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में हुए शामिल



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : समाजवादी पार्टी के विश्रामपुर कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमे राजद के दर्जनों लोग सपा में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा ने किया। संचालन निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी ने किया। राजद से आए सभी लोगों को सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। सपा में शामिल हुए सभी लोगों ने सपा प्रत्यासी अंजू सिंह को जीताने का संकल्प लिया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक कार्य करें,आने वाला समय सपा का है। सपा में शामिल होने वालों में मो. शमीम अहमद अंसारी,उज्वल यादव,रिंकू सिंह,राकेश कुमार विश्वकर्मा, मैनुद्दीन अंसारी,मजहर अली,जैनुल अंसारी,असगर अंसारी,सफी उल्लाह अंसारी,रंजन कुमार सिंह,रोहित सिंह,सिराज अंसारी,अभय सिंह,मन्नू सिंह,मनीष कुमार,संतोष कुमार,प्रिंस कुमार,दीपक कुमार,रंजित कुमार,चंदन कुमार,मुमताज अंसारी आदि का नाम प्रमुख हैं.मौके पर वरीय सपा नेता नईमुदीन अंसारी,प्रवीन सिंह,सतेंद्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर मधुरीडीह नव युवक संघ ने गणमान्य लोगों को किया सम्मानित



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 10 के मधुरीडीह-तेनवाहि गांव में लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। लक्ष्मी पूजा का आयोजन मधुरीडीह नव युवक संघ के द्वारा किया गया था। आज मूर्ति विषर्जन के मौके पर कमेटी द्वारा कई स्थानीय गण्यमान लोगो को माला पहनाकर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष ईश्वर यादव व संचालन कुलदीप यादव ने किया। सम्मानित होने वालों के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,भाजपा विधानसभा विस्तारक रतन तिवारी,भाजपा नेता पंकज कुमार लाल,विकास कुमार,सुदामा यादव,मीरा देवी सहित कई लोगो का नाम शामिल है। मौके पर बालेश्वर यादव,जितेंद्र यादव,कुंदन यादव,दीपक यादव,सोनू यादव,रंजन यादव,जयप्रकाश,विंदेश्वर यादव,रामशंकर यादव,उदेश्वर यादव,मदन कुमार,बबलू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सिल्ली से 15 एवं खिजरी से 20 अभ्यर्थी हैं मैदान में

रांचीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची वरुण रंजन द्वारा सिल्ली और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारियों के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया।समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री वरुण रंजन द्वारा सिल्ली एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र में नाम वापसी का समय पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सिल्ली से 15 एवं खिजरी से 20 अभ्यर्थी हैं। नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा तक किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा दोनों ही विधानसभा क्षेत्र से नाम वापस नहीं लिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सिल्ली एवं खिजरी के निर्वाची पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से अभ्यर्थियों और उन्हें आवंटित चुनाव चिन्ह के संबंध में जानकारी दी गई।

# भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने किया कटकमसांडी पूर्वी मंडल का तूफानी जनसंपर्क

## मोदी का गारंटी है, विकास निरंतर चलते रहेगा, दोनो भाई मिलकर सवारेंगे - मनीष जयसवाल

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : हजारीबाग सदर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने प्रखंड कटकमसांडी के दस पंचायतों के अन्तर्गत 21गांवों का तुफानी जनसंपर्क के तहत आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया । सासंद मनीष जयसवाल ने अशीर्वाद यात्रा मे कहा कि मोदी जी का गारंटी है, विकास निरंतर चलते रहेगा, दोनो भाई मिलकर क्षेत्र को सवारेंगे । उन्होनें कहा कि भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जनसेवा और क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्यों में निरंतर जुटे हुए रहते हैं। इस बार फिर से हजारीबाग में कमल खिलानें का अपील किया।



प्रदीप प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र का विकास, जनसेवा के साथ आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए हैं सतत प्रयत्नशील है। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के दस पंचायत के अंतर्गत 21 गांवों का सघन दौरा किया । इस दौरान सांसद मनीष जयसवाल व प्रदीप प्रसाद का कटकमसांडी क्षेत्र वासियों ने ढोल- ताशे और गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते और गाते-झूमते हुए फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया।

प्रखंड क्षेत्र के पेलावल, मायापूर, हरिना, पबरा, रोमी, छडवा, हेदलाग, कंचनपूर, धरहरा, खुटरा, बरतुआ, गोविन्दपूर, असधीर, लूपूंग, सुलमी, बेलरगड्डा, नवादा, कंसार, गोदखर, बलियन्द और कृष्णानगर सहित दो दर्जन से अधिक क्षेत्र के अंतर्गत लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए और हर संभव सूख दुख में साथ देने का भरोसा दिए। आज का आशीर्वाद यात्रा के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस बार आपार समर्थन मिल रहा है। लोग इस बार सरकार बदलने के लिए लालियत है।

### मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव,कटकमसांडी प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव कटकमसांडी पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, भाजपा वरिष्ठ नेता कमल गोप, जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, प्रमुख संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद यादव, ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति अध्यक्ष रामचंद्र यादव,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि,कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, निर्मल साव,रामचंद्र साव,बिराज साव,कपिल दांगी, प्रकाश यादव, विजय दांगी, सहदेव यादव,बाझा पंचायत के पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद, महामंत्री अरविंद यादव,पूर्व मुखिया तुलेश्वर यादव,महामंत्री बिरेंद्र कुमार बीरू,मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता,पूर्व पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता,मुखिया गदोखर मुखिया नारायण साव,अंकज ठाकुर, राजेश यादव, पवन गिरी, मुखिया पिंकी राणा, भोला राणा, मनीष ठाकुर, विनोद सिहं, महावीर सिहं, सुमन राय, दीपक मेहता, राकेश सिहं, गोविन्द यादव, विस्तारक प्रदीप मेहता, सहित गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## 24- मांडू विधानसभा के कुल 18 अभ्यर्थी को मिला प्रतीक चिन्ह

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : 24- मांडू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29/10/2024 को अपराह्न 3:00 तक कुल 20 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 48 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। दिनांक 30-10-2024 को संवीक्षा में 19 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। स्क्रुटनी की प्रक्रिया के उपरांत एक अभ्यर्थी अमरेन्द्र नारायण का नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत होने के कारण उनकी अभ्यर्थीता अस्वीकृत हो गई, जिसके कारण कुल विधि मान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 19 हुई। अभ्यर्थीता वापस लेने की अंतिम तिथि 01.11.2024 को निर्धारित अवधि के अंदर एक अभ्यर्थी मानिकचंद महतो के द्वारा अभ्यर्थीता वापस ली गई। इस प्रकार कुल 18 अभ्यर्थी निर्वाचन लड़ने हेतु योग्य पाए गए, जिन्हें आज 01.11.2024 को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है,जो निम्न प्रकार है:-



1. जयप्रकाश भाई पटेल, इंडियन नेशनल कांग्रेस, हाथ
2. निर्मल महतो, आजसू पार्टी, केला
3. सुशील कुमार, बहुजन समाज पार्टी, हाथी
4. जागो साव, लोकहित अधिकार पार्टी, सेब
5. बिहारी कुमार, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, कैंची
6. मो महमूद आलम, राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा, एअरकंडीशनर
7. मुख्तार खान, आपकी विकास पार्टी, बाल्टी
8. मोहम्मद अब्दुल्लहा हवारी, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, घड़ी
9. मोहम्मद नजीर अंसारी, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम), केतली
10. मो सलमान अंसारी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) फलों से युक्त टोकरी
11. अनुज कुमार राय, निर्दलीय, अलमारी
12. आनंद सोरेन, निर्दलीय, कोट
13. जयनंदन साहू, निर्दलीय, बल्ला
14. प्रदीप मुंडा, निर्दलीय, चप्पलें
15. बिपिन कुमार सिन्हा, निर्दलीय, बल्लेबाज
16. महेश तिग्गा, निर्दलीय, फूलगोभी
17. रंजीत कुमार सोरेन, निर्दलीय, ऑटो-रिक्शा
18. संजय कुमार मेहता, निर्दलीय, हेलमेट.

### आजसू पार्टी के पदाधिकारयों ने विकास राणा के समर्थन में सामूहिक त्याग-पत्र दिया

## आजसू पार्टी अपनी विचारधारा से भटक गई है - आनन्द सिंह

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य, जिला कमिटी के पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष / प्रखण्ड सचिव, नगर अध्यक्ष / सचिव ने आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह के नेतृत्व में आजसू पार्टी से सामूहिक त्याग-पत्र दिया.

त्याग-पत्र देनेवालों में आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय समिति सदस्य जितेन्द्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार सिन्हा उर्फ़ पिंकू, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव मुख्य रूप से शामिल हैं . उपरोक्त पदाधिकारियों न आज सामूहिक रूप से आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं



पार्टी के सभी पद से त्याग-पत्र दे दिया.

केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह ने कहा कि सभी लोगों ने विकास राणा के समर्थन में आजसू पार्टी से त्याग-पत्र दिया है. आजसू पार्टी अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है ! हम सभी ने 25 वर्षो तक पार्टी को अपना सबकुछ दिया लेकिन पार्टी की सोच संकुचित है.

जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी 25 वर्षों में 10 विधानसभा सीट में ही सिमट कर रह गई ! पुराने सभी कार्यकर्ताओं को यूज़ एंड थ्रो कर देती है आजसू पार्टी ! दुखी मन से सभी पदाधिकारी आज त्याग-पत्र दे रहे हैं.

## हर्ष अजमेरा का जनसंपर्क अभियान दारू प्रखंड में जनता से लिया आशीर्वाद, छड़ी छाप पर समर्थन मांगा



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड में निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने चुनावी अभियान के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर जनता जनार्दन का आशीर्वाद लिया और लोगों से मिलकर उनके मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अजमेरा ने जनता से अपील की कि वे अपने बहुमूल्य वोट क्रमांक संख्या 23 पर छड़ी छाप को दें, ताकि हजारीबाग क्षेत्र में बदलाव और विकास की नई शुरुआत हो सके।

हर्ष अजमेरा ने जनता से बातचीत के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के मुद्दों को प्राथमिकता में रखने का वादा किया। उन्होंने बताया कि उनके विजन में बेहतर शिक्षा, उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं, और रोजगार के अवसरों का सृजन प्रमुख रूप से शामिल है। अजमेरा का मानना है कि हजारीबाग का युवा वर्ग इस बदलाव का मुख्य वाहक बनेगा, और इसीलिए उनके एजेंडे में युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना है, श्री अजमेरा ने अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न समाज के लोगों के बीच सामंजस्य और एकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में एक ऐसा माहौल बनाने का उनका सपना है, जहां हर समाज का व्यक्ति सम्मानपूर्वक जीवन जी सके और उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके। अजमेरा का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार से सामाजिक उन्नति भी सुनिश्चित की जा सकती है।

## गांव के सैंकड़ों लोगों ने कहा मेरा जिला परिषद जिसको कहेगा हम लोग वोट उसी को देंगे



रांचीः मांडर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैंकड़ों लोगों ने कहा कि मेरा जिला परिषद जिसको कहेगा हम लोग वोट उसी को देंगे। क्योंकि मेरा दुख सुख में यह व्यक्ति खड़ा रहता है। ज्ञात हो कि चान्हो पश्चिमी जिला परिषद आदिल अज़ीम अपने सेवा कार्य के लिए अपने और आस पास के क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी अहमियत रखते हैं। कई गांव के लोगों ने कहा कि आदिल अज़ीम हमारे दुःख सुख में खड़ा रहता है। इस विधानसभा चुनाव में आदिल अज़ीम जिसको भी कहेगा हमलोग वोट उसी को देंगे। इस पर जिला परिषद आदिल अज़ीम ने कहा कि आप सब ने जो प्यार भरोसा दिखाया है उसके लिए सभी का शुक्रिया। हम मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों से बारी बारी मिलेंगे। जो मेरा क्षेत्र का विकास, रोड, नाली, सड़क, बिजली, पानी, आवास आदि योजना के साथ मान सम्मान देगा उस उम्मीदवार का स्पोर्ट का एलान किया जाएगा। जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठा कर अपनी सहमति जताई। आदिल अज़ीम ने कहा कि यहां के गांव वालों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है इस पर खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद मांडर विधानसभा के सभी गांव में पहुंच कर जागरूकता अभियान चला कर समर्थन लिया जायेगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने रातु और डोरंडा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया

रांचीः कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने रातु प्रखंड और डोरंडा प्रखंड में चुनाव कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया।इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस,झामुमो व राजद के नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। श्री शाहदेव ने अपने संबोधन में कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र का एक एक कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझे और जनता के बीच जाकर हमारी उपलब्धियां और प्रथमिकताएं बताकर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।श्री शाहदेव ने कहा कि इस बार जनता हटिया विधानसभा में बदलाव के मूड में है और हमें सफलता जरूर मिलेगी। कार्यालय उद्घाटन में उद्घाटन में मुख्य रूप से कमरुल हक, पृथ्वी शाहदेव, लक्ष्मी नारायण भगत,हाजी मंसूर,अमर उरांव,कुशल उरांव,बेलाल अंसारी, महावीर विश्वकर्मा,प्रदीप किस्पोट्टा, राहुल दयाल, रमेश शाहदेव,अमन साहू,कमल कुमार,संजय साहू, सिंदबाद खान, अतुल राज,अवैस सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

### अनेक स्थानों में बैठक कर कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की

रातु प्रखंड के विभिन्न स्थानों और शहरी क्षेत्र में अनेक जगहों पर अजय नाथ शाहदेव ने बैठक किया। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों से कहा कि एक मौका उन्हें दें।वे हटिया के लोगों को आश्वस्त करते हैं कि वे सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।श्री शाहदेव ने कहा कि 13 नवंबर को हाथ छाप में वोट देकर हटिया में बदलाव के लिए और विकसित हटिया के लिए मतदान करें।

कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने डोरंडा,कुसई, हाथीखाना,कटहल मोड़,अरगोड़ा ,हटिया, बिरसा चौक, रेलवे कालोनी हटिया और एचइसी सहित अनेक स्थानों में काली पूजा पंडालों में मां काली का दर्शन पूजन और आरती कर हटिया विधानसभा की जनता की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा मां काली सभी की रक्षा करें और हटिया के घर घर में खुशहाली आये। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के घरों में लक्ष्मी माता सुख समृद्धि और धन धान्य की वृद्धि करें।

## जुनैद अनवर हजारों समर्थकों के साथ झामुमो में हुए शामिल

रांची : झारखंड के कद्दावर नेता एवं समाजसेवी जुनैद अनवर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास में हेमंत सोरेन के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) में शामिल हुए। श्री अनवर के साथ विभिन्न धर्मों और समुदायों से जुड़े कई पार्टी के नेता और हजारों समर्थक भी इस अवसर पर उनकी इस नई राजनीतिक यात्रा का हिस्सा बनें। जुनैद अनवर के साथ मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के दो बार लातेहार जिला अध्यक्ष रह चुके कामेश्वर भोगता,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के लातेहार जिला सदस्य बीरेंद्र पासवान, बरियातू प्रखण्ड भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री उषा देवी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चंदवा प्रखण्ड अध्यक्ष साजिद खान, मेन रोड रांची स्थित आर अली मॉल के मालिक, बड़े व्यवसाई तथा वरिष्ट समाजसेवी साद हन्नान जो स्वर्गीय शेख रमजान अली (आजादी से पूर्व छोटानागपुर डिवीज़न के विधायक) के पोते, तथा स्वर्गीय ज़हूर अली (1962 में मांडर विधानसभा क्षेत्र से विधायक तथा बिहार सरकार में मंत्री थे) के भतीजे हैं। लातेहार के अहद खान, चंदवा के जेवीएम नेता मो मोजममिल, रांची बेड़ों के साबिर मीर, रांची के वरिष्ट समाजसेवी वकिरुल रहमान (हाजी नवाब, रांची के वरिष्ट समाजसेवी खालिद सैफुलाह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हुए। श्री अनवर ने कहा झारखंड में जेएमएम ही एकमात्र पार्टी है जो सभी समुदायों को साथ लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार झारखंड के विकास के लिए तत्पर रहे है। विपरीत परिस्थितियों में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य को बेहतर नेतृत्व दिया है। और मैं मानता हूँ कि जेएमएम के माध्यम से ही झारखंड में बदलाव लाया जा सकता है। जुनैद अनवर की छवि एक ईमानदार, साफ-सुथरे और समाजसेवा से जुड़ा नेता के रूप में है। बालूमाथ, बारियातु, लातेहार, रांची, सहित आसपास के क्षेत्रों में उनकी लोकप्रियता देखते ही बनती है। वह लगातार समाजसेवा के कार्यों में जुड़े रहते हैं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज उठाने में भी पिछे नहीं रहे। उनके इस फैसले का उनके समर्थकों में उत्साह है, जो उनकी नई राजनीतिक दिशा को लेकर सकारात्मक हैं। जुनैद अनवर पूर्व में भी राजनीत के बड़े पर्दा पर रह कर कार्य किया है। ज्ञात हो की जुनैद अनवर लातेहार सहित झारखंड के राजनीती में 90 के दशक से ही सक्रिय भूमिका में रहे हैं। युवा राजद के प्रदेश महासचिव, झारखण्ड विकास मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सहित दूरसंचार एवं रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। जुनैद अनवर एक कुशल वक्ता भी हैं, वह किसी भी विषय पर बहुत ही सहज तरीके से समाज की समस्याओं को रखते है और वो किसी को भी अपनी बातों के कायल करने की सलाहियत रखते हैं। बात करने की उनकी शैली बेहद रोचक और विनम्र है जिस से कोई भी प्रभावित हो जाता है। श्री अनवर ने कहा कि मेरे साथ रांची, इटकी, मांडर, हजारीबाग, रामगढ़, चंदवा, लातेहार, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, सिमरया, चतरा, हंटरगंज, बरही, बड़कागावं डाल्टनगंज समेत कई विधानसभा क्षेत्रों से समर्थक जेएमएम में शामिल हुए हैं। बालूमाथ के मो मोजममिल, एहसान, अनवर अंसारी, मंसूर खान, मो इमरान, रांची इटकी से मोकीम अंसारी झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनके प्रवेश से पार्टी को सभी समुदायों के बीच एक मजबूत आधार मिलने की संभावना है। इनके काबलियत के अनुसार पार्टी के द्वारा इन्हे बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

## सामान्य, पुलिस व व्यय प्रेक्षक ने की चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

धनबाद, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी तथा 43 बाघमारा विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षकों ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।

इस दौरान प्रेक्षकों ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर बीएलओ, के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने, सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली, फर्नीचर सहित अन्य एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने, सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार रखने, बूथ अवेयरनेस ग्रुप की गतिविधियां बढ़ाने, त्योहारों के दौरान बाहर गए मतदाताओं को मतदान करने के लिए वापस बुलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं व्यय प्रेक्षकों ने एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त की गई राशि की मनी ट्रेल की पहचान करने और सतर्क रहकर जांच करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन की तैयारी और अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जिले में 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा 63 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं 63 फ्लाइंग स्क्वायड टीम पूरे जिले में कार्यरत है। एक्सपेंडिचर सेंसिटिव धनबाद, झरिया एवं बाघमारा विधानसभा में एसएसटी व एफएसटी की 12-12 टीम तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी में 9-9 टीम कार्यरत है। जबकि सभी विधानसभा में 4-4 अकाउंटिंग टीम एवं 2-2 असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की नियुक्ति गई है।

आगे उपायुक्त ने बताया कि 31 अक्टूबर 2024 तक जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर 2 करोड़ 7 लाख 21 हजार 384 रुपए नगद, 24 लाख 28 हजार 639 रुपए की अवैध शराब, 14 लाख 46 हजार 400 रुपए के मादक पदार्थ एवं गांजा, 13 लाख 47 हजार 500 का जावा तथा 17 लाख 18 हजार 310 रुपए की चांदी बरामद की गई है।

इसके अलावा उन्होंने व्हीकल मैनेजमेंट, मतगणना दिवस की व्यवस्था, मतदान कर्मियों व मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण, स्वीप गतिविधियां, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबिलीटी मैपिंग, पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम, सुविधा, सी-विजील, एनकोर, सक्षम ईसीआई, बीएलओ एप, ईआरओ नेट सहित चुनाव में उपयोग किए जाने वाले अन्य आईटी एप्लिकेशन की विस्तृत जानकारी दी।

## जमुनिया पुल के पास युवती का शव बरामद, हत्या की आशंका



धनबाद : महुदा थाना क्षेत्र के लोहपट्टी-दुगदा हीरक मार्ग पर जमुनिया पुल के नीचे एक युवती का शव बरामद किया गया है. आशंका जताई जा रही है कि युवती की दूसरी जगह हत्या कर शव को पुल की नीचे फेंक दिया गया है. नदी स्नान करने गये ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी. इसके बाद वहां वहां लोगों की भीड़ जुट गई. घटना की जानकारी लोहपट्टी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर महतो को दी गई. मुखिया प्रतिनिधि की सूचना पर महुदा व दुगदा थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. दुगदा थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पायी है. जांच-पड़ताल की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का सही पता चल सकेगा.

## विधानसभा चुनाव के दिन हाईकोर्ट में छुट्टी की घोषणा

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट में 20 नवंबर को अवकाश रहेगा. हाईकोर्ट की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है. हाईकोर्ट की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 20 नवंबर (बुधवार) को खिजरी विधानसभा सीट पर चुनाव होने हैं और हाईकोर्ट का इलाका इसी विधानसभा सीट के अंतर्गत में आता है. इसलिए 20 नवंबर को अवकाश दी गयी है. हालांकि रांची में विधानसभा चुनाव 13 नवंब को होना है, लेकिन उस दिन अनकाश नहीं है. वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है, ताकि हाईकोर्ट के न्यायाधीश, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और हाईकोर्ट के अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हों. 20 नवंबर को घोषित अवकाश की जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दी गयी है.

## रातू के चटकपुर में चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

रांचीः राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित एक घर में लाखों की संपत्ति की चोरी हो गई. चोरी के बाद चोरों ने घर का सभी सामान भी बर्बाद कर दिया. जानकारी के अनुसार रातू थाना क्षेत्र स्थित चटकपुर के रहने वाले सत्येंद्र कुमार के घर में चोरी की घटना हुई. चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब सत्येंद्र दशहरा की छुट्टी में बोकारो गए हुए थे. सत्येंद्र ने बताया कि दीपावली के एक दिन पूर्व जब वह अपने घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है. अंदर जाने पर घर का सारा सामान बिखरा पाया. तोशक-तकिया से लेकर अलमारी तक हर चीज इधर-उधर फेंका हुआ था. साथ में घर में रखे दो से तीन लाख के गहने, 40 हजार से ज्यादा नगद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है. चोरों ने बाथरूम के नल तक को नहीं छोड़ा है.

## राज्य कर्मियों का 25 प्रतिशत बढ़ा ग्रेच्युटी

रांची. राज्य सरकार के कर्मियों को दिवाली व छठ का तोहफा मिल गया है. झारखंड सरकार ने उनके ग्रेच्युटी (उपदान) बढ़ाने की मंजूरी दी है. वर्तमान में राज्य सरकार के कर्मियों का महंगाई भत्ता 50 फीसदी तक पहुंच गया है. ऐसे मे नियमों के अनुसार उनके उपदान की अधिकतम सीमा 25 फीसदी बढ़ाने की स्वीकृत दी गयी है. इस संबंध में वित्त विभाग ने प्रधान महालेखाकार कार्यालय को पत्र लिखा है और एक जनवरी 2024 के प्रभाव से उपदान की अधिकतम सीमा को 25 प्रतिशत बढ़ाकर प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कार्रवाई का अनुरोध किया है. बता दें कि 18 जनवरी 2017 द्वारा राज्य सरकार के कर्मियों के लए पेंशन, उपदान, पेंशन, रूपान्तरण, पारिवारिक पेंशन, एकमुश्त अनुग्रह अनुदान को विनियमित करने वाले प्रावधानों में 1 जनवरी 2016 के प्रभाव से संशोधन किया गया है. इसके तहत सेवानिवृत्ति उपदान व डेथ उपदान की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये तक रखी गयी है. इसमें यह प्रावधान है कि अगर महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत हो जाता है तो उपदान 25 प्रतिशत तक बढ़ेगा। ऐसे में झारखंड मे 15 मार्च 2024 की तिथि से राज्य कर्मियों का डीए 1 जनवरी 2024 की तिथि से 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की मंजूरी दी है.

## एनसीटीई : सभी बीएड कॉलेजों को 10 नवंबर तक भरनी होगी परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट

रांची. नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन (एनसीटीई) ने सभी बीएड कॉलेजों को परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट भेजने को कहा है। एनसीटीई की वेबसाइट पर ऑनलाइन ही कॉलेजों को सारी जानकारी अपलोड करनी होगी। इसके लिए 10 नवंबर तक का समय दिया गया है। इसके आधार पर तय होगा कि बीएड कॉलेजों की मान्यता रहेगी अथवा जाएगी। एनसीटीई के मानकों के अनुसार, कॉलेज से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी, जैसे शिक्षकों की संख्या के साथ उनका पूरा प्रोफाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, विवि द्वारा एक सर्टिफिकेट भी उसमें लगाना है। इसका उद्देश्य है- कॉलेज की गुणवत्ता में किसी हाल में गिरावट न हो। एनसीईटी के जो भी मापदंड हैं, उनके अनुसार कॉलेजों को निरंतर अपने आपको अपडेट रखना है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए यह रिपोर्ट सभी कॉलेजों को देना अनिवार्य है। पार रिपोर्ट नहीं रहने पर एनसीटीई जरूरी कार्रवाई कर सकती है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत करीब 15 बीएड कॉलेज हैं जिनको यह रिपोर्ट भेजनी होगी।

## इस साल सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर का काम पूरा होना मुश्किल, अभी तक केबल स्टे ब्रिज नहीं बना

रांचीः सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण के काम में और देरी होगी. केबल स्टे ब्रिज बनाने पर अभी तक काम शुरू नहीं किया जा सका हैं. फ्लाईओवर का काम करा रही कंपनी ने अभी तक रेलवे से ब्लॉक नहीं मांगा है, जिस वजह से केबल ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की ओर से ब्लॉक आवंटित नहीं किया जा सका है. इससे पहले कंपनी ने 238 घंटे का ब्लॉक मांगा था पर इसमें बात नहीं बनी अब नये से कंपनी से ब्लॉक लेने का प्रस्ताव मांगा गया है. इधर, पथ निर्माण विभाग ने फ्लाईओवर के सिविल वर्क के साथ-साथ केबलिंग का काम तुरंत शुरू करने का निर्देश कंपनी को दिया है. रेलवे ट्रैक के ऊपर केबल और झूला पर ब्रिज को हैंग किया जाना है इसके बनने के बाद ही सिरमटोली से मेकॉन के लिए फ्लाईओवर जुड़ पायेगा. पथ निर्माण विभाग ने कंपनी के अधिकारियों को रेलवे के साथ समन्वय करते हुए अविलंब इस पर काम प्रारंभ कराने को कहा है. विभागीय सचिव ने स्पष्ट किया है कि अन्य विभागों जैसे पेयजल, डाक विभाग इत्यादि से भी समन्वय करते हुए शेष कार्यो को पूरा करायें. सर्विस रोड के निर्माण भी प्राथमिकता से करने को कहा गया है. इंजीनियरों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि इस महत्त्वपूर्ण ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कराये जाये. लेकिन, स्थिति यह है कि इस साल 2024 में यह पूरा होता नहीं दिख रहा है, कई काम लंबित हैं.

## नगर कीर्तन 14 नवंबर को निकाला जाएगा

**रांची.** सिख पंथ के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन चुनाव के कारण 14 नवंबर को निकाला जाएगा। यह निर्णय गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेनरोड में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पिस्का मोड़, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा स्टेशन रोड, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हटिया, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कडरू, सिख सेवा सोसाइटी, सिख सेवक जत्था, गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े व रांची मोटर डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी ने एक स्वर में चुनाव आयोग का सम्मान करते हुए नगर कीर्तन की तारीख, 14 नवंबर करने का मत रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। नगर कीर्तन कृष्णा नगर कॉलोनी से दोपहर 2.30 बजे निकलेगा और रात 9 बजे पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचकर विसर्जित होगा।

## स्कूल ऑफ एक्सीलेंसः प्री बोर्ड लेने की तैयारी, कमजोर छात्रों के लिए अलग से ली जाएगी स्पेशल क्लास

रांची. रांची के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए 60 से 70 प्रतिशत सिलेबस पूरा कर लिया गया है। शहर में पांच सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हैं, जहां पर सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई हो रही है। वहीं 10वीं व 12वीं की परीक्षा भी सीबीएसई बोर्ड से होगी। इसके लिए स्कूलों में तैयारी शुरू कर दी गई है। इन स्कूलों में नवंबर-दिसंबर तक सिलेबस पूरा करने का लक्ष्य है। हर हफ्ते प्रोजेक्ट रेल के तहत टेस्ट लिया जा रहा है। इसके बाद बोर्ड पैटर्न पर प्री बोर्ड लेने की तैयारी है। शिक्षकों ने बताया कि सिलेबस पूरा होने के बाद क्लास के कमजोर छात्रों के लिए अलग से स्पेशल क्लास ली जाएगी। साथ बोर्ड के सैंपल पेपर के अनुसार तैयारी कराई जाएगी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 10वीं व 12वीं का लगभग 50 से 60 प्रतिशत सिलेबस पूरा कर लिया गया है। वहीं जिन विषयों में सिलेबस पीछे है, उसके लिए सुबह और शाम में एक्स्ट्रा क्लास ली जा रही है। हर हफ्ते टेस्ट लिया जा रहा है। जिला स्कूल में 70 से 80 प्रतिशत सिलेबस पूरा हो गया है। दिसंबर-जनवरी में प्री बोर्ड लेने की तैयारी है। वहीं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कांके में लगभग 60 प्रतिशत सिलेबस पूरा हो गया है। नवंबर माह तक सिलेबस पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद स्पेशल क्लास ली जाएगी।

# हिमंता बिस्वा सरमा सत्ता पक्ष पर बरसे, बांग्लादेशी घुसपैठिए भगाने और 2.87 लाख सरकारी नौकरी का वादा

रांचीः बीजेपी के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को देवघर जिले के सारठ स्थित चितरा स्टेडियम पहुंचे. उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की. इस दौरान सत्ता पक्ष पर वे जमकर बरसे. हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो संताल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाया जाएगा. ये सनातन को बचाने का चुनाव है. 2 लाख 87 हजार को सरकारी नौकरी दी जाएगी.



### झारखंड में एनडीए की बनेगी सरकार- हिमंता

हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि इस विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी. सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन सरकार में जितने गलत कार्य हुये है, उसको सुधारने का काम किया जाएगा. प्रतियोगिता परीक्षा को स्वस्थ रूप से आयोजित करना, रोजगार उपलब्ध कराना, भ्रष्टाचार दूर करना और सभी घुसपैठियों को बाहर करना इस चुनाव का प्रमुख मुद्दा है. हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि बीजेपी झारखंड विधानसभा चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ रही है.

### सरकार बनने के बाद होगा एक्शन- हिमंता बिस्वा

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही हम अपने चुनावी वादों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर देंगे. पहले की विवादित प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द किया जाएगा और स्वस्थ रूप से आगे परीक्षा ली जाएगी. साथ ही झारखंड में जितने भी घुसपैठिये हैं, उन सब को कानून के रास्ते से बाहर किया जाएगा.

### भड़के हिमंता, कहा – मीर को निकालो, मैं भी चला जाऊंगा

इंडि गठबंधन द्वारा असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा को बाहरी कह कर प्रचारित करने पर उन्होंने अपनी नाराजगी जताई है. शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अगर मैं बाहरी हूं तो कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर क्या हैं. पहले गुलाम अहमद मीर को निकालो और अगले दिन मुझे भी निकाल दो. फिर कहा कि अगर मीर झारखंड से चले जाते हैं तो मैं भी चला जाऊंगा. उन्होंने कहा कि मेरी छवि बाहरी नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश की जा रही है.देश को विशेष समुदाय के तुष्टीकरण से नहीं चलाया जा सकता.

### लोगों का दिल जीतने का किया प्रयास

पहली बार गढ़वा आए हिमंता सरमा कुछ अलग अंदाज में दिखे. आम लोगों को साथ-साथ भाजपाइयों से बड़ी सहजता से मिले. शहर में घूमा. दिवाली का आनंद लिया. लोगों के साथ सेल्फी ली. एक दुकान में एक हजार रुपये की लड्डू की खरीदारी की. खुद स्वाद चखा, दूसरों को भी खिलाया. कहा सुना था यहां लड्डू अच्छा मिलता है. इसलिए ले लिया. हिमंता की सादगी, लोगों से मिलने व बात करने के अंदाज से लोग काफी प्रभावित दिखे. भाजपाइयों में उन्होंने उत्साह भर दिया. इस तरह देखें तो मोदी की सभा से पहले हिमंता ने चुनावी रंग को चटक कर दिया. मोदी की सभा को लेकर भाजपाई पहले सी उत्साहित हैं.

# राजनीतिक सितारों के आगमन से गुलजार होगा झारखंड, मोदी, शाह, राहुल व खरगे का दौरा

रांचीः झारखंड में सियासी पारा हाई है. सभी दलों ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है. अब राजनीतिक सितारों के आगमन से झारखंड गुलजार होगा. तीन नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड आएंगे. इस दौरान वे धालधूमगढ़, बरकट्ठा और सिमरिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इसके ठीक अगले दिन चार नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आएंगे. पीएम मोदी गढ़वा और चाईबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे.





### दो दिनी दौरे पर आएंगे राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिनी दौरे पर रांची आएंगे. आठ और नौ नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा, लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पांच नवंबर को रांची आएंगे और वे कांके विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

### बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री तीन को हजारीबाग में

बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री तीन नवंबर को हजारीबाग आएंगी. वहां वे निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश कुमार के पक्ष में रोड शो और जनसभा करेंगी. उनका रोड शो बरही में होगा.

### ललन सिंह और संजय झा की भी सभा

जदयू नेता ललन सिंह और संजय झा की सभा दो नवंबर को होगी. दोनों नेता तमाड़ में राजा पीटर और जमशेदपुर में सरयू राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे. नौ और 10 नवंबर को केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी दो-दो चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

### झारखंड के 43 विधानसभा सीटों पर 685 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया संपन्न हो गयी है. 30 अक्टूबर को नॉमिनेशन वापसी के अंतिम दिन 58 प्रत्याशियों के अपना नाम वापस लिया. इसके बाद 43 विधानसभा सीटों पर कुल 685 प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे. इससे पहले पहले चरण के चुनाव के तहत 43 विधानसभा सीटों के लिए 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नॉमिनेशन प्रक्रिया चली थी, जिसमें कुल 805 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा था. वहीं 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी के बाद 62 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन रद्द कर दिया था. इसके बाद 743 प्रत्याशी बचे थे. वहीं अब नामांकन वापस लेने के बाद कुल 685 प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं, जिनके बीच 13 नवंबर को कड़ा मुकाबला होगा. बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने हैं. पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा 20 नवंबर को है.

### 2019 के मुकाबले इस बार 52 प्रत्याशी अधिक

2019 के विधानसभा चुनाव में इन 43 विधानसभा सीटों पर 633 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे. जबकि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 685 प्रत्याशी मैदान में हैं. इस तरह 2019 के मुकाबले 2024 में इस बार 52 प्रत्याशी अधिक है.

# हेमंत सरकार ने विधवा पेंशन बंद कर दियाः बाबूलाल

रांचीः बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि देने के लिए विधवा पेंशन को बंद कर दिया है, जिससे उनकी असली सोच उजागर हो गई है. एक ओर हेमंत महिला सशक्तीकरण का दंभ भर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर उन्होंने विधवा महिलाओं का पेंशन बंद कर उन्हें बेसहारा कर दिया है.



### हेमंत की हकीकत महिलाएं जान चुकी हैं

हेमंत अपनी नाकामियों को छुपाने और महिलाओं को दिग्भ्रमित करने के लिए चुनाव से ठीक पहले विधवा महिलाओं का पेंशन बंद कर मंईयां योजना शुरू की है. माताएं बहनें हेमंत की हकीकत जान चुकी हैं, इसलिए हेमंत सरकार चुनाव के समय महिला हितैषी बनने का ढोंग रच रही हैं. नारी सशक्तीकरण का कार्य सिर्फ भाजपा ही कर सकती है. वर्तमान में भाजपा शासित राज्यों में माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की ऐसी योजनाएं पहले से ही क्रियान्वित हैं. झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनने के साथ ही माताओं व बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए गोगो दीदी योजना के तहत के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी.

## आरयू : बीएड फर्स्ट पार्ट की परीक्षा 11 नवंबर से होगी

रांची . रांची यूनिवर्सिटी में बीएड पार्ट (सेशन 2023-25)का परीक्षा शिड्यूल जारी कर दिया गया है। परीक्षा 11 नवंबर से 19 नवंबर तक दिन के एक से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा 15 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस संबंध में परीक्षा विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

# दीपावली की मुबारकबाद दी



रांची। दीपावली के मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार सिंगर कुमार गहलोत ने बॉलीवुड एक्टर देवेश खान और बुलंद अख्तर को मिठाई देकर दीपावली की मुबारकबाद थी । एक्टर देवेश खान ने कहा कि यही प्यार मोहब्बत को बनाए रखना है । उन्होंने कहा कि दीयों कि रोशनी आपको खुशी और सफलता की राह पर ले जाए। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी ।

# होटवार जेल में छापेमारी, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव के मद्देनज़र हुई कार्रवाई

रांची :भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र आज सुबह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में छापेमारी की गयी. उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के साथ छापेमारी दल में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, सदर उत्कर्ष कुमार, 02 पुलिस उपाधीक्षक, कार्यपालक दंडाधिकारी, 20 पुलिस पदाधिकारी एवं 150 पुलिस जवान शामिल थे.



### सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांच

छापेमारी के दौरान सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांच की गई. पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की गहन जांच की. जिसमें किसी तरह का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया.

## झारखंड के अस्पतालों में लगेगा लेटेस्ट एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन

रांचीः राज्य के मरीजों को अब हाइटेक सुविधा मिलेगी. इसके तहत राज्य के हॉस्पीटल में लेटेस्ट एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी. इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 132 करोड़ रुपए आबंटित कर दिए गए हैं. एक श्री टेसला एमआरआइ मशीन की लागत 17 करोड़ रुपए होगी. जबकि 256 स्लाइस वाले एक सिटी स्कैन वाली मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपए होगी. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान समय के चिकित्सा प्रणाली में एमआरआइ और सीटी स्कैन मशीन की उपयोगिता अहम हो गई है.

### टेंडर के जरिए होगी मशीनों की खरीद

मशीनों की खरीद टेंडर के जरीए की जाएगी. संस्थान के प्राचार्य,अधीक्षक, सिविल सर्जन द्वारा क्रय किए गए मशीन उपकरण, उपस्कर, आदि के संचालन, सुख्क्षा एवं रख-रखाद की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.

### इन हॉस्पिटलों में लगेगी सिटी स्टैन और एमआरआई मशीन

एमजीएम हॉस्पीटल जमशेदपुर
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद
शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग
फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका
मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय
सदर हॉस्पीटल रांची

# झारखंड में ठंड और कोहरे ने दी दस्तकः 5 नवंबर तक प्रदेश में छाए रहेंगे बादल, वज्रपात की भी आशंका

रांची. दीपावली के अगले दिन कुहासे के साथ दिन की शुरुआत हुई। रांची में भी अहले सुबह कुहासा देखने को मिला। ऐसी ही स्थिति राज्य के दूसरे जिलों में भी देखने को मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि अब धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगी। छठ पर्व के दौरान अच्छी खासी ठंड लोगों को महसूस होगी। दिन में धूप और सुबह-शाम ठंड से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ सकता है। मौसम विभाग की जारी रिपोर्ट के मुताबिक एक नवंबर के बाद झारखंड में मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है। हालांकि, तीन से पांच नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम में विशेष बदलाव रांची जिले के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में देखने को मिल सकता है। इन इलाकों में वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### 21.18 डिग्री सेल्सियस हुआ न्यूनतम तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में आज न्यूनतम तापमान 21.18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 26.97 सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

# 2025 में सरकारी कर्मियों को मिलेगी 38 दिन की छुट्टी

रांचीः झारखंड सरकार के कर्मियों को 2025 में 38 दिन की छुट्टी मिलेगी. इस साल दो फरवरी को रविवार होने के कारण बसंत पंचमी के लिए अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है. वार्षिक बैंक बंदी एक अप्रैल (मंगलवार) को होगी. गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), रामनवमी(छह अप्रैल) और मोहर्रम(छह जुलाई) इस साल रविवार को पड़ रहा है. इस कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है.

### एनआइए एक्ट के तहत 22 दिन की छुट्टी

एनआइए एक्ट के तहत 22 दिन की छुट्टी घोषित की गई है. जिसमें महाशिवरात्रि (26 फरवरी), होलिका दहन(13 मार्च), होली(14 मार्च), ईद-उल फितर(31 मार्च), सरहुल(एक अप्रैल), महावीर जयंती (10 अप्रैल), अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल), गुड फ्राइडे(18 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा(12 मई), बरकरीद(सात जून), स्वतंत्रता दिवस(15 अगस्त), जन्माष्टमी(16 अगस्त), करमा पूजा (तीन सितंबर),मिलाद उन नबी(पांच सितंबर), महाअष्टमी(30 सितंबर), महानवमी(एक अक्तूबर), महात्मा गांधी जयंती और विजयादशमी (दो अक्तूबर), दीपावली(20 अक्तूबर), छठ(27 और 28 अक्तूबर), गुरुनानक जयंता(पांच नवंबर) और क्रिसमस(25 दिसंबर) की छुट्टी है.

### कार्यपालक आदेश के तहत हैं 16 अवकाश

राज्य सरकार ने कार्यपालक आदेश के तहत 16 अवकाश घोषित किया है. इसमें मकर संक्रांति(14 जनवरी),सुभाषचंद्र बोस जयंती (23 जनवरी), संत रविदास जयंती(12 फरवरी), सरहुल (दो अप्रैल), मजदूर दिवस(एक मई), रथ यात्रा(27 जून), हुल दिवस(30 जून), विश्व आदिवासी दिवस और रक्षा बंधन(नौ अगस्त), गणेश चतुर्थी( 27 अगस्त), विश्वकर्मा पूजा(17 सितंबर), शारदीय कलश स्थापन(22 सितंबर), महासप्तमी(29 सितंबर), गोवर्द्धन पूजा(22 अक्तूबर), भैया दूज व चित्रगुप्त पूजा(23 अक्तूबर), राज्य स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती( 15 नवंबर) की छुट्टी है.

### 2025 के लिए कोर्ट की छुट्टियों का कैलेंडर जारी

झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2025 की छुट्टियों का वार्षिक कलेंडर जारी कर दिया है. इस कलेंडर के मुताबिक, वर्ष 2025 में राज्य के सभी सिविल कोर्ट में लगभग 60 दिनों का अवकाश रहेगा. वहीं हाईकोर्ट में लगभग 45 दिनों से ज्यादा छुट्टियां रहेंगी. नये कैलेंडर में छुट्टियों में थोड़ा बदलाव किया गया है. इस बार एकमुश्त वार्षिक अवकाश की जगह 24 मई से 6 जून तक कुल 12 दिनों की गर्मी छुट्टी का प्रावधान किया गया है. वहीं ईसाई धर्म के पर्व ईस्टर की छुट्टी सिर्फ ईसाई धर्मवावलंबियों के लिए ही मान्य की गयी है. साथ ही जिला न्यायाधीश को यह अधिकार दिया गया है कि चंद्रमा के दृष्टिगोचर होने के मुताबिक वह मुस्लिमों के त्योहारों की तिथि में बदलाव कर सकते हैं.

## पटना में कोलकाता की लड़की से गैंगरेप:प्रेमी और उसके दोस्त पर आरोप, मिलने के लिए बुलाया था

पटना. पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने प्रेमी और उसके दोस्त पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर प्रेमी के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 27 अक्टूबर देर रात की है। जानकारी के मुताबिक लड़की आरा की रहने वाली है, लेकिन पूरा परिवार लंबे समय से कोलकाता में रह रहा है। पीड़िता ने बताया कि जॉब के लिए मुंबई में रहती हूं। प्रेमी दीपक के बुलाने पर पटना आई थी। रहने का इंतजाम उसने अपने दोस्त श्रवण कुमार के साथ मिलकर किया था। 20 अक्टूबर से ही पटना में थी। 21 अक्टूबर से आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर किया। जिसके बाद उसके दोस्त से संपर्क किया। उसने 27 अक्टूबर को अपने हॉस्टल पर बुलाया। जहां पहुंचने के बाद धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। जिसके बाद मैं बेहोश हो गई। पीड़िता ने आगे कहा कि सुबह नींद खुली तो दीपक मेरे पास ही सोया हुआ दिखा। उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। रात में मेरे साथ गलत हुआ था। हिम्मत जुटाकर स्थानीय थाने में FIR दर्ज कराई। पुलिस ने श्रवण कुमार को उसके हॉस्टल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। FIR के बाद पीड़िता ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज करा दिया है। पुलिस उस बयान के आधार पर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

पूर्णिया. पूर्णिया के सुदीन चौक टीओपी इलाके में 36 साल के युवक का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। घर के सभी सदस्य दीपावली को लेकर गांव पर गए थे। परिजनों ने पड़ोसियों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है। घर वालों का कहना है कि पहले उसके साथ मारपीट की गई, इसके बाद हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया गया, ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना की सूचना पर सुदीन चौक टीओपी प्रभारी रंजीत कुमार भारती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान सुदीन चौक टीओपी क्षेत्र के शिव नगर, लाइन बस्ती, वार्ड-24 निवासी मनोज राय के बेटे मुकेश राय 36 के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि हमलोग दिवाली को लेकर गांव गए थे। आज सुबह सभी घर लौटे। मृतक की पत्नी और मां कमरे की ओर गए तो कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर मुकेश को फंदे से लटकता देखा। पैर बिस्तर से लगे थे। कमरे में डंडा पड़ा था। देखकर ऐसा लगता है कि आसपास के लोगों से उसकी किसी बात पर बहस हुई है। जिसके बाद उन्होंने पहले मुकेश के साथ मारपीट की, इसके बाद उसकी हत्या कर उसके शव को फंदे के सहारे पंखे से लटका दिया ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी मुकेश के साथ आसपास के लोगों ने मारपीट की थी। मोबाइल तक तोड़ दिया था। मगर तब नजर अंदाज किया था। पुलिस को घटना की जानकारी दी। सुदीन चौक टीओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। सुदीन चौक टीओपी प्रभारी रंजीत कुमार भारती ने बताया कि परिजनों की ओर से मामले की जानकारी मिलते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे में युवक का शव पंखे के सहारे लटका हुआ पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जहानाबाद में पेट्रोल पंप से 25 हजार की लूट

जहानाबाद. जहानाबाद के सिहटी गांव में एक पेट्रोल पंप कर्मी को बदमाशों ने मारपीट कर उसके पास मौजूद लगभग 25 हजार रुपए लूट लिए। घटना गुरुवार रात की है, जब चार-पांच अपराधी हथियारों से लैस होकर पेट्रोल पंप पहुंचे और नौलेश कुमार को पकड़कर बगल के खेत में ले गए। जहां उन्होंने नौलेश के साथ मारपीट कर उसके पास रुपयों को लूट लिया। जब नौलेश ने मदद के लिए आवाज लगाई, तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। नौलेश ने बताया कि कुछ बदमाशों की वह पहचान रहा है और वे भरथुआ गांव के निवासी हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं घटना का अब सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अपराधियों को नौलेश के साथ मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाए हैं और मामले को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया है।

## मुजफ्फरपुर में मालगाड़ी की 3 बोगियां पटरी से उतरी

मुजफ्फरपुर. स्टेशन के पास गुमटी नंबर-98 की है। नारायणपुर स्थित डिपो से पेट्रोल अनलोड करने के बाद गाड़ी को यार्ड में प्लेसमेंट के लिए बाहर निकाला जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। जिसके बाद वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के अप एंड डाउन की सभी गाड़ियों को मुजफ्फरपुर के पहले वाले स्टेशनों पर रोका गया। सोनपुर DRM विवेक भूषण सूद ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। रेलवे की इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने बेपटरी बोगियों को पटरी पर लाया। ताकि अपलाइन से गुजरने वाली जो भी गाड़ियां है उसे तत्काल निकल जा सके। मालूम हो कि 1 महीने पहले ठीक इसी जगह रेल हादसा हुआ था। मालगाड़ी की 6 बोगियां पटरी से उतर गई थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहुंची थी।

## चारा लाने गई महिला को सांप ने डंसा, मौत

कैमूर. कैमूर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव में मवेशियों के लिए खेत से चारा काटने गई एक 65 वर्षीय महिला को सांप ने डंस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान रजिया देवी के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सांप काटने के बाद वह बेहोश हो गई थी, जिसे देख आसपास के लोगों ने उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन उन्हें पहले झड़वाने के लिए ले गए, जहां उसकी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे सदर अस्पताल भभुआ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के भतीजे सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उनकी चाची मवेशियों के लिए चारा काटने गई थीं, तभी यह घटना हुई। परिजनों ने अस्पताल में इलाज के बाद उनकी मृत्यु की पुष्टि के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## पिस्टल लिए खड़ा रहा दरोगा, भीड़ ने घेरकर पीटा

मोतिहारी. मोतिहारी में पुलिस टीम पर हमला हुआ है। घटना 2 दिन पहले की है। हमले का वीडियो आज सामने आया है। मामला पहाड़पुर थाना इलाके का है। पुलिस टीम लड़की के अपहरण के आरोपी को अरेस्ट करने गई थी। इधर 2 दिन बाद भी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर पाने की वजह से 3 पुलिस अधिकारियों पर एक्शन हुआ है। आज सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि गांव के लोग सरेआम पुलिस वालों को लाठी-डंडे से पीट रहे हैं। दरोगा पिस्टल लिए खड़ा रहता है और लोग उसका लाठी से उसका सिर फोड़ देते हैं। एक होमगार्ड जवान को गंभीर चोट आई है साथ ही पुलिस की गाड़ी से आरोपी को खींच भी रहे हैं। इस दौरान भीड़ आरोपी को पुलिस से छुड़ाकर ले गई। हालांकि, एक दूसरे वीडियो में गांव की महिलाएं जख्मी पुलिसवालों के सिर पर गमछा बांधती दिख रही हैं।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

बक्सर. बक्सर-आरा हाइवे पर गरहाथा गांव के पास साइकिल सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे इसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ब्रह्मपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि साइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए निकला था। पुलिस ने टक्कर मारने वाली वाहन की पहचान करने का प्रयास किया है। ग्रामीणों ने मजदूर के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

# दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में 18 घर जले:बेगूसराय में आग बुझने से पहले दमकल का पानी खत्म; भोजपुर में पटाखा जलाने में 60 लोग झुलसे

पटना. दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में एक साथ 18 घर जल गए। राहत की बात ये रही कि किसी तरह से के जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लाखों की संपत्ति खाक हो गई। वहीं औरंगाबाद में पटाखा जलाने के दौरान 10 लोग झुलस गए। मोतिहारी में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई तो वहीं बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान जल गई। आग बुझाने से पहले ही दमकल गाड़ी में पानी खत्म हो गया। इधर गया में प्लास्टिक के सामान वाला गोदाम धू-धू कर जल गया।





मुजफ्फरपुर में दिवाली की रात करीब 18 घर जल गए। आग एक घर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी थी। जो देखते-देखते काफी फैल गई। लपटों ने काफी विकराल रूप ले लिया था। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले काफी नुकसान हो चुका था। अनुमान लगाया जा रहा कि करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन देरी से आने की वजह से घर जलकर राख हो गए। लोगों ने किसी तरह से अपने मवेशियों को बचाया। घटना कटरा थाने क्षेत्र के धनौर गांव की है।

### बक्सर में फर्नीचर गोदाम धू-धू कर जला

बक्सर में गुरुवार की रात फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। पटाखे की चिंगारी की वजह से अगलगी की घटना हुई है। दमकल की गाड़ियां आने के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तबतक लाखों रुपए के फर्नीचर जलकर राख हो गए। आग बुझाने के लिए एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। न्यू बक्सर फर्नीचर हाउस के प्रौपराइटर संजय कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश सिंह ने बताया कि फर्नीचर गांव में बने गोदाम में ही रखते हैं। जिसमें कई कंपनियों की कुर्सियां और अन्य फर्नीचर थे। दिवाली की देर रात गांव के बच्चों ने पटाखे चलाए। चिंगारी गोदाम में गिरी, जिससे आग लग गई। लगभग 7 लाख का नुकसान हुआ है।

### गया में थर्मोकोलप्लास्टिक की गोदाम जलकर खाक

गया में थर्मोकोल और प्लास्टिक गोदाम में दिवाली की रात आग लग गई। गोदाम में थर्मोकोल और प्लास्टिक के कप, प्लेट और ग्लास थे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग घबरा गए। लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग आग बुझाने की कोशिश रहे थे, पर स्थिति उनके काबू से बाहर थी। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ, जिसमें 35 से ज्यादा फायर कर्मी जुटे। संजय सिंह के मुताबिक रात 12 बजे तक आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि गोदाम के आसपास फैलने लगी थी। दो घंटे की मेहनत के बाद आग बुझ गई। आशंका जताई जा रही कि पटाखें की चिंगारी से अगलगी हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुफस्सिल मोड़ के पास की है।

### बेगूसराय में पूजा के बाद हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान में आग लगी गई। 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जा रहा कि राम उदय पंडित की वीरपुर-संजात रोड में सदगुरु हार्डवेयर नाम से दुकान है। दुकान में लक्ष्मी-गणेश की पूजा के बाद वे घर चले गए थे। इसी दौरान करीब 11:00 बजे आग लग गई। थोड़ी देर बाद लोगों की नजर पड़ी। बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। डायल-112 को फोन किया गया, लेकिन चार बार के बाद भी कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। लोगों ने प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पानी खत्म हो गया। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के मुजफरा बाजार की है।

### मोतिहारी में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग, लाखों का नुकसान

मोतिहारी के तुरकौलिया बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में देर रात आग लग गई। इस हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 15 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान के मालिक दिनेश कुमार ने बताया कि आग लगने से कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

### मधेपुरा में पटाखे की चिंगारी से बिस्कुट की होलसेल दुकान खाक

मधेपुरा शहर के भिरखी में दीपावली की रात बिस्कुट और कुरकुरे की थोक दुकान में आग लगने से सारा समान जलकर राख हो गया। दुर्घटना रेलवे ढाला के दक्षिण सत्संग मंदिर के पास हुई। दुकानदार सुनील साह ने बताया कि दिवाली की रात अचानक पटाखे से दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते सारा समान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोग और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में लगभग पांच लाख रुपए के समान का नुकसान हुआ है। दुकान में बिस्कुट और अन्य किराना समान था। समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंचती तो और ज्यादा नुकसान हो जाता।

### भोजपुर में पटाखे से 60 लोग झुलसे

भोजपुर में दिवाली रात नकली पटाखों से अलग-अलग घटना में करीब 60 लोग झुलस गए। ज्यादातर लोग अनार के ब्लास्ट होने से झुलसेहैं। घायलों में बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, करीब 28 लोग ऐसे हैं जो निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। सदर अस्पताल के डॉ. आशुतोष ने बताया कि पटाखे से काफी लोग जल गए हैं। जो भी मरीज आए, उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है। जिनकी स्थिति नाजुक है। संबंधित हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

# पानी मांगते-मांगते भैया मर गए, वो पीटते रहे: भोजपुर में भाई बोला- चोरी के आरोप में बांधकर लाठी-डंडे से पीटा; बोल रहे थे-नाखून निकाल दो

आरा(भोजपुर). 'पांच लोगों ने मिलकर मेरे भाई को बुरी तरह पीटा। पोल में बांधकर डंडे से मार रहे थे। हमने छुड़ाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। मेरा भाई बार-बार पानी मांग रहा था, लेकिन किसी ने नहीं दिया। उनमें से एक कह रहा था कि पिलास से नाखून निकाल दो।' ये कहना है भोजपुर के 14 साल के गुंजन का, जिसके बड़े भाई प्रेम (16) की पीटकर हत्या हुई है। दिवाली की रात नाबालिग पर चोरी का आरोप लगा कर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। मामला तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव का है। नाबालिग पर किराना दुकान से कुछ सामान चोरी करने का आरोप था। दुकान के लोगों ने उसे रंगेहाथ पकड़ा था। उसके बाद उसकी पिटाई की गई। शव पर भी चोट के निशान मिले हैं। इधर, भाई की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेम कुमार (16) अजय शर्मा के सीमेंट-छड़ की दुकान पर काम करता था। इसी दुकान के बगल में अजय के रिश्तेदार प्रकाश शर्मा की किराना की दुकान है।



### भाई को जानवरों की तरह पीट रहे थे आरोपी

मृतक के भाई गुंजन ने बताया कि 'दुकान के आसपास मौजूद लोगों ने उसे बताया कि आरोपी जानवरों की तरह उसकी भाई को पीट रहे थे।' गुंजन दो भाई और चार बहन है। मां चमेली देवी की तीन साल पहले कैंसर के कारण मौत हो चुकी है। गुंजन ने बताया कि आरोपियों ने ही पुलिस को फोन कर चोरी का आरोप लगा प्रेम को पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस उसे तरारी पीएचसी ले गई। जहां इलाज के दौरान प्रेम ने देर रात ही दम तोड़ दिया। मृतक के छोटे भाई गुंजन कुमार ने दुकानदार अजय शर्मा, उसके बेटे अभिषेक शर्मा, किराना दुकानदार प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा और छोटू शर्मा पर अपने भाई की हत्या का आरोप लगाया है।

### चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इधर, तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़का गांव निवासी शंख शर्मा के बेटे प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा के बेटे अभिषेक शर्मा और फनी शर्मा के बेटे छोटू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

# दानापुर में बंद घर से 11.50 लाख की चोरी: गोदरेज का लॉक तोड़कर ज्वेलरी और कैश ले उड़े; दीपावाली पर परिवार गया था गांव

पटना. दानापुर के द्वारिकापुरी रोड नंबर 1 में दीपावली की रात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया है। 8 लाख की ज्वेलरी और 3.50 लाख नगद की चोरी हुई है। पीड़ित ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट हई है। पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि नरेंद्र पांडेय के मकान में रेंट पर रहते हैं। दीपावली पर परिवार के साथ 29 अक्टूबर को अपने गांव सकरैचा गया था। शुक्रवार को पड़ोसी ने फोन करके कहा कि आपके घर का दरवाजा खुला हुआ है। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में मौके पर पहुंचा। सभी कमरों का ताला टूटा हुआ था। पूरे घर में सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने गोदरेज का लॉक तोड़कर



3.50 लाख कैश निकाल लिए। इसके अलावा सोने-चांदी जेवरात और कीमती सामान ले उड़े। जिसके बाद मैंने डायल-112 को सूचना दी। जेवरात की कीमत करीब 8 लाख के आसपास है। कुल 11.50 लाख की चोरी हुई है। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि चोरी का मामला सामने आया है। केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# समस्तीपुर में दोस्तों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला: दीपावली पर जुआ खेलने वक्त हुआ था विवाद, सभी आरोपी गांव से फरार

समस्तीपुर. समस्तीपुर में दीपावली की रात जुआ खेलने के दौरान दोस्तों में विवाद हो गया। इसके बाद एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की रात वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहुआ पश्चिम गांव में घटी है। युवक की पहचान गांव के स्वर्गीय किशुन पासवान के बेटे मुरारी पासवान(30) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।



### जुआ खेलने वक्त दोस्तों से हुई लड़ाई

घटना के संबंध में मृतक का दोस्त सोनू कुमार ने बताया कि मुरारी गुरुवार की रात गांव के ही गोलू पासवान और 2 अन्य लड़कों के साथ घर के पास जुआ खेल रहा था। इसी दौरान गोलू से मुरारी का विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसमें मुरारी के गर्दन पर गंभीर चोट लग गई।

वहीं, घटना के बाद सारे दोस्त मौके से फरार हो गए। मारपीट का आवाज सुन परिजन जब घर से बाहर निकले तो उन्होंने मुरारी को गंभीर स्थिति में पाया। परिवार के लोगों ने गुरुवार की रात उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### आरोपी गांव से फरार

सदर DSP-2 विजय महतो ने बताया कि जुआ खेलने के दौरान दोस्तों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद मुरारी के साथ लोगों ने मारपीट की। परिवार के लोग उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिवार के लोगों ने गांव के ही गोलू कुमार और दो अन्य को आरोपी बनाया है।

# पटना में दो फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग: आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने 6 घंटे में पाया काबू



पटना. पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मणपुर कोयरी टोला देवी स्थान के पास गुरुवार की देर रात फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दो फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। बताया जा रहा है कि लगभग आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर 6 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच वहां स्थित दो फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। वहीं लोगों का आशंका है कि दीपावली के मौके पर पटाखे की चिंगारी से आग लगी है।

इस मामले में आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि दो फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगी है। फिलहाल किसी तरह का कोई आवेदन थाना को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के बाद ही फैक्ट्री के नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि दीपावली की रात लगभग 11:00 के आसपास फर्नीचर की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों को मिली। पहले तो लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

# दिवाली पर आतिशबाजी से जहरीली हुई बिहार की हवा:हाजीपुर की हवा सबसे खराब, एक्यूआई 300 के पार; पटना, पूर्णिया, अररिया में भी पॉल्यूशन बढ़ा

पटना. बिहार समेत पूरे देश में दिवाली धूमधाम से मनाई गई। पटाखों की गूंज और रंग-बिरंगी लाइट्स से हर चौक-चौराह जगमगा उठा, लेकिन दिवाली पर हुई आतिशबाजी की वजह से प्रदेश की हवा काफी दूषित हो गई। वायू प्रदूषण का स्तर खतरनाक लेवल पर पहुंच गया है। हाजीपुर में हवा बेहद खतरनाक के लेवल को पार कर गई। यहां का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) लेवल 303 रहा। वहीं अररिया, पूर्णिया, पटना में भी हवा काफी खतरनाक हो गई है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में पटाखे बैन होने के बाद भी आतिशबाजी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो अगले तीन से चार दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। आज अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।



### दोगुना बढ़ा पूर्णिया का प्रदूषण स्तर

दिवाली से एक दिन पहले पूर्णिया का एक्यूआई 150 दर्ज किया गया था। लेकिन दिवाली की रात पूर्णिया का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। वहीं दिवाली की दूसरी सुबह एक्यूआई 253 दर्ज किया गया।

### पटाखों पर बैन के बावजूद हुई आतिशबाजी

पिछले साल भी दीपावली के समय राज्य के कई जिलों में प्रदूषण खराब रहा था। इसमें पटना, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और गया में ज्यादा खराब स्थिति रही थी। इसकी वजह से इन जिलों में इस बार पटाखों के जलाने पर प्रतिबंध भी लगाया था। अन्य जिलों में भी सिर्फ ग्रीन पटाखे जलाने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिला।

# बेगूसराय में जहरीली शराब पीने से एक की मौत:10 से अधिक घरों में बनाया जाता है देसी शराब

बेगूसराय. बेगूसराय में 1 नवंबर(शुक्रवार) को जहरीली शराब पीने से युवक की मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जिनेदपुर गांव की है। मृतक की पहचान जिनेदपुर वार्ड नंबर-1 निवासी जिलेबी साह के बेटे रामजीवन साह(35) के रूप में की गई है। 1.30 बजे के करीब रामजीवन ने शराब पी थी। 2 बजे तक उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने देसी शराब बनाने और पिलाने वाले आरोपी के घर में तोड़फोड़ की। आरोपी के घर से देसी शराब भरा डब्बा और बड़े पैमाने पर खाली डब्बे बरामद किए गए हैं। फिलहाल, पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में कोई पुलिस पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रामजीवन साह स्थानीय निवासी चंदन चौधरी और कुंदन चौधरी के मवेशी को खाना खिलाता था। उसके घर का कामकाज करता था। वह शराब पीने का आदी था। लोगों का आरोप है कि चंदन और कुंदन की मां बलिया बाली सहित आसपास के 10 से अधिक घरों में पासी खाना(ताड़ी खाना) बनाया जाता है। देसी शराब भी बनाया जाता है। हर दिन की तरह रामजीवन ने आज भी दोपहर में शराब पिया। इसके बाद उसके दरवाजे पर से निकलते ही गिरकर मौत हो गई। मौत होते ही देसी शराब बनाने वाले सभी चौधरी परिवार के लोग मौके से फरार हो गए। वहीं, आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर तोड़फोड़ भी किया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष फैजल अहमद, अंसारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना के संबंध में स्थानीय सरपंच अरुण सिंह और मुखिया प्रतिनिधि सुबोध सिंह ने बताया कि यहां धड़ल्ले से शराब बनाया जा रहा है। बनाए गए जहरीली शराब के पीने से रामजीवन शाह की मौत हुई है।

# जम्मू-कश्मीर यूटी के स्थापना दिवस का एनसी-कांग्रेस ने बहिष्कार किया: एलजी बोले- इन्होंने संविधान की शपथ ली, अब बहिष्कार कर रहे

**कश्मीर:** जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरेटरी के 5वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को श्रीनगर में ऑफिशियल इवेंट आयोजित किया गया था, जिसमें सत्ताधारी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के विधायकों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस और एनसी ने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को यूनियन टैरेटरी नहीं मानते हैं। जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द स्टेटहुड मिलना चाहिए। इसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा दोनों पार्टियों का दोहरा चरित्र बताया है। एलजी ने कहा कि कांग्रेस और एनसी के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर यूटी के विधायकों के रूप में संविधान की शपथ ली है। फिर वे ऑफिशियल इवेंट का बहिष्कार कैसे कर सकते हैं। एक तरफ वे शपथ लेकर विधायक बने, दूसरी तरफ आधिकारिक कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं। यह इनका दोहरा चरित्र दर्शाता है। दरअसल, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35A हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था।



## स्थापना दिवस के बहिष्कार पर 3 नेताओं के बयान

**सीएम उमर अब्दुल्ला:** जम्मू-कश्मीर लंबे समय तक केंद्र शासित प्रदेश नहीं रहेगा। हम अपना राज्य का दर्जा वापस लेंगे। हम बिजली,सड़क, पानी और रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। अगर हमारी पहचान कुछ नहीं है, तो इन विकास कार्यों का कोई मतलब नहीं है।

**पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती:** यह स्थापना दिवस नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लिए काला दिवस है। यह विकास का नहीं, बल्कि अधिकारों से दूर रखने की निशानी है। यह तब तक काला दिवस ही रहेगा जब तक राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तारीक कर्रा:** जम्मू-कश्मीर में कोई भी संवेदनशील व्यक्ति, जो केंद्र शासित प्रदेश और राज्य के बीच का अंतर समझता है, वह कभी भी इस दिन को नहीं मनाएगा। कांग्रेस ने कभी भी अपने दिल में जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में मान्यता नहीं दी और हम राज्य के दर्जे के लिए संघर्ष करते रहेंगे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल को भेजा गया था। एलजी मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की कानूनी प्रक्रिया... 2 पॉइंट

- जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे।
- राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

## पूर्ण राज्य के दर्जे के बाद

## जम्मू-कश्मीर में क्या-क्या बदलेगा?

- पुलिस और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार के पास आ जाएगी। सरकार का पुलिस पर सीधा नियंत्रण होगा।
- भूमि, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर कानून बनाने का अधिकार भी राज्य सरकार को मिल जाएगा।
- सरकार चलाने में तब राज्यपाल का दखल नहीं होगा।
- वित्तीय मदद के लिए केंद्र पर निर्भरता खत्म होगी। वित्त आयोग से वित्तीय सहायता मिलेगी।
- राज्य की विधानसभा को पब्लिक ऑर्डर यानी सार्वजनिक व्यवस्था और समवर्ती सूची के मामलों में कानून बनाने के अधिकार मिलेंगे।
- सरकार कोई वित्तीय बिल पेश करती है तो इसके लिए उसे राज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।
- एंटी करप्शन ब्यूरो और अखिल भारतीय सेवाओं पर राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण हो जाएगा। यानी राज्य में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग राज्य सरकार के हिसाब से होंगे, उस पर उपराज्यपाल का नियंत्रण नहीं रहेगा।

# दिल्ली में चाचा-भतीजे की हत्या:नाबालिग ने पहले पैर छुए, फिर शूटर से 5 राउंड फायरिंग करवाई; 10 साल का बच्चा घायल

**नई दिल्ली:** दिल्ली के शाहदरा इलाके में दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान 40 साल के शख्स आकाश शर्मा और उनके भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें उनके 10 साल का बेटा भी घायल हुआ, जिसका अस्पताल में



इलाज चल रहा है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसके मुताबिक, एक 16 साल का लड़का स्कूटी से एक शूटर के साथ आकाश के घर पहुंचा। उसने पहले आकाश के पैर छुए फिर दिवाली की बधाई दी। इसके बाद नाबालिग आरोपी के साथ स्कूटी पर आए शख्स ने आकाश पर 5 राउंड फायरिंग की। इस गोलीबारी में आकाश, उनका भतीजा ऋषभ शर्मा (16) और उनका बेटा कृष शर्मा (10) घायल हुआ। अस्पताल में डॉक्टरों ने आकाश और भतीजे ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। कृष का फिलहाल इलाज चल रहा है।गोलीबारी के बाद दोनों आरोपी स्कूटी से भाग गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाबालिग आरोपी ने आकाश को पैसे उधार दिए थे, जिसे आकाश लौटा नहीं रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। आकाश की पत्नी ने कहा कि वह हमलावरों को जानती है। उनके बीच कई सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं, आकाश के भाई योगेश ने दावा किया कि पिछले साल इस नाबालिग आरोपी के घर पर फायरिंग हुई थी, जिसमें हमें फंसाया गया था।

# पंजाबी सिंगर के घर फायरिंग करने वाला कनाडा में गिरफ्तार:कैनेडियन पुलिस बोली- साथी भारत फरार

जालंधर : पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। कनाडा पुलिस का मानना है कि इस मामले में फरार चल रहा दूसरा आरोपी भारत भाग गया है। यह घटना करीब 2 महीने पहले 2 सितंबर को हुई थी। तब से कनाडा पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान विन्निपेग के 25 वर्षीय अबजीत किंगरा के रूप में हुई है। आरोपी अभिजीत किंगरा को ओंटारियो से गिरफ्तार किया गया है। उसे शुक्रवार को ओंटारियो की अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि दूसरे संदिग्ध का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। दूसरे आरोपी की पहचान 23 वर्षीय विक्रम शर्मा के रूप में की गई है, जो विन्निपेग में रहता था लेकिन पुलिस को अब लगता है कि वह भारत में है। एपी ढिल्लों का घर वैंकूवर इलाके में है। उनके घर पर फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो के मुताबिक, एक शूटर ने गेट के बाहर से 11 गोलियां चलाईं। उसने काले कपड़े पहने हुए थे। लॉरेंस गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली। गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया।

# तमिलनाडु के त्रिची जिले में रॉकेट लॉचर मिलने से हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

त्रिची (ईएमएस)। तमिलनाडु के त्रिची जिले में कावेरी नदी के किनारे स्थित अंडानल्लूर मंदिर के पास पुलिस को एक रॉकेट लांचर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना तब सामने आई जब मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने बताया किया कि उन्होंने एक असामान्य वस्तु देखी है, जो बाद में रॉकेट लॉचर निकली। सूचना के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और वहां एक नीले और काले रंग की वस्तु देखी, इस रॉकेट लॉन्चर बताया गया। पुलिस ने बम निरोधी दस्ते को भी मौके पर बुलाया और सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर के आसपास की स्थिति को संभालने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि रॉकेट लॉन्चर को भारतीय सेना की 117 इन्फेंट्री बटालियन को सौंपा गया है, और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि रॉकेट लॉन्चर किस स्थान से आया, इसकी जांच की जा रही है और सभी संभावित कोणों से मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस संदर्भ में आती है जब केंद्रीय एजेंसियों ने चेतावनी दी थी कि लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तामिल ईलम) तमिलनाडु में फिर से अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

# झूठा निकला रेप केस, दो लड़कियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आगरा (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में आगरा पुलिस ने एक लड़के के साथ यौन संबंध बनाने के बाद लड़के को ब्लैकमेल कर उगाही करने की कोशिश और लड़के को दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने के आरोप में दो लड़कियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह मामला एत्माद्दौला थाना क्षेत्र का है जहां एक लड़की ने एक व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाए और फिर व्यक्ति से कथित रूप से 15 लाख रुपये की मांग की और पैसा नहीं देने पर रेप के झूठे मामले में फंसा दिया। पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पहले थाने में एक लड़की पहुंची थी। लड़की ने आरोप लगाया कि अजय तोमर नामक युवक ने मुझे बेहोश करके मेरे साथ दुष्कर्म किया। लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने तोमर के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद तोमर के परिजन पुलिस से मिले और कुछ कॉल रिकार्डिंग देकर दावा किया कि उनके बेटे को फंसाया गया है तथा लड़की ने पहले 15 लाख रुपये की मांग की थी और अब पांच लाख रुपये की मांग की जा रही है।

# दीपावली की खुशी के बीच बीजेपी को झटका, ब्रह्म सिंह तंवर ने ली आप की सदस्यता

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पूर्व नेता ब्रह्म सिंह तंवर ने दीपावली की खुशी के बीच बीजेपी को झटका दिया और आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया है। उन्होंने पार्टी की सदस्यता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में ग्रहण की। तंवर ने कहा कि उन्होंने बीजेपी से संबंध तोड़ने और आप के साथ काम करने का मन बना लिया है। ब्रह्म सिंह तंवर तीन बार विधायक और तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1993 और 1998 में महरौली से और 2013 में छतरपुर से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। तंवर की पहचान एक गुर्जर नेता के रूप में है और उनकी आप में शामिल होने के बाद, छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से उन्हें पार्टी का टिकट मिलने की संभावना है, खासकर जब छतरपुर से वर्तमान आप विधायक करतार सिंह तंवर ने बीजेपी में शामिल हो गए हैं। ब्रह्म सिंह तंवर ने कहा कि मैंने पूरा मन बनाकर बीजेपी के साथ संबंध तोड़कर आप के साथ काम करने का फैसला लिया है। अरविंद केजरीवाल के उत्साह और विकास को देखकर मैंने उनके साथ जुड़ने का फैसला किया है।

# राहुल 6 से महाराष्ट्र में इलेक्शन कैंपेन शुरू करेंगे:मुंबई में विपक्ष कॉमन गारंटी जारी करेगा, शरद पवार और उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे

**मुंबई:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 6 नवंबर से महाराष्ट्र में विपक्षी खेमे के चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। इस दिन वे मुंबई में महा विकास अघाड़ी की एक संयुक्त रैली में शामिल होंगे। रैली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया कि तीनों नेता कॉमन गारंटी भी जारी करेंगे। वहीं बारामती में मीडिया से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि 6 नवंबर को मुंबई से विपक्ष का चुनाव अभियान शुरू होगा। एमवीए लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी जारी करेगा।



## पवार बोले- 10-12 सीटों पर विपक्ष के बीच फ्रेंडली फाइट

पवार ने राज्य की कुछ सीटों पर विपक्ष के नेताओं के फ्रेंडली फाइट होने पर कहा-केवल 10-12 सीटें ऐसी हैं, जहां एमवीए के दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम अगले कुछ दिनों में समाधान ढूंढ लेंगे और मुद्दे को सुलझा लेंगे।

## संजय राउत बोले- राज ठाकरे बेटे के भविष्य के लिए पीएम की प्रशंसा कर रहे

शिवसेना (यूबीटी) के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा। राउत ने कहा- राज ठाकरे अपने बेटे अमित ठाकरे के पॉलिटिकल करियर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की प्रशंसा कर रहे हैं।

राउत ने कहा कि ठाकरे कभी प्रधानमंत्री मोदी और शाह को महाराष्ट्र में आने से रोकने की बात करते थे। आज अचानक ऐसा क्या हुआ कि वे उनकी तारीफ कर रहे हैं। हम समझ सकते हैं कि उनके बेटे माहिम से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अपने बेटे के भविष्य की चिंता सता रही है।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस सबसे ज्यादा 103 सीटों पर मैदान में

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीटों के बंटवारे का मामला अभी भी साफ नहीं हुआ है। हालांकि कांग्रेस फिलहाल सबसे ज्यादा 103 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसके बाद शिवसेना (यूबीटी) 89 और एनसीपी को 87 सीटें दी गई हैं। 6 सीटें अन्य छोटी पार्टियों को और तीन पर कुछ भी तय नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें भाजपा को 9, शिवसेना को 7 और एनसीP को सिर्फ 1 सीट मिली थी। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 जबकि 2014 में 42 सीटें मिली थीं। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भी अगर लोकसभा चुनाव जैसा ट्रेंड रहा तो भाजपा को नुकसान होगा। भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमटकर रह जाएगी। वहीं, विपक्षी गठबंधन के सर्वे में एमवीए को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है।

# भारत-चीन बॉर्डर पर सेना ने पेट्रोलिंग शुरू की:किरेन रिजिजू चीनी सैनिकों से मिले

**पूर्वी लद्दाख:** पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय सेना ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। अभी डेमचोक पर निगरानी की जा रही है। देपसांग पर जल्द पेट्रोलिंग शुरू हो जाएगी। दोनों देशों की सेनाओं के बीच इन दोनों इलाकों से पीछे हटने पर सहमति बनी थी। डिएस्केलेशन की प्रक्रिया 30 अक्टूबर को पूरी हो गई थी। कल दिवाली के मौके पर पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स, काराकोरम पास, दौलत बेग ओल्डी, कोंग्कला और चुशुल-मोल्डो से लगे लाइन ऑफ कंट्रोल पर दोनों देशों के अफसरों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और दीपावली की बधाई दी थी। संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के बुमला पास पर चीनी सैनिकों से बात की। रिजिजू ने सोशल मीडिया X पर इसका एक वीडियो भी पोस्ट किया। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

## जानिए भारत-चीन बॉर्डर पर कैसे पीछे हटीं सेनाएं

भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद एक समझौता हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। 18 अक्टूबर: देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 21 अक्टूबर: 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

# भारत में 4 और फ्लैगशिप स्टोर खोलेगा एपल: अभी मुंबई-दिल्ली में 1-1 स्टोर, एपल ने भारत में रेवेन्यू का रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई:** एपल आने वाले महीनों में भारत में चार और फ्लैगशिप स्टोर खोलेगा। अभी मुंबई और दिल्ली में एपल का एक-एक स्टोर है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने तिमाही नतीजों के दौरान इसकी घोषणा की। आईफोन की बढ़ी सेल्स के कारण कंपनी ने ये फैसला लिया है। टिम कुक ने कहा- आईफोन की बिक्री हर क्षेत्र में बढ़ी है, जिसने विश्व स्तर पर नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। भारत में भी रिकॉर्ड हाई रेवेन्यू दर्ज किया गया है। कुक ने बताया कि एपल ने सितंबर तिमाही में ग्लोबली 94.9 बिलियन डॉलर रेवेन्यू दर्ज किया, जो पिछले साल से 6% ज्यादा है। अकेले आईफोन रेवेन्यू में 6% की बढ़ोतरी हुई है।

## भारत में एपल के अभी 2 स्टोर

एपल ने 18 अप्रैल 2023 को मुंबई में 'एपल बीकेसी' और 20 अप्रैल को दिल्ली में 'एपल साकेत' स्टोर ओपन किया था। एपल के सीईओ टिम कुक ने इन दोनों स्टोर्स की ओपनिंग की थी।



## आईपैड के रेवेन्यू में 8% की बढ़ोतरी

चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर लुका मेस्त्री ने कहा कि आईफोन के अलावा, कंपनी के आईपैड ने भी भारत में रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया है। वैश्विक स्तर पर इसमें साल-दर-साल 8% की बढ़ोतरी हुई है। लुका ने कहा- विकसित बाजारों में बढ़ोतरी के अलावा, हमने मेक्सिको, ब्राजील, मध्य पूर्व, भारत और दक्षिण एशिया में डबल डिजिट ग्रोथ के साथ कई उभरते बाजारों में मजबूत प्रदर्शन देखा।

## एपल ने तेजी से छोटे शहरों में विस्तार किया

सीनियर रिसर्च एनेलिस्ट प्राचीर सिंह ने कहा, एपल ने तेजी से छोटे शहरों में विस्तार किया है। उपभोक्ता तेजी से प्रीमियम स्मार्टफोन में निवेश कर रहे हैं। एपल ने अपनी एस्पिरेशनल इमेज के कारण प्रीमियम बायर्स के लिए टॉप चॉइस बना हुआ है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एपल के पास अब वैल्यू के हिसाब से भारत के स्मार्टफोन बाजार का 22% हिस्सा है, जो सैमसंग के बाद दूसरे स्थान पर है।

त्योहारी सीजन से पहले iPhone 16 के लॉन्च ने एपल की पोजीशन को बूस्ट किया है। बीते दिनों ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि एपल ने अप्रैल से सितंबर के बीच छह महीनों में भारत से 6 बिलियन डॉलर (करीब 50,454 करोड़ रुपए) के 'मेड इन इंडिया' आइफोन का एक्सपोर्ट किया है। यह पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले एक तिहाई (33%) ज्यादा है। मौजूदा वित्त वर्ष (2024-25) के पूरा होने तक एक्सपोर्ट का आंकड़ा 10 बिलियन डॉलर (करीब 84,086 करोड़ रुपए) तक पहुंच सकता है।

# दिवाली की रात दिल्ली का एक्यूआई 400 पार:देश के सबसे प्रदूषित 10 शहरों में 9 यूपी के

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। यहां टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) देर रात 400 के पार चला गया। 1 नवबंर को सुबह करीब 6 बजे दिल्ली एक्यूआई 391 दर्ज किया गया। देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो इनमें 9 उत्तर प्रदेश के हैं। यूपी के संभल में एक्यूआई सबसे ज्यादा 388 दर्ज किया गया। दिल्ली में दीपावली के दिन शाम 5 बजे रियल टाइम एक्यूआई 186 रिकॉर्ड किया गया था। यानी 10-12 घंटों में ही हवा सामान्य से बेहद खराब कैटेगिरी में चली गई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन किया था। पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर रोक है। इनकी ऑनलाइन डिलीवरी पर भी रोक लगाई गई थी, फिर भी आतिशबाजी हुई। दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 पार होने के बाद 14 अक्टूबर को दिल्ली एनसीR में ग्रैप-1 लागू कर दिया गया था। इसके तहत होटलों और रेस्तरां में कोयला और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर बैन है। कमीशन ऑफ एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने एजेंसियों को पुराने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों (बीएस -III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी के आदेश दिए हैं।

# शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने शाइना एनसी को 'माल' कहा:बोले- चुनाव में इम्पोर्टेड माल नहीं चलता

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने शिवसेना (शिंदे गुट) की नेता और मुंबादेवी से पार्टी प्रत्याशी शाइना एनसी पर अभद्र टिप्पणी की है। सावंत ने शाइना को 'इंपोर्टेड माल' कहा। सावंत से शुक्रवार को शाइना एनसी के चुनाव लड़ने पर सवाल किया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने कहा- हमारे यहां चुनाव में इम्पोर्टेड माल नहीं चलता। ओरिजिनल माल चलता है। इसके जवाब में शाइना ने X पर पोस्ट करते हुए कहा- मैं महिला हूं, माल नहीं। इसके बाद शाइना ने मुंबई के नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने शाइना एनसी को मुंबादेवी सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार और सिटिंग विधायक अमीन पटेल से होगा। शाइना एनसी पेशे से फैशन डिजाइनर हैं। वे मुंबई के ग्लैमर वर्ल्ड की चर्चित हस्ती हैं। शिवसेना से टिकट घोषित होने के बाद शाइना ने बीजेपी छोड़ दी थी। वे भाजपा की प्रवक्ता भी थीं। सावंत के विवादित बयान पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- सावंत के बयान को देख-सुनकर मैं दुखी हूं। किसी राजनीतिक महिला के लिए इस तरह की टिप्पणी बहुत पीड़ादायक है। यह निंदनीय है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं। महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर अनबन और बाद में सहमति बनने पर अरविंद सावंत ने कहा- इतनी बड़ी पार्टियां एक साथ आ गई हैं, यही बड़ी बात है। छोटा-मोटा मनमुटाव चलता रहता है। आप लोग बात का बतंगड़ बना देते हैं।

# ओपनएआई का नया सर्च इंजन चैटजीपीटी सर्च लॉन्च:गूगल को टक्कर देगा नया फीचर, सटीक जानकारी ढूंढना आसान होगा

**नई दिल्ली:** गूगल को टक्कर देने के लिए ओपनएआई (ओपनएआई ) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल चैटजीपीटी में नया सर्च फीचर जोड़ा है। चैटजीपीटी सर्च नाम का यह नया फीचर जीपीटी-4 पर बेस्ड है, जिसे सर्चजीपीटी जैसे कई प्रोटोटाइप के बाद पेश किया गया है। सर्च को मैन्युअल रूप से चैटबोट पर इस्तेमाल किया जा सकता है, साथ ही इसे वेब सर्च आइकन से शुरू किया जा सकता है। इसमें न्यूज और ब्लॉग के लिंक शामिल हैं। इसके अलावा 'सोर्स' बटन से रिफ्रेंसेस की पूरी लिस्ट मिलती है, जिससे इन्फॉर्मेशन वेरफाई करने में मदद मिलेगी। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी पोस्ट में कहा, यूजर्स को बेहतर सर्च रिजल्ट के लिए क्रोम एक्सटेंशन को इंस्टॉल करके चैटजीपीटी प्लस का उपयोग करना चाहिए। यूजर्स आसानी से अपने डेस्कटॉप पर चैटजीपीटी प्लस का क्रोम एक्सटेंशन इंस्टॉल कर सकते हैं।

## सटीक जानकारी ढूंढ़ना आसान होगा

टेक कंपनी का दावा है कि इससे सटीक जानकारी ढूढ़ना आसान हो जाएगा। ओपनएआई ने चैटजीपीटी सर्च में मौसम, स्टॉक, खेल, समाचार और मैप के लिए नए विजुअल डिजाइन जोड़े हैं। जैसे न्यूयॉर्क के मौसम पर सर्च करने पर सप्ताहभर का मौसम इंटरैक्टिव रूप में दिखता है। ओपनएआई, बिंग जैसे थर्ड-पार्टी सर्विस प्रोवाइडर के साथ कई तरह की सर्च क्वेरी शेयर करता है, जिससे यह सही जवाब दे सके। सटीकता बढ़ाने के लिए यूजर्स के IP एड्रेस भी शेयर किए जाते हैं। ये चैटजीपीटी के सर्च एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाते हैं।




## अभी चैटजीपीटी प्लस और टीम यूजर्स के लिए अवेलेबल

चैटजीपीटी सर्च को सबसे पहले चैटजीपीटी प्लस और टीम यूजर्स इस्तेमाल कर सकेंगे। आने वाले हफ्तों में एंटरप्राइज, Edu यूजर्स को इसका एक्सेस मिल जाएगा। इसके बाद कुछ महीनों में फ्री यूजर्स भी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। चैटजीपटी सर्च वेबसाइट, मोबाइल और डेस्कटॉप ऐप पर अवेलेबल है। ओपनएआई भविष्य में वॉयस मोड और लॉग-आउट यूजर्स के लिए भी इसे लाने की योजना बना रही है, जिसका उद्देश्य शॉपिंग और यात्रा जैसे क्षेत्रों में खोज अनुभव को o-1 रीजनिंग मॉडल से बेहतर बनाना है।

## 2022 में चैटजीपीटी को पब्लिकली अनवील किया था

ओपनएआई ने नवंबर 2022 में दुनिया के लिए चैटजीपीटी अनवील किया था। इस एआई टूल ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। म्यूजिक और पोएट्री लिखने से लेकर निबंध लिखने तक, चैटजीपीटी बहुत सारे काम कर सकता है। यह एक कन्वर्सेशनल एआई है। एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो आपको इंसानों की तरह जवाब देता है। ओपनएआई में माइक्रोसॉफ्ट जैसी बिग टेक कंपनी ने 13 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश कर रखा है। कंपनी ने अपने सर्च इंजन 'बिंग' में भी चैटजीपीटी को इंटीग्रेट किया है। कई कंपनियां भी चैटजीपीटी का इस्तेमाल करने के लिए आतुर हैं। ऐसे में एआई बेस्ड इस चैटबॉट का इस्तेमाल आने वाले दिनों में कहीं ज्यादा फैलने की उम्मीद है। आलोचकों का कहना है कि एआई का बढ़ता इस्तेमाल लोगों के लिए मुश्किलें पैदा करेगा। नौकरियां खत्म होंगी, लोगों की इस पर निर्भरता बढ़ती जाएगी और शायद एक दिन ऐसा भी आए कि इंसान सोचने का काम पूरी तरह एआई पर छोड़ दे। सैम ऑल्टमैन इस खतरे को नकारते नहीं हैं। हालांकि, वो कहते हैं कि इंसानी दिमाग की जरूरत ही न पड़े ऐसी दुनिया की कल्पना मुश्किल है। दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल चैटजीपीटी अब इंसानों की तरह इमोशन के साथ बात कर सकेगा। चैटजीपीटी का नया वर्जन जीपीटी-4ओ रैपिड फायर मोड में नैचुरल आवाज में बातचीत करने में सक्षम है।

# गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा...

**वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।**



**गोवर्धन** पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक



के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है।

इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैः
**कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।**

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्घन पूजा की जाने लगी। इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

# गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्री कृष्ण के लिए तैयार होते हैं 56 प्रकार के भोग!

दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्री कृष्ण के लिए 56 प्रकार के भोग तैयार किए जाते हैं, क्योंकि 7 दिन तक भगवान श्रीकृष्ण ने पर्वत अपनी उंगली पर उठाये रखा था और वह कुछ भी खा नहीं पाए थे।इसी लिए उनके भोजन के रूप में अन्नकूट की परंपरा शुरू हुई। माना जाता है , मां यशोदा श्री कृष्ण को एक दिन में आठ पहर भोजन कराती थीं।इसी कारण जब सातवें दिन के अंत में भगवान श्रीकृष्ण ने पर्वत धरा पर रखा तो गांव वालों ने उन्हें हर दिन के आठ पहर के हिसाब से 56 व्यंजन बना कर खिलाये थे। उसी दिन से अन्नकूट की परम्परा शुरु हुई और इस दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बना कर श्री कृष्ण और गोवर्धन पूजा की जाने लगी।एक लोककथा के मुताबिक पुलस्त्य ऋषि द्वारा गोवर्धन पर्वत को एक श्राप मिला हुआ है, जिसके कारण गोवर्धन पर्वत का आकार प्रतिदिन कम होता जा रहा हैं।प्राचीन समय में तीर्थयात्रा करते हुए पुलस्त्य ऋषि गोवर्धन पर्वत के पास पहुंचे, तो पर्वत की सुंदरता देखकर वे मंत्रमुग्ध हो गए, उन्होंने द्रोणाचल पर्वत से निवेदन किया कि आप अपने पुत्र गोवर्धन को मुझे दे दीजिए, मैं उसे काशी में स्थापित कर वहीं रहकर पूजन करुंगा। द्रोणाचल यह सुनकर दुखी हो गए लेकिन गोवर्धन पर्वत ने ऋषि से कहा कि मैं आपके साथ चलने को तैयार हूं लेकिन मेरी एक शर्त है। आप मुझे जहां रख देंगे मैं वहीं स्थापित हो जाऊंगा।

पुलस्त्य ने गोवर्धन की यह बात मान ली। फिर गोवर्धन ने ऋषि से कहा कि मैं दो योजन ऊंचा और पांच योजन चौड़ा हूं। आप मुझे काशी कैसे ले जाएंगे? तब पुलस्त्य ऋषि ने कहा कि मैं अपने तपोबल से तुम्हें अपनी हथेली पर उठाकर ले जाऊंगा। तब गोवर्धन पर्वत ऋषि के साथ चलने के लिए सहमत हो गए।



रास्ते में ब्रज आया, उसे देखकर गोवर्धन सोचने लगे कि भगवान श्रीकृष्ण-राधा जी के साथ यहां आकर बाल्यकाल और किशोर काल की बहुत सी लीलाएं करेंगे। तब उनके मन में यह विचार आया कि वह यहीं रूक जाएं। यह सोचकर गोवर्धन पर्वत पुलस्त्य ऋषि के हाथों में और अधिक भारी हो गया। जिससे ऋषि को विश्राम करने की आवश्यकता महसूस हुई।ऋषि गोवर्धन पर्वत को ब्रज में रखकर विश्राम करने लगे। ऋषि ये बात भूल गए थे कि उन्हें गोवर्धन पर्वत को कहीं रखना नहीं था, कुछ देर बाद ऋषि पर्वत को फिर से उठाने लगे लेकिन गोवर्धन ने कहा कि ऋषिवर अब मैं यहां से कहीं नहीं जा सकता।मैंने आपसे पहले ही कहा था कि आप मुझे जहां रख देंगे, मैं वहीं स्थापित हो जाउंगा। तब पुलस्त्य उसे ले जाने की हठ करने लगे, लेकिन गोवर्धन वहां से नहीं हिले।तब ऋषि ने क्रोधित होकर उसे श्राप दिया कि तुमने मेरे मनोरथ को पूर्ण नहीं होने दिया. इसलिए आज से प्रतिदिन तिल-तिल कर तुम्हारा क्षरण होता जाएगा। फिर एक दिन तुम धरती में समाहित हो जाओगे। तभी से गोवर्धन पर्वत तिल-तिल करके धरती में समा रहा है। ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने ।। प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः।। यह मंत्र है श्री गोवर्धन पूजा का।गोवर्धन पूजा के दिन



सुबह स्नान करने के बाद गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसे फूलों से सजाना चाहिए। गोवर्धन पर्वत के पास ग्वाल- बाल की आकृति बनाकर उसके पास ही भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति रखनी चाहिए। गोवर्धन पूजा के समय भगवान श्रीकृष्ण को धूप ,दीप से आरती करें और उन्हें अन्नकूट का भोग लगाएं। गोवर्धन पूजा को लेकर वृंदावन, मथुरा, बरसाना, गोकुल के लोगों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है।इस पर्व का प्रकृति के साथ सीधा सम्बन्ध है। गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों मे गंगा है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। गौ सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है ।गोवर्धन पूजा पर, भगवान कृष्ण को गेहूं, चावल, बेसन से बनी सब्जी और पत्तेदार सब्जियों का भोग लगाया जाता है। दही, दूध, शहद, चीनी, मेवा और तुलसी से बना पंचामृत भगवान कृष्ण को चढ़ाया जाता है कई प्रकार की सब्जियों से तैयार अन्नकूट सब्जी भी भगवान कृष्ण के लिए बनाई जाती है।

# दिल की बीमारियों से बचाता है केसर

**केसर में मौजूद क्रोकिन नामक वॉटर सॉल्यूबल कैरोटिन होता है, जोकि कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है। एक शोध के मुताबिक केसर का सेवन कैंसर से बचाने में सहायक होता है। इसका सेवन धमनियों और रक्त कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखता है, जोकि दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।**

केसर का इस्तेमाल वैसे तो पकवानों में खुशबू बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा औषधीय गुणों से भरपूर केसर का सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी दूर करता है। विटामिन ए, फोलिक एसिड, पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, सेलेनियम, जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर केसर अवसाद को तो दूर करता ही है साथ ही यह कैंसर और दिल की बीमारियों को भी दूर रखता है।



## कैंसर से बचाव

केसर में मौजूद क्रोकिन नामक वॉटर सॉल्यूबल कैरोटिन होता है, जोकि कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है। एक शोध के मुताबिक केसर का सेवन कैंसर से बचाने में सहायक होता है।

## दिल के लिए फायदेमंद

इसका सेवन धमनियों और रक्त कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखता है, जोकि दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

## अस्थमा से बचाव

बदलते मौसम में अस्थमा की बीमारी से पीड़ित लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रोजाना केसर वाला दूध पीएं से ऐसे रोगियों को आराम मिलता है।

## अवसाद

इसमें मौजूद न्यूरोट्रांसमीटर डोपामाइन, सेरोटोनिन और नॉरपेनेफ्रिन दिमाग को प्रभावित करते है, जिससे आपका मूड़ अच्छा रहता है और अवसाद की परेशानी दूर होती है।

## आंखों की रोशनी होती है तेज

बच्चों से लेकर बड़ों तक, आजकल हर कोई आंखों के कमजोर होने से परेशान है। ऐसे में रोजाना केसर का सेवन आंखों की रोशनी तेज करने में मदद करेगा।

## बायरल बुखार

एक गिलास गर्म दूध में केसर और शहद मिलाकर पीने से वायरल बुखार, सर्दी-खांसी और जुकाम के साथ ही सर्दियों में होने वाली बीमारियों से भी राहत मिलती है।

## जुकाम

जुकाम की समस्या दूर करने के लिए केसर का सेवन फायदेमंद होता है। इसके लिए दूध में केसर मिलाकर पिएं या माथे पर केसर के पेस्ट को लगाएं।

## पाचन क्रिया करता है ठीक

केसर में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो पाचन की समस्या को दूर करके बेहतर बनाने में मदद करती है।

# कानों में सीटी सुनाई दे तो हो जाएं सावधान



अगर आपको अचानक कानों में सीटी की आवाज सुनाई दे या फोन पर बात करते समय आवाज साफ सुनाई न दे, तो इस समस्या को हल्के में ना लें। यह कानों की एक बीमारी एकॉस्टिक न्यूरोमा हो सकती है। और इसके लक्षणों को नजरअंदाज करने का परिणाम बहरापन हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एकॉस्टिक न्यूरोमा वास्तव में एक ट्यूमर होता है पर इससे कैंसर नहीं होता लेकिन यह सुनने की क्षमता को कमजोर कर देता है। इसके और भी कई गंभीर परिणाम हो सकते हैं। समस्या यह होती है कि इसके लक्षण बहुत धीरे-धीरे सामने आते है। जिससे इस बीमारी का समय पर पता ही नहीं चल पाता।

हमारे मस्तिष्क से निकल कर आठवीं क्रेनियल तंत्रिका कान के अंदरूनी हिस्से तक जाती है। आठवीं और सातवीं क्रेनियल तंत्रिका एक-दूसरे से सटी होती हैं। आठवीं क्रेनियल तंत्रिका पर बनने वाला ट्यूमर ही एकॉस्टिक न्यूरोमा कहलाता है। यह आठवीं क्रेनियल नर्व की शाखा वेस्टीबुलर तक भी पहुंच जाता है जिसकी वजह से इसे वेस्टिबुलर श्वेनोमा भी कहते हैं। इस ट्यूमर के विकसित होने में कई बार सालों लग जाते हैं। इसकी वजह से सुनने की क्षमता में बुरा प्रभाव पड़ता है। फोन पर या नियमित बातचीत सुनाई नहीं देती। कभी-कभी अचानक कान में सीटी जैसी आवाज सुनाई देती है लेकिन आमतौर पर लोग इन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते। यही एकॉस्टिक न्यूरोमा की शुरुआत होती है। अगर शुरू में ही इस समस्या का पता चल जाए तो इसका इलाज आसानी से हो सकता है।

कुछ मरीजों में यह समस्या तेजी से बढ़ती है। एकॉस्टिक न्यूरोमा की वजह से ऐसा लगता है जैसे चक्कर आ रहे हों या चलते समय अचानक कदम लड़खड़ा रहे हों। अगर एकॉस्टिक न्यूरोमा बहुत बढ़ जाए तो इसके फलस्वरूप चेहरे पर लकवा भी हो सकता है। यह आठवीं क्रेनियल तंत्रिका में होता है तो अपने आसपास की उन अन्य क्रेनियल तंत्रिकाओं और रक्त वाहिनियों को भी यह प्रभावित करता है जो मस्तिष्क को रक्त पहुंचाती हैं या मस्तिष्क तक जाती हैं। सातवीं क्रेनियल तंत्रिका का संबंध चेहरे की मांसपेशियों से होता है। यह तंत्रिका अगर एकॉस्टिक न्यूरोमा के ट्यूमर से प्रभावित हो जाए तो फेशियल पैरालिसिस या फेशियल पाल्सी जैसी समस्या हो सकती है। इससे मांसपेशियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं, आंसू और नाक में एक द्रव का लगातार उत्पादन होता है और जीभ की स्वाद ग्रंथियां भी प्रभावित हो जाती हैं।

# बांग्लादेश में फिर अराजकता, जातिया पार्टी के दफ्तर में तोड़फोड़ और आगजनी

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में हाल के दिनों में फिर अराजकता का माहौल बना है। गुरुवार की रात ढाका में जातिया पार्टी के दफ्तर पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने हमला किया, जिसमें उन्होंने दफ्तर में तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि जातिया पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 5 अगस्त से पहले प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अत्याचार किए थे। इसके बाद सैकड़ों लोग रात में जातिया पार्टी के दफ्तर के बाहर इकट्ठा हुए और नारेबाजी करने लगे। जब वे दफ्तर के अंदर घुसे, तब उन्होंने तोड़फोड़ शुरू कर आगजनी कर दी। आग इतनी तेजी से फैली कि दमकल विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही दफ्तर जलकर खाक हो गया।

जातिया पार्टी, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की समर्थक पार्टी है, के संस्थापक हुसैन मोहम्मद इरशाद थे, जो बांग्लादेश के सेना के पूर्व प्रमुख रहे हैं। हमले के दौरान पुलिस की अनुपस्थिति ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया, जब प्रदर्शनकारी खुद को छात्रों के रूप में प्रस्तुत करते हुए दफ्तर में तोड़फोड़ कर रहे थे।

जातिया पार्टी के दफ्तर में आगजनी के कृत्य की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि, घटना को हसीना के विरोधियों का समर्थन प्राप्त माना जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जातिया पार्टी को गद्दार करार दिया है और उनका कहना है कि उन्हें इसके लिए सजा मिलनी चाहिए।

इस घटना से पहले, बांग्लादेश के राष्ट्रपति के खिलाफ भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें एक संगठन ने उनके इस्तीफे की मांग की थी। यह मांग तब शुरू हुई जब राष्ट्रपति ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने शेख हसीना का इस्तीफा पत्र नहीं देखा है। इस टिप्पणी के बाद से उनके इस्तीफे की मांग उठने लगी।

### बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दाः भारत जो बार-बार कहता रहा, अब उस पर ट्रंप ने भी लगा दी मोहर

अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया है। दिवाली के शुभ अवसर पर ट्रंप ने दुनियाभर के हिंदुओं को शुभकामनाएं देते हुए बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा की। ट्रंप ने अपने संदेश में कमला हैरिस को आड़े हाथों लिया, जिन्होंने भारतीय मूल की होते हुए भी, ट्रंप के अनुसार, हिंदुओं की परेशानियों पर ध्यान नहीं दिया। ट्रंप ने बांग्लादेश में हाल ही में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बढ़ते अत्याचारों पर भी चिंता व्यक्त की। शेख हसीना की सरकार का पतन होने के बाद अब बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार है, जिसके कार्यकाल में बांग्लादेशी हिंदू समुदाय पर हमले बढ़े हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यदि उनके प्रशासन के दौरान ऐसा हुआ होता, तो इसे कभी नहीं होने दिया जाता। ट्रंप ने यह भी कहा कि कमला हैरिस और जो बाइडेन ने न केवल अमेरिका में बल्कि दुनियाभर में हिंदुओं की अनदेखी की है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस मौके पर अपने प्रशासन की तुलना बाइडेन-हैरिस प्रशासन से की, उन्होंने कहा कि कमला हैरिस और बाइडेन प्रशासन अमेरिका में हिंदू समुदाय के छोटे व्यवसायों पर अधिक कर और कड़े नियम थोपते हैं। इसके विपरीत, ट्रंप ने अपने पिछले प्रशासन में कर में कटौती और नियमन को कम करने की बात दोहराई। ट्रंप ने अपने संदेश में पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त कहकर भारत और अमेरिका के बीच के मजबूत संबंधों को भी रेखांकित किया। ट्रंप के इस दिवाली संदेश को अमेरिका में हिंदू समुदाय के बीच समर्थन जुटाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिका में हिंदू समुदाय के मतदाता और समर्थकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से ट्रंप का यह संदेश ऐसे समय पर आया है जब चुनाव में केवल कुछ ही दिन बचे हैं। अंत में, ट्रंप ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह रोशनी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत लाएगा।

## तुम्हें बहुत जल्द देखेंगे, ईरानी सेना के धमकी भरे ट्वीट से मध्य-पूर्व में हड़कंप

तेहरान, (ईएमएस)। ईरानी सेना ने इजराइल के खिलाफ एक धमकी भरा ट्वीट किया है जिससे मध्य-पूर्व में हड़कंप मच गया है। ईरानी सेना ने अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है- तुम्हें बहुत जल्द देखेंगे, जिससे यह साफ होता है कि यह संदेश इजराइल के लिए है, हालांकि ईरान ने किसी देश का नाम नहीं लिया है।

इस ट्वीट से एक दिन पहले ईरान ने इजराइल के खिलाफ युद्ध की तैयारी के तहत बैलिस्टिक मिसाइलों और फाइटर जेटों के रिहर्सल की तस्वीरें साझा की थीं। ईरानी सेना ने इजराइल के तेल अवीव पर एक अक्टूबर को मिसाइलों से हमला किया था, जिसमें इजराइल ने कहा था कि उसे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेतावनी दी थी कि उसने बड़ी गलती की है और इसके लिए उसे खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई ने इजराइली हमले को लेकर कहा कि यह हमला न तो बहुत बड़ा था और न ही छोटा। ईरान सरकार के मुताबिकम इस हमले में 4 ईरानी सैनिकों की मौत हुई थी। ईरान की इस धमकी के बाद इजराइल ने अपने सभी एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय कर दिया है। यह स्थिति मध्य-पूर्व में तनाव को और बढ़ा सकती है, खासकर जब दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव जारी है। ईरानी सेना की इस नई चेतावनी ने क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है।

# प्लेन से उतरते वक्त गिर पड़े पाकिस्तानी राष्ट्रपति, पैर में आया फैक्चर

इस्लामाबाद(ईएमएस)। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार रात विमान से उतरते समय पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। गिरने से उनके पैर में चोट आई। राष्ट्रपति भवन के एक बयान के अनुसार, जरदारी का पैर फैक्चर हुआ है, और उन्हें तुरंत चिकित्सा के लिए अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उनके पैर पर प्लास्टर चढ़ा दिया और चार सप्ताह तक आराम की सलाह दी है। राष्ट्रपति भवन ने जानकारी दी कि इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है, जहां वह आराम करेंगे।

69 वर्षीय जरदारी को पिछले कुछ वर्षों में कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मार्च 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में उनकी आंख की सर्जरी हुई थी, जिससे उनकी दृष्टि में सुधार आया था। इसके अलावा, 2022 में उन्हें सीने में संक्रमण के कारण कराची के डॉ. जियाउद्दीन अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां एक सप्ताह तक इलाज चला। उनके खराब स्वास्थ्य को लेकर अक्सर अटकलें लगाई जाती रही हैं, लेकिन उनके निजी चिकित्सक और करीबी सहयोगी डॉ. आसिम हुसैन ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर यह स्पष्ट किया कि वर्तमान में उनकी सेहत अच्छी है और वह सामान्य स्थिति में लौट रहे हैं। जरदारी के बेटे और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने भी उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की है। जुलाई 2022 में उनका कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया था, हालांकि उनमें केवल हल्के लक्षण थे। इसके बाद उन्हें उचित देखरेख और आराम का निर्देश दिया गया था। उससे एक वर्ष पहले, थकान और कमजोरी के कारण जरदारी को बार-बार यात्रा करने से रोका गया था, और इसी वजह से कराची के एक निजी अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। जरदारी के स्वास्थ से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर पाकिस्तान की मीडिया में व्यापक चर्चा हो रही है।



रियो डिया जिनेरो में ब्राजील की मंत्री अनीला फ्रेंकों अपनी बहन की हत्या के मामले में अदालती कार्रवाई के दौरान भावुक हो गयीं। उन्हें इस दौरान सांत्वन देती हुई मोनिका बेनिसियो।

## रूस की इमारत में हुआ गैस विस्फोट, 5 की मौत

मास्को,(ईएमएस)। दक्षिणी रूस में एक आवासीय इमारत में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। यह विस्फोट गुरुवार तड़के जॉर्जिया की सीमा से लगे कराचाय-चेर्केसिया क्षेत्र के चेर्केस्क शहर में हुआ था। आपात सेवा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट से पांच मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। रूसी कानून प्रवर्तन ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों के संदेह में आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

## इजराइल पर लेबनान के पास से दागे मिसाइल, सात की मौत, दो घायल

येरुशलम,(ईएमएस)। उत्तरी इजराइल पर लेबनान से किए गए मिसाइल हमले में चार विदेशी सहित सात लोगों की मौत हो गई है। इजराइली अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि उत्तरी शहर हाइफा के एक उपनगर में एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई है। इसके अलावा, दो अन्य घायल व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है।

सेना ने बताया कि लेबनान से करीब 25 रॉकेट इजराइल पर दागे गए। इससे पहले दिन में, उत्तरी इजराइल के मेतुला प्रांत में हुए एक अन्य हमले में चार विदेशी मजदूरों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, मृतकों की नागरिकता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। हिज्बुल्लाह पिछले एक साल से उत्तरी इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है। इस बीच, इजराइल भी जवाबी हमले कर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। इस हमले ने इजराइल में सुरक्षा चिंताओं को एक बार फिर बढ़ा दिया है और इसके संभावित परिणामों को लेकर चिंताएं जाहिर की जा रही हैं।

# फिर लगाया आरोप, भारत कर सकता है कनाडा पर बड़ा साइबर हमला

ओटावा,(ईएमएस)। कनाडा-भारत के बीच रिश्ते और खराब होते जा रहे हैं। कनाडा की जासूसी एजेंसी ने चेतावनी दी है। कनाडा ने फिर आरोप लगाया है कि भारत कनाडा पर बड़ा साइबर हमला कर सकता है। भारत द्वारा कनाडा की सरकारी वेबसाइट को निशाना बनाया जा रहा है।

कनाडा के संचार सुरक्षा प्रतिष्ठान के मुताबिक भारत साइबर तकनीक के जरिए अलगाववादियों पर नजर रख रहा है। एजेंसी का आरोप है कि भारत साइबर क्षमताओं का इस्तेमाल कनाडा के सरकारी नेटवर्क के खिलाफ हमलों को बढ़ाने में भी कर रहा है। कनाडा के संचार सुरक्षा प्रतिष्ठान के प्रमुख ने कहा कि यह साफ है कि हम भारत को एक उभरते साइबर खतरे वाले देश के रूप में देख रहे हैं। एजेंसी का कहना है कि भारत और कनाडा के बीच रिश्ते साइबर हमलों की वजह से और बिगड़ रहे हैं। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कनाडा के आरोपों के बाद भारत समर्थक ग्रुप ने सेना की साइट समेत कनाडाई वेबसाइटों पर हमले किए। वेबसाइट को ऑनलाइन ट्रैफिक से भर दिया। इससे लोग इन वेबसाइट तक नहीं पहुंच सके।

साल 2023 में कनाडा के वैंकूवर में कनाडाई आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने हत्या का आरोप भारत पर लगाया था लेकिन आज तक ट्रूडो एक भी सुबूत पेश नहीं कर पाएं हैं। निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा और भारत के रिश्तों में तल्खी है। भारत ने कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया। इसके अलावा कनाडा के छह राजनयिकों को भारत ने देश से निकाल दिया है। कनाडा की खुफिया एजेंसी ने भारत को उभरते साइबर खतरे वाले देशों की सूची में रखा है। हैरानी की बात यह है कि इस सूची में भारत के अलावा रूस, चीन और उत्तर कोरिया शामिल हैं। भारत को छोड़कर बाकी देशों की पश्चिमी मुल्कों से नहीं बनती हैं। पश्चिम देश रूस, चीन और उत्तर कोरिया को बड़ा खतरा मानते हैं। नई दिल्ली में जी-20 सम्मलेन से लौटने के बाद से ही ट्रूडो ने भारत के खिलाफ आरोप लगाना जारी रखा है। हालांकि आरोपों के समर्थन में भारत कई बार सुबूतों की मांग कर चुका है।

# दुनियाभर में रही दिवाली की धूम, व्हाइट हाउस में गूंजा ओम जय जगदीश हरे

वॉशिंगटन(ईएमएस)। दीपावली का त्यौहार पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा है। इसलिए इसे दुनिया का सबसे बड़ा त्यौहार के तौर पर भी देखा जाने लगा है। इस बार भी अमेरिका सहित कई देशों में दीपावली बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में भव्य दिवाली समारोह का आयोजन किया, जिसमें देशभर से 600 से अधिक भारतीय-अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस खास मौके पर भारतीय परंपराओं की झलक और सम्मान देखने को मिला। दिवाली की शुभकामनाओं के साथ बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने अमेरिका की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि में अनमोल योगदान दिया है। बाइडेन ने अपने संबोधन में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के विज्ञान, चिकित्सा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और राजनीति में योगदान को सराहा और कहा कि अमेरिका की सफलता में उनका अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विविधता और एकजुटता की भावना को मजबूती मिलती है। समारोह में सांसदों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट जगत के कई दिग्गजों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर बाइडेन ने अमेरिका में बढ़ती भारतीय-अमेरिकी जनसंख्या का उल्लेख किया और इसे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने में अहम बताया। व्हाइट हाउस में दिवाली का यह आयोजन एक संकेत है कि अमेरिका में भारतीय संस्कृति और परंपराओं का प्रभाव और स्वीकार्यता बढ़ रही है। दिवाली का पर्व प्रकाश और अच्छाई की जीत का प्रतीक है, और यह आयोजन अमेरिकी-भारतीय समुदाय के लिए गर्व का क्षण था। समारोह का मुख्य आकर्षण अमेरिकी मिलिट्री बैंड का प्रदर्शन था, जिसने भक्ति गीत ओम जय जगदीश हरे की धुन बजाई। भारतीय समुदाय के लोगों के लिए यह एक भावुक क्षण था, जिसने भारत और अमेरिका की सांस्कृतिक साझेदारी को दर्शाया। समारोह का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, दिवाली के मौके पर व्हाइट हाउस के सैन्य बैंड से 'ओम जय जगदीश हरे' सुनना एक अद्भुत अनुभव रहा। सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। यह वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया, और अब तक इसे 3 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं और 15 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।

## पाकिस्तान में मनी धूमधाम से दिवाली, पंजाब प्रांत की सीएम मरियम समारोह में हुई शामिल

कराची,(ईएमएस)। भारत समेत कई देशों में दिपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया, लेकिन पाकिस्तान में इसके प्रति कुछ लोगों की नकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई है। एक पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल द्वारा किए सर्वे में कई नागरिकों ने दीपावली मनाने पर असहमति जताई है। सर्वे में भाग लेने वाले कुछ व्यक्तियों ने कहा कि दीपावली पाकिस्तान का त्योहार नहीं है लेकिन इन सब बातों को नकारते हुए पाकिस्तान में दीपावली बड़े उत्साह से मनाई गई। पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने हिंदुओं समुदाय को शुभकामनाएं दीं और खुद भी इस अवसर पर एक समारोह में शामिल होकर दीपावली का जश्न मनाया और वहां मौजूद लोगों मिठाई खिलाई। उन्होंने तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह एक हिंदू महिला को गले लगाते हुए दिखीं।

इसी बीच लाहौर शहर में ग्रीन लॉकडाउन लागू किया गया है। यह कदम वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने के लिए उठाया है, क्योंकि लाहौर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 700 के पार पहुंच चुका है। दीपावली का त्योहार भारत के साथ-साथ पाकिस्तान में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है, लेकिन इस बार मिली-जुली प्रतिक्रियाएं इस बात का संकेत हैं कि धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के बीच सामंजस्य बनाने की जरुरत है।

# इजराइली हमले के बाद ईरान के आसमान में कोई एयर डिफेंस नहीं बचा

तेहरान,(ईएमएस)। हाल के दिनों में ईरान पर हुए इजराइली हमलों के बाद, अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान का एयर डिफेंस पूरी तरह नष्ट हो चुका है। इजराइल ने ईरान में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें मिसाइल साइटें, ड्रोन प्रोडक्शन स्थल और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल थे। हालांकि, इजराइल ने ईरान के परमाणु और तेल ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। अमेरिकी डिफेंस अधिकारियों के मुताबिक पिछले हफ्ते हुए इजराइली हमलों ने ईरान की सभी प्रमुख एयर डिफेंस बैटरियों को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने ईरान में बची हुई तीन एस-300 बैटरियों को भी नष्ट कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति के मध्य पूर्व दूत ने बताया कि ईरान का आसमान इस समय पूरी तरह से खाली है और उसके पास कोई एयर डिफेंस नहीं बचा है। एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी ने कहा कि ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट हो चुका है, जिससे देश की सुरक्षा स्थिति कमजोर हो गई है। इजराइल ने करीब 100 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर ईरान के 23 स्थानों पर हमला किया था, जो 180 बैलिस्टिक मिसाइलों के ईरानी हमले का बदला था। इजराइल के हवाई हमलों ने ईरान की मिसाइल साइटों के साथ-साथ कई रडार सिस्टम को भी नष्ट किया है, जिससे ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को फायर करने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। अधिकारी ने बताया कि मिसाइल साइटों को नष्ट करना पर्याप्त नहीं था; रडार सिस्टम को भी खत्म करना जरूरी था ताकि ईरान निकट भविष्य में मिसाइल हमले करने की स्थिति में न रहे। ईरान के एस-300 मिसाइल डिफेंस सिस्टम उसके परमाणु स्थलों के निकट तैनात थे, जिससे इजराइल को यह संदेश मिला है कि उसके परमाणु ठिकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इन हवाई हमलों के बाद, ईरान के लिए यह साफ है कि इजराइल की सैन्य क्षमताएं उसे कभी भी निशाना बना सकती हैं।

## कनाडा में पंजाबी सिंगर ढिल्लों के घर पर फायरिंग, अटैक में लॉरेंस गैंग का नाम

टोरंटो(ईएमएस)। कनाडा में पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के विक्टोरिया आइलैंड स्थित बंगले पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक भारतीय संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने इस मामले में ओंटारियो से अभिजीत किंगड़ा नाम के भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया है। इस घटना की शुरुआत 1 और 2 सितंबर की रात को हुई थी, जब एपी ढिल्लों के बंगले पर फायरिंग की गई। हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी दो गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया था। इस घटना के पीछे लॉरेंस का हाथ बताया जा रहा है।

किंगड़ा, कनाडा के वीनीपेग शहर का निवासी है। इस घटना में दूसरा संदिग्ध विक्रम शर्मा है, जिसकी तलाश जारी है। आरसीएमपी के मुताबिक, शर्मा भी भारतीय नागरिक है और संभवतः भारत भाग गया है, हालांकि अभी उसकी तस्वीर जारी नहीं की गई है। पुलिस ने इस हमले का वीडियो भी जारी किया था, जिसमें फायरिंग और आगजनी की घटना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े रोहित गोदारा ने ली थी। घटना के बाद, लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा गिरोह के सदस्यों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फायरिंग की जिम्मेदारी स्वीकार की। हमले के दौरान विक्टोरिया आइलैंड पर फायरिंग के अलावा, कनाडा के वुडब्रिज, टोरंटो में भी एक ज्वैलर के बंगले के बाहर इसी प्रकार की घटना हुई। इस मामले की जिम्मेदारी भी रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ गिरोह ने ली। रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने 1 सितंबर की रात विक्टोरिया आइलैंड और वुडब्रिज में फायरिंग की है। आरसीएमपी अब दोनों घटनाओं की गहराई से जांच कर रही है। कनाडा में लगातार बढ़ते गैंग अपराध और हिंसा को लेकर भारतीय समुदाय में चिंता बढ़ रही है। इस घटना ने एपी ढिल्लों के प्रशंसकों और समुदाय को झकझोर कर रख दिया है, और इसके चलते कनाडाई पुलिस ने भारतीय संदिग्धों पर सख्त निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस अब दोनों मामलों के आरोपियों को पकड़ने के लिए विस्तृत जांच कर रही है।




दुबई में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के निदेशक जिहाद अजूर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

## रूस ने गूगल पर लगाया इतना जुर्माना कि गिनती लगाना भी होगा मुश्किल

मास्को,(ईएमएस)। रूस और अमेरिका के तनाव के बीच, रूस ने अमेरिकी तकनीकी दिग्गज गूगल पर अभूतपूर्व 2.5 डेसिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है। यह राशि इतनी विशाल है कि यह धरती पर मौजूद धन से भी ज्यादा मानी जा रही है। रूस की अदालत ने गूगल को यह जुर्माना इसलिए लगाया क्योंकि उसने रूस समर्थित मीडिया चैनलों को अपने प्लेटफॉर्म, यूट्यूब, पर समाचार प्रसारित करने का मौका नहीं दिया। गूगल के खिलाफ यह कार्रवाई 2020 से शुरू हुई, जब रूस की कोर्ट ने रोजाना एक लाख रूबल का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना तब लगाया गया था जब गूगल ने रूसी सरकार समर्थित यूट्यूब चैनलों को बंद कर दिया था। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अगर गूगल रूस के कानून का पालन नहीं करता है, तो उस पर हर दिन एक लाख रूबल का जुर्माना लगाया जाएगा और यह राशि हर हफ्ते डबल हो जाएगी। गूगल पर यह जुर्माना इतनी बड़ी राशि में लगाया गया है कि इसे समझना भी मुश्किल है। अमेरिकी प्रणाली के मुताबिक डेसिलियन में 1 के आगे 36 शून्य होते हैं, जबकि ब्रिटिश प्रणाली में 60 शून्य होते हैं। इस तरह, रूस ने गूगल पर 2.5 डेसिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है, जो कि एक कल्पना से परे है। इस जुर्माने का बढ़ता आंकड़ा सितंबर तक 13 डेसिलियन रूबल तक पहुँच चुका था। यह स्थिति बताती है कि गूगल को रूस में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए किस तरह के कानूनी संकट का सामना करना पड़ सकता है। रूस कोर्ट ने साफ कहा कि गूगल को इस मामले में कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसने रूसी मीडिया को उनके अधिकारों से वंचित किया। इस विवाद में कई अन्य थर्ड पार्टी विक्टिम भी शामिल हैं, जिसमें रूस के प्रमुख टीवी चैनल भी शामिल हैं, जिन्होंने यूट्यूब पर अपने चैनलों के जरिए से प्रसारण किया। यह मामला अमेरिका और रूस के बीच चल रहे आर्थिक युद्ध को और भी गहरा बना सकता है, क्योंकि रूस की अदालत ने गूगल के खिलाफ यह निर्णय लेकर अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि वह अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

## अंतरिक्ष से गिरा उल्कापिंड, वायुमंडल में बना आग का गोला, वैज्ञानिक चिंतित

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। हमेशा से ही एस्टेरॉयड धरती के लिए एक खतरा बने रहे हैं। हाल ही में एक तीन मीटर चौड़ा एस्टेरॉयड, जिसका नाम ए11डीसी6डी (2024यूक्यू) है, उसने धरती के वायुमंडल में प्रवेश कर लिया है। यह घटना स्पेस एजेंसियों की निगरानी और उनकी भविष्यवाणी क्षमताओं की महत्वपूर्णता को उजागर करती है। एस्टेरॉयड, जिन्हें क्षुद्रग्रह के नाम से भी जाना जाता है, आकाशीय चट्टानें हैं जो सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती हैं। जब ये धरती के करीब आते हैं, तो ये संभावित खतरा पैदा कर सकते हैं, जिससे वैज्ञानिकों और एजेंसियों की चिंता बढ़ जाती है। हाल के वर्षों में, एस्टेरॉयड की निगरानी के लिए तकनीकों में सुधार हुआ है, जिससे एजेंसियों ने धरी के वायुमंडल में आने वाले कई एस्टेरॉयड का सफलतापूर्वक पता लगाया है। इस साल अब तक तीन एस्टेरॉयड धरती के वायुमंडल में प्रवेश कर चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 21 अक्टूबर को ए11डीसी6डी ने कैलिफोर्निया के तट से करीब एक हजार किमी दूर वायुमंडल में प्रवेश किया। एटलस सर्वे ने इसकी निगरानी की और इसे वायुमंडल में प्रवेश करते समय खोजा गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि 22 अक्टूबर को सुबह 3:54 बजे यह एस्टेरॉयड एक आग के गोले में बदल गया, जिससे आसमान में रोशनी छा गई। हालांकि, यह जमीन पर गिरने से पहले ही जल गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी ऊर्जा पिछली घटनाओं की तुलना में कम थी, लेकिन फिर भी इसने एक अहम घटना के रूप में ध्यान आकर्षित किया।

# डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी महिलाओं के लिए अपमानजनक हैः हैरिस

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की यह टिप्पणी कि वह महिलाओं की रक्षा करेंगे चाहे महिलाएं इसे पसंद करें या नहीं यह दर्शाता है कि वह महिलाओं के अधिकारों और फैसला लेने की उनकी क्षमता को नहीं समझते हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह हर किसी के लिए अपमानजनक है। हैरिस ने कहा कि यह पूर्व राष्ट्रपति द्वारा महिलाओं के बारे में उनके विचारों के खुलासे की एक लंबी श्रृंखला का एक हिस्सा है। ट्रंप ने सार्वजनिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है कि वह महिलाओं की सुरक्षा करेंगे और यह तय करेंगे कि वे गर्भपात के बारे में न सोचें।

### अमेरीकी राष्ट्रपति चुनावः डोनाल्ड ट्रंप 5 नवंबर को डालेंगे वोट

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए तय मतदान तारीख 5 नवंबर के आस-पास ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने का फैसला लिया है, जबकि पहले उन्होंने कहा था कि वह उससे पहले मतदान करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया किया है कि ट्रंप ने कहा था कि उनका इरादा समय से पहले मतदान करने का है। यह उनके समर्थकों के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। हालांकि, ट्रंप और उनकी टीम मतदाताओं से जल्दी मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं, जबकि ट्रंप खुद इस विकल्प की आलोचना करते रहे हैं और संभावित धोखाधड़ी के प्रति संदेह व्यक्त करते रहे हैं। ट्रंप ने कहा था कि मैं जल्दी मतदान करूंगा, लेकिन उनके अभियान से जुड़े एक व्यक्ति ने पुष्टि की कि वह ऐसा नहीं करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक ट्रंप मंगलवार सुबह फ्लोरिडा के पाम बीच में अपने एस्टेट के निकट मतदान करेंगे। इस परिवर्तन ने चुनावी रणनीति को लेकर नई चर्चाएं शुरू कर दी हैं, जबकि ट्रंप के समर्थक और राजनीतिक विश्लेषक उनकी इस योजना पर नजर रखे हुए हैं।

### कमला हैरिस के साथी टिम वाल्ज़ पर चीन में रहस्यमय सीक्रेट अफेयर का खुलासा

मिनेसोटा के गवर्नर और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस के साथी टिम वाल्ज़ पर एक विस्फोटक खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, जब वाल्ज़ चीन में एक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे, तब उनका एक सीक्रेट अफेयर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के एक अधिकारी की बेटी जेना वांग के साथ था, जिसने उन्हें खुदकुशी की कोशिश के कगार पर ला खड़ा किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह खुलासा 5 नवंबर को कमला हैरिस और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच होने वाले अंतिम मुकाबले से ठीक एक हफ्ते पहले आया है।

चुनावी सर्वेक्षणों के अनुसार, दोनों के बीच व्हाइट हाउस के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। वाल्ज़ पहले से ही आलोचनाओं का सामना कर रहे थे, खासकर जब उन्होंने कहा था कि वह 1989 में तियानमेन स्क्वायर विरोध प्रदर्शन के दौरान हांगकांग में थे, जिसमें 500 लोग मारे गए थे।59 वर्षीय जेना वांग ने बताया कि वह वाल्ज़ से तब मिलीं जब वह ग्वांगडोंग प्रांत के फोशान में अंग्रेजी शिक्षक थे। उन्होंने कहा, टिम बहुत हैंडसम थे। मुझे उनकी आंखें और उनका बड़ा मुंह बहुत पसंद था। वांग के पिता, जो कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी में एक उच्च रैंक ऑफिसर थे, ने वांग को किसी पश्चिमी व्यक्ति के साथ रिश्ते बनाने से मना किया था, जिससे दोनों को अपने प्यार को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने में कठिनाई हुई। वांग ने आरोप लगाया कि वाल्ज़ ने उन्हें कई उपहार दिए और दोनों ने बंद दरवाजों के पीछे रोमांटिक क्षण साझा किए, जिसमें जॉर्ज माइकल के गाने सुनना भी शामिल था। उन्होंने कहा, हम पार्क में टहलते थे और शाम को डांस करने जाते थे। मैंने शादी और अमेरिका में जीवन का सपना देखना शुरू कर दिया।

हालांकि, सामाजिक मान्यताओं के कारण वांग को कभी भी रात भर नहीं रुकने दिया गया। उन्होंने बताया, हम सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को छू या चूम नहीं सकते थे, और यही बात इसे और रोमांचक बना देती थी जब हम अकेले होते थे। मैं उससे शादी करके परिवार शुरू करना चाहती थी। जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे बहुत दुख और निराशा हुई। यह खुलासा न केवल वाल्ज़ की राजनीतिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है, बल्कि आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भी चुनौती पेश कर सकता है। अब यह देखना होगा कि इस विवाद का राजनीतिक परिदृश्य पर क्या असर पड़ता है।

# शनिदेव के हैं नौ वाहन

**रविवार को सूर्यदेव का दिन माना जाता है। यश और सम्मान हासिल करने के लिए सभी लोग उनकी पूजा करते हैं। पर क्या आप सूर्यदेव के परिवार को जानते हैं। सूर्य देव का परिवार काफी बड़ा है। उनकी संज्ञा और छाया नाम की दो पत्नियां और दस संताने हैं। जिसमे से यमराज और शनिदेव जैसे पुत्र और यमुना जैसी बेटियां शामिल हैं। मनु स्मृति के रचयिता वैवस्वत मनु भी सूर्यपुत्र ही हैं। सूर्य देव की दो पत्नियां संज्ञा और छाया हैं। संज्ञा सूर्य का तेज ना सह पाने के कारण अपनी छाया को उनकी पत्नी के रूप में स्थापित करके तप करने चली गई थीं। लंबे समय तक छाया को ही अपनी प्रथम पत्नी समझ कर सूर्य उनके साथ रहते रहे।**





सूर्यपुत्र शनिदेव न्याय के देवता हैं हालांकि लोग उनके कोप से भयभीत रहते हैं पर वह हमेशा ही कार्यों के अनुरुप परिणाम देते हैं। उनके कई वाहन हैं। शनि के वाहनों की बात करते हुए सामान्य रूप से कौवे के बारे में ध्यान आता है, लेकिन उनके कौवे सहित कुल 9 वाहन है। जिनमें से कई को ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व के अनुसार बेहद शुभ माना गया हैं। इसके बावजूद जरूरी नहीं है कि वे सभी आपके लिए भी शुभ ही हों। इसलिए ये जानना अत्यंत आवश्यक है कि कौन शुभ है और कौन अशुभ। शास्त्रों की माने तो शनि जिस वाहन में सवार होकर किसी व्यक्ति की कुंडली में प्रवेश करते हैं उसकी राशि की गणना करके तय होता है कि उनका आगमन व्यक्ति के लिए अच्छा है या बुरा। इस गणना की विधि सुनने में कठिन लगती है पर है गणित के सूत्रों की तरह एक दम तय है। इसके लिए जन्म नक्षत्र की संख्या और शनि के राशि बदलने की तिथि के नक्षत्र की संख्या जोड कर उसके योगफल को नौ से भाग करना होता है। इस गणना से मिली संख्या के आधार पर ही शनि का वाहन निर्धारित होता है। एक दूसरी विधि भी है, इसमें शनि के राशि प्रवेश करने की तिथि की संख्या, नक्षत्र संख्या, वार संख्या और नाम के प्रथम अक्षर संख्या सभी को जोडकर योगफल को 9 से भाग देदें, जो शेष संख्या आयेगी वो शनि के वाहन की जानकारी देगी। दोनो विधियों मे यदि शेष 0 बचे तो मानना चाहिए कि आपकी अपेक्षित संख्या 9 है।

### सूर्य देव का परिवार

रविवार को सूर्यदेव का दिन माना जाता है। यश और सम्मान हासिल करने के लिए सभी लोग उनकी पूजा करते हैं। पर क्या आप सूर्यदेव के परिवार को जानते हैं। सूर्य देव का परिवार काफी बड़ा है। उनकी संज्ञा और छाया नाम की दो पत्नियां और दस संताने हैं। जिसमे से यमराज और शनिदेव जैसे पुत्र और यमुना जैसी बेटियां शामिल हैं। मनु स्मृति के रचयिता वैवस्वत मनु भी सूर्यपुत्र ही हैं। सूर्य देव की दो पत्नियां संज्ञा और छाया हैं। संज्ञा सूर्य का तेज ना सह पाने के कारण अपनी छाया को उनकी पत्नी के रूप में स्थापित करके तप करने चली गई थीं। लंबे समय तक छाया को ही अपनी प्रथम पत्नी समझ कर सूर्य उनके साथ रहते रहे। ये राज बहुत बात में खुला की वे संज्ञा नहीं छाया है। संज्ञा से सूर्य को जुड़वां अश्विनी कुमारों के रूप में दो बेटों सहित छह संताने हुईं जबकि छाया से उनकी चार संताने थीं।

देव शिल्पी विश्वकर्मा सूर्य पत्नी संज्ञा के पिता थे और इस नाते उनके ससुर हुए। उन्होंने ही संज्ञा के तप करने जाने की जानकारी सूर्य देव को दी थी। धर्मराज या यमराज सूर्य के सबसे बड़े पुत्र और संज्ञा की प्रथम संतान हैं। यमी यानि यमुना नदी सूर्य की दूसरी संतान और ज्येष्ठ पुत्री हैं जो अपनी माता संज्ञा को सूर्यदेव से मिले आर्शिवाद के चलते पृथ्वी पर नदी के रूप में प्रसिद्ध हुईं। सूर्य और संज्ञा की तीसरी संतान हैं वैवस्वत मनु वर्तमान (सातवें) मन्वन्तर के अधिपति हैं। यानि जो प्रलय के बाद संसार के पुर्निमाण करने वाले प्रथम पुरुष बने और जिन्होंने मनु स्मृति की रचना की। सूर्य और छाया की प्रथम संतान है शनिदेव जिन्हें कर्मफल दाता और न्यायधिकारी भी कहा जाता है। अपने जन्म से शनि अपने पिता से शत्रु भाव रखते थे। भगवान शंकर के वरदान से वे नवग्रहों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर नियुक्त हुए और मानव तो क्या देवता भी उनके नाम से भयभीत रहते हैं।

छाया और सूर्य की कन्या तप्ति का विवाह अत्यन्त धर्मात्मा सोमवंशी राजा संवरण के साथ हुआ। कुरुवंश के स्थापक राजर्षि कुरु का इन दोनों की ही संतान थे, जिनसे कौरवों की उत्पत्ति हुई। सूर्य और छाया पुत्री विष्टि भद्रा नाम से नक्षत्र लोक में प्रविष्ट हुई। भद्रा काले वर्ण, लंबे केश, बड़े-बड़े दांत तथा भयंकर रूप वाली कन्या है। शनि की तरह ही इसका स्वभाव भी कड़क बताया गया है। उनके स्वभाव को नियंत्रित करने के लिए ही भगवान ब्रह्मा ने उन्हें कालगणना या पंचांग के एक प्रमुख अंग विष्टि करण में स्थान दिया है। सूर्य और छाया की चौथी संतान हैं सावर्णि मनु। वैवस्वत मनु की ही तरह वे इस मन्वन्तर के पश्चात अगले यानि आठवें मन्वन्तर के अधिपति होंगे। संज्ञा के बारे में जानकारी मिलने के बाद अपना तेज कम करके सूर्य घोड़ा बनकर उनके पास गए। संज्ञा उस समय अश्विनी यानि घोड़ी के रूप में थी। दोनों के संयोग से जुड़वां अश्विनीकुमारों की उत्पत्ति हुई जो देवताओं के वैद्य हैं। कहते हैं कि दधीचि से मधु-विद्या सीखने के लिये उनके धड़ पर घोड़े का सिर रख दिया गया था, और तब उनसे मधुविद्या सीखी थी। अत्यंत रूपवान माने जाने वाले अश्विनीकुमार नासत्य और दस्त्र के नाम से भी प्रसिद्ध हुए।



# हर व्यक्ति के होते हैं एक इष्ट देव या देवी



सभी देवी –देवताओं की पूजा–उपासना करने के बाद भी अक्सर इंसान का मन भटकता ही रहता है। हर इंसान का मन किसी एक देवी या देवता की ओर सबसे ज्यादा आकर्षित होता है और वही देवी या देवता आपके इष्ट देव हो सकते हैं। अगर आपकी कोई कुल देवी या देवता हैं तो वो भी आपके इष्ट हो सकते हैं।

- धार्मिक मान्यताओं में हर व्यक्ति के एक इष्ट देव या देवी होते हैं
- ▪ इनकी उपासना करके ही व्यक्ति जीवन में उन्नति कर सकता है
- इष्ट देव या देवी का निर्धारण लोग कुंडली के आधार पर करते हैं
- वास्तव में ग्रहों और ज्योतिष का ईष्टदेव से सम्बन्ध नहीं होता
- ईष्टदेव या देवी का निर्धारण आपके जन्म-जन्मान्तर के संस्कारों से होता है
- बिना किसी कारण के ईश्वर के जिस स्वरुप की तरफ आपका आकर्षण हो, वही आपके ईष्ट देव हैं
- ग्रह कभी भी ईश्वर का निर्धारण नहीं कर सकते
- ग्रहों की समस्या को दूर करने के लिए विशेष देवी देवताओं की उपासना की जा सकती है
- धार्मिक परंपराओं में ईश्वरीय शक्ति की उपासना अलग-अलग रूपों में की जाती है। ज्योतिष के जानकारों की मानें तो हिन्दू धर्म में तैंतीस करोड़ देवताओं को उपासना के योग्य माना गया है।

अलग-अलग शक्तियों के रूप में उनकी पूजा की जाती है। अगर आपकी कुंडली में ग्रहों से जुड़ी कोई समस्या है तो आइए जानते हैं कि कौन से ग्रह के लिए कौन से देव की उपासना सबसे उत्तम होगी।

### ग्रहों की समस्या के लिए क्या करें?

- सूर्य के लिए सूर्य की ही उपासना करें या गायत्री मंत्र की साधना करें
- चन्द्रमा के लिए भगवान शिव की उपासना करना उत्तम होगा
- मंगल के लिए कुमार कार्तिकेय या हनुमान जी की उपासना करें
- बुध के लिए मां दुर्गा की उपासना करें
- बृहस्पति के लिए श्रीहरि की उपासना करें
- शुक्र के लिए मां लक्ष्मी या मां गौरी की उपासना करें
- शनि के लिए श्रीकृष्ण या भगवान शिव की उपासना करें
- राहु के लिए भैरव बाबा की उपासना करें
- केतु के लिए भगवान गणेश की उपासना करें
- विशेष समस्याओं के लिए किसकी उपासना करें ?
- मानसिक समस्याओं के लिए शिवजी की उपासना करें
- शारीरिक दर्द और चोट -चपेट की समस्या के लिए हनुमान जी की उपासना करें
- शीघ्र विवाह के लिए पुरुष मां दुर्गा उपासना करें
- शीघ्र विवाह के लिए स्त्रियां भगवान शिव की उपासना करें
- बाधाओं के नाश के लिए भगवान गणेश की पूजा करें
- धन के लिए मां लक्ष्मी की उपासना करें
- मुक्ति मोक्ष या आध्यात्मिक उपलब्धि के लिए श्रीकृष्ण या महादेव की उपासना करें
- ज्योतिष के जानकारों की मानें तो हर व्यक्ति के इष्ट देवी या देवता निश्चित होते हैं। अगर समय रहते उन्हें पहचान लिया जाए तो ग्रहों के हर दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। तो आप भी अपने इष्ट देव को पहचानें और उनकी उपासना करें। फिर सुखी जीवन के लिए किसी दूसरे उपाय की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

# रंगों का भी हमारे जीवन में अहम स्थान

**रंगों का भी हमारे जीवन में अहम स्थान है , खुशी व्यक्त करने के साथ ही रंग जीवन में सुख और संपदा लाते हैं। इसी लिए हम घर की साजसज्जा के लिए रंगरोगन करते हैं। रंगों का भी जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार अगर रंग किये जायें तो घर में अच्छा माहौल और खुशहाली बनी रहती है।**

इसका कारण यह है कि हमारे आस-पास मौजूद रंगों के अनुसार व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से प्रभावित होता है। सत्व, रजस व तमस इन तीन प्रकार के गुणों से रंगों का गहरा संबंध होता है। आसमानी,हरे,सफ़ेद तथा अन्य हलके रंगों को सत्व माना गया है। तीखे लाल, नारंगी और गुलाबी रंग रजस कहलाते हैं जो इच्छाओं में वृद्धि करते हैं। तामसिक रंग गहरे होते हैं। इनमें गहरे नीले,भूरे एवं काले रंग मुख्य हैं। घर की सजावट में तामसिक रंगों की अवहेलना करनी चाहिए,ये रंग व्यक्ति को सुस्त व आलसी बनाते हैं। घर में सौहार्द वातावरण के लिए नम्र, हल्के व सात्विक रंगों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

### कौन सा रंग कहां करें :



हल्के नीले एवं हरे रंग को वास्तु में स्वास्थ्य के प्राकृतिक स्रोत के रूप में देखा जाता है। ये रंग ठंडे और कोमल होते हैं व इनसे संयमित और शांतिमय विकंपन पैदा होता है। इन रंगों का प्रयोग घर के ड्राइंग रूम में करना ठीक है। हल्के नीले रंग का बाथरूम भी वास्तु में शुभ माना गया है।

पीला रंग व्यक्ति के स्नायु तंत्र को संतुलित व मस्तिष्क को सक्रिय रखता है,अतः इस रंग को अध्ययन कक्ष या लाइब्रेरी में उपयोग करना लाभप्रद होगा। बैंगनी रंग को उत्साहवर्धक एवं अवसाद का नाश करने वाला माना जाने के कारण इसका उपयोग योग व साधना कक्ष या पूजा स्थल में शुभ होता है।

कमरे की छत को सफ़ेद रंग से पेंट करने पर कमरे में अधिक ऊष्मा व प्रकाश रहेगा पर पूरे कमरे में सफ़ेद रंग नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वास्तु में इस रंग को अल्पजीवी माना गया है।

पूर्व दिशा में हरे रंग के प्रयोग के साथ पीले रंग के शेड्स का इस्तेमाल दक्षिण-पश्चिम में किया जाए तो ये रंग परिवार और मित्रों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं,अवसाद को दूर करते हैं।

गुलाबी, लाल, नारंगी रंग आपसी संबंधों को सुदृढ़ बनाते है कपल के रिश्ते को सुदृढ़ करने के लिए बेडरूम में हल्के लाल रंग के शेड्स उपयुक्त हैं। इसे दक्षिण दिशा के बैडरूम के दक्षिण-पूर्व क्षेत्र में प्रयोग करना चाहिए। गुलाबी, बैंगनी और ऑरेंज के हल्के शेड्स भी रोमांटिक रंगों की श्रेणी में आते हैं, ये रंग पवित्रता और मासूमियत को दर्शाते हैं। अतःशयन कक्ष में इन रंगों का प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

दक्षिण-पूर्व (आग्नेय) दिशा में स्थित रसोईघर में भी लाल रंग शुभ फलों में वृद्धि करता है। घर के मुख्य द्वार के लिए रंग का चुनाव घर की दिशा के आधार पर किया जाना चाहिए, ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जाओं में वृद्धि होगी एवं पर्यावरण सौहार्दपूर्ण बनेगा।

# गर्भधारण में मोटापे से होती है समस्याएं

अगर आप मां बनना चाहती हैं तो मोटापे पर नियंत्रण रखें क्योंकि अधिक वजन वाली महिलाओं को गर्भधारण में संतुलित वजन वाली महिलाओं के मुकाबले अधिक समय लग सकता है। इसके अलावा मोटापे से पीड़ित महिलाओं में गर्भपात की आशंका भी दोगुनी से अधिक रहती है। अधिक वजन या मोटापे से पीड़ित महिलाओं में गर्भधारण की संभावनाएं अपेक्षाकृत कम रहती हैं। इसलिए फिटनेस बनाये रखने के लिए तनाव न लें और डॉक्टर की सलाह पर व्यायाम करते रहें।

मोटापा इनफर्टिलिटी का अहम कारण है। मोटापे के कारण एंड्रोजन, इंसुलिन जैसे हार्मोन का अत्यधिक निर्माण जैसी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं या अंडोत्सर्जन तथा शुक्राणु के लिए नुकसानदेह प्रतिरोधी हार्मोन बनते हैं। लिहाजा, स्वस्थ लाइफस्टाइल अपनाएं। इससे न सिर्फ आपकी प्रजनन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि आप फिट भी रह सकती हैं।



मोटापे के कारण आपके शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान होता है। मोटापे से पीड़ित महिलाओं में टाइप 2 डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, हृदयरोग और यहां तक कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां भी उभर सकती हैं। इसके साथ ही अगर आप तनाव में रहते हैं तो आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं। तनाव कई तरीके से वजन बढ़ाने में योगदान कर सकता है। तनाव की वजह से हमारे शरीर में कई हार्मोन पैदा होते हैं, जिनमें कोर्टिसोल भी एक है। यह हार्मोन फैट स्टोरेज और शरीर की ऊर्जा खपत प्रबंधित करने का काम करता है। कोर्टिसोल का स्तर बढ़ने से भूख भी बढ़ जाती है। इस वजह से मीठा और वसायुक्त भोजन खाने की इच्छा बढ़ जाती है.

उन्होंने कहा, गंभीर तनाव की स्थिति में वसा के रूप में शरीर में ऊर्जा इकट्ठा होने लगती है और यह हमारे पेट पर सबसे ज्यादा असर करती और चर्बी बढ़ाता है। मोटापे के कारण हृदय रोग, डायबिटीज, ओस्टियो-अर्थराइटिस आदि जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। इन सभी बीमारियों का रिस्क फैक्टर कम करने के लिए आपको रोजाना कम से कम एक घंटे तक कुछ व्यायाम करना और अपने खानपान में संतुलित आहार लेना जरूरी है।

# पढ़ाई के साथ करें पार्टटाइम जॉब

**अक्सर ऐसा होता है कि हम पढाई के साथ साथ जॉब करने की सोचते हैं । लेकिन पढाई के साथ साथ बाहर जाकर या ऑफिस में बैठ कर काम करना मुश्किल हो जाता है । लेकिन यदि आप घर बैठे-बैठे एक्सट्रा अर्निंग करना चाहते हैं तो पार्ट टाइम जॉब के ऑपशन्स की कमी नहीं।**

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉर्पोरेट कंपनियां, पॉलिटिशियन, सरकारी कार्यालयों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। अगर, आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्स्ट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूर नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा। अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर इस काम में देते हैं तो यहां से 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी। कंपनियां अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कराने या कोई लीडर अपनी पॉपुलरिटी बढ़ाने के लिए आपसे खुद संपर्क करेगा। इस काम में टाइम का भी कोई बाउंडेशन नहीं होगा। आप अपने स्मार्ट फोन से सारे काम को मैनेज कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रिसर्चर

आज के इस कॉम्पिटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर, आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रीसर्च कर रहे हैं तो उस के विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रीसर्च कर सकते हैं। ऑनलाइन रीसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे। रीसर्च करने के लिए उस सबजेक्ट की जानकारी जरूरी होगी।

### फॉस्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब

कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तहर के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है। बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज आदि में 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं।

### इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या बेंगलुरू) में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रू-ब-रू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत पड़ती है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं। इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है जो मैनजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनजेमेंट के गुण सीखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं। इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं। महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा। काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आप कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस भाषा की ग्रामर पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। वहीं फ्रीलांस राइटर के तौर पर काम करने के लिए आपको लिखने की शैली आनी चाहिए। कंटेंट एडिटर के तौर पर यदि आप प्रत्येक दिन 2 से 4 घंटे देते हैं तो आप 10 से 20 हजार रुपए महीने कमा सकते हैं। इस काम को करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। आप घर बैठे यह काम कर सकते हैं। फ्रीलांस राइटिंग में भी यह सुविधा आपको मिलेगी।

### डाटा एंट्री जॉब

पार्ट टाइम में ऑफलाइन डाटा एंट्री की जॉब आप कर सकते हैं। इसमें कंपनियां आपको ऑनलाइन डाटा प्रोवाइड करवाती हैं। इस डाटा को एमएस वर्ल्ड में टाइप करके वापिस कंपनियों के पास भेजना होता है। यह काम करने के लिए आपको इंग्लिश टाइपिंग आना चाहिए। इसके अलावा एमएस वर्ल्ड, कम्प्यूटर का बेसिक नॉलेज भी होना चाहिए।

### एड पोस्टिंग जॉब

इसमें आपको कंपनियों के एड अलग-अलग क्लासिफाइड वेबसाइट्स पर पोस्ट करना होते हैं। आप जितने ज्यादा एड पोस्ट करते हैं, उतना ज्यादा पेमेंट आपको मिलता है। यह कहीं से भी कभी भी किया जा सकता है। इसके लिए सिर्फ आपके पास कम्प्यूटर या लैपटॉप होना चाहिए जिसमें इंटरनेट कनेक्शन हो। सायबर कैफे में भी कुछ घंटे जाकर आप यह काम कर सकते हैं।

# आईपीएल रिटेंशन से नये क्रिकेटरों को मिली करोड़ों की राशि

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए टीमों ने कई खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस दौरान कई नये और युवा खिलाड़ियों को करोड़ों का लाभ हुआ है। इसी कारण कई क्रिकेटर ऐसे हैं जिनके वेतन में 700 गुणा तक की बढ़त आई है। आईपीएल की इस नई रिटेंशन नीति से इन नये क्रिकेटर को करोड़ों का फायदा हुआ है। इससे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल , तेज गेंदबाज मयंक यादव के अलावा रजत पाटीदार और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों कर पैसे की बरसात हुई है।

मयंक यादवः लखनऊ सुपर जायंट्स ने तेज गेंदबाज मयंक को 2023 में 20 लाख में खरीदा था। उस साल वह खेल नहीं पाए थे लेकिन 2024 सीजन में उन्होंने ऐसी धूम मचा दी कि लखनऊ प्रबंधन ने उन्हें 11 करोड़ की राशि देकर बरकरार रखा है।

रजत पाटीदार :

पाटीदार को शुरु में मात्र 20 लाख रुपए ही मिले। बड़ी टीमों के खिलाफ दबाव में प्रदर्शन का ईनाम उन्हें मिला है कि अब उन्हें आरसीबी जैसी टीम ने रिटेन कर लिया है। पाटीदार को रिटेंशन के कारण 11 करोड़ की राशि अब मिलेगी।

ध्रुव जुरेल : जुरेल को 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने 20 लाख कीमत पर खरीदा गया था। दो साल ही में वह अपनी टीम के लिए इतने प्रमुख हो गए हैं कि उन्हें भविष्य का सितारा मानकर रिटेन कर लिया गया है। उन्हें अब 14 करोड़ रुपए मिलेंगे जोकि 20 लाख के मुकाबले 700 गुणा ज्यादा है।

रिंकू सिंहः कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए धूम मचाने वाले आक्रामक क्रिकेटर रिंकू सिंह 2022 में 55 लाख की कीमत पर बिके थे। उन्होंने पिछला सीजन इन्हीं पैसों में खेला था। उन्हें कोलकाता रिटेंशन से अब 13 करोड़ रुपए देगी।

ट्रिस्टन स्टब्स : दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर ट्रिस्टन दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं। पिछले सीजन में 2024 सीजन 50 लाख में रखा था लेकिन अब उन्हें 10 करोड़ रुपए मिलेंगे।

साईं सुदर्शन : गुजरात टाइटंस के साईं को 2022 में उन्हें 20 लाख का बेस प्राइस मिला था लेकिन इस बार रिटेशन के कारण उन्हें 8.5 करोड़ रुपए मिलेंगे।

नीतीश रेड्डी : 2023 में नीतीश को केवल 20 लाख रुपए का ही दिये गये थे लेकिन अब प्रबंधन ने उन्हें 6 करोड़ रुपए में रिटेन करना पड़ा।

शशांक सिंह : पंजाब किंग्स ने 2024 मिनी नीलामी में शशांक सिंह को गलती से खरीदा था पर अपने खेल से शशांक ने सबको प्रभावित किया। इस बार उन्हें पंजाब ने 5.5 करोड़ में रिटेन किया है।

### क्लासेन रिटेन किये सबसे महंगे विदेशी बने, भारतीयों में विराट शीर्ष पर रहे

इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए रिटेन किये सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ियों में सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन नंबर एक पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के क्लासेन को सनराइजर्स ने 23 करोड़ में अपने साथ बनाये रखा। वहीं सबसे महंगे खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेटरों की बात करें तो विराट कोहली आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं। विराट को आरसीबी ने 22 करोड़ में रिटेन किया है।

सनराइजर्स एकमात्र टीम है जिसने दो खिलाड़ियों को 20 करोड़ से ज्यादा में रीटेन किया है। इस फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2024 में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को 20.50 करोड़ में रखा था पर इस बार क्लासेन को 23 करोड़ में रीटेन किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्लासेन ने आईपीएल 2023 में 448 रन बनाए थे जबकि पिछले सीजन 2024 में 479 रन बनाये थे। वहीं मिचेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2024 ऑक्शन में 24.75 करोड़ में खरीदा था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क का ये रिकॉर्ड इस बार भी कायम है। . विराट एक बार फिर आरसीबी के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। कोहली को आरसीबी ने 21 करोड़ में रीटेन किया है। कोहली के नाम आईपीएल में सबसे अधिक रन और शतक का रिकार्ड है। वहीं लखनउ सुपर जॉयंट्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को 21 करोड़ में रिटेन किया है। पूरन लखनउ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्होंने केएल राहुल के रिकॉर्ड को तोड़ा। जो 2022 मेगा नीलामी से पहले इस फ्रेंचाइजी में 17 करोड़ में शामिल हुए थे। पंजाब किंग्स ने ऑलराउंडर सैम करेन को आईपीएल 2023 ऑक्शन में 18.50 करोड़ में खरीदा था। इसके बाद करेन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इससे पहले वह 2022 टी20 विश्व कप में भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। यह पंजाब किंग्स के साथ यह उनका दूसरा सीजन होगा। वहीं स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 18 करोड़ में रीटेन किया। मुम्बई ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को पिछली बार 17.50 करोड़ में खरीदा था। फ्रेंचाइजी ने ग्रीन को आईपीएल 2023 में अपने साथ जोड़ा था। गुजरात टाइटंस ने राशिद खान को 18 करोड़ में रीटेन किया। राशिद गुजरात टाइटंस के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। राशिद को इस फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2022 ऑक्शन में 15 करोड़ में खरीदा था। इसके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपरकिंग्स ने रीटेंशन में 18 करोड़ में रीटेन किया। संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को राजस्थान रॉयल्स ने 18-18 करोड़ में रीटेन किया।

### कप्तान के तौर पर रिटेन किये जाने से उत्साहित हैं हार्दिक

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस ने कप्तान के तौर पर एक बार फिर रिटेन किया है। जिसपर पांड्या ने खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि उन्हें जो कुछ भी मिला है वह टीम में रहने से ही मिला है। इसलिए टीम का हिस्सा होना उनके लिए सबसे अहम है। साथ ही कहा कि टीम ने अपने पांच मुख्य खिलाड़ियों को जसप्रीत बुमराह (18 करोड़ रुपए), हार्दिक (16.35 करोड़ रुपए), सूर्यकुमार यादव (16.35 करोड़ रुपए), रोहित शर्मा (16.30 करोड़ रुपए) और तिलक वर्मा को 8 करोड़ में बनाये रखा है।

हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे वापस बहुत सारा प्यार मिला है, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मेरी यात्रा यहीं से शुरू हुई और मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है वह मुंबई इंडियंस के कारण ही संभव हुआ है। हम पांच उंगलियां हैं लेकिन मुट्ठी एक है। वहीं टीम के पूर्व कप्तान रोहित ने कहा कि मैं फिर से मुंबई इंडियंस का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मैंने यहां बहुत क्रिकेट खेला है। यही वह जगह है जहां मैंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की है। इसलिए, यह शहर बहुत-बहुत खास है और मैं यहां आकर खुश हूं। रोहित ने पांच भारतीय खिलाड़ियों को बरकरार रखने के मुम्बई के फैसले का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि जो खिलाड़ी उच्चतम स्तर पर राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मैं इसी पर विश्वास करता हूं और इससे उत्साहित हूं।

# ऋषभ व राहुल को मेगा नीलामी में मिलेंगे 20 से 25 करोड़ रुपये : आकाश चोपड़ा

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि केएल राहुल और ऋषभ पंत को मेगा नीलामी में 20 से 25 करोड़ की रकम मिल सकती है। उन्होंने कहा ऋषभ को काफी रुपए मिलने वाले हैं। ये राशि 25-30 करोड़ रुपए हो सकती है। वहीं राहुल के साथ भी ऐसा हो सकता है। इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए टीमों ने जहां कई खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने अपने कप्तान ऋषभ पंत व लखनऊ सुपरजायंटस ने अपने कप्तान केएल राहुल को रिलीज कर दिया है। ऐसे में अब ये दोनो ही खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे। आकाश ने कहा कि एक विकेटकीपर-बल्लेबाज हर साल 500-600 रन बनाता है। कुछ लोग उसके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाएंगे। मैंने कहीं एक मीम देखा कि वह 30 साल से ज्यादा का है, शादीशुदा है, और हर कोई कह रहा है कि वह खत्म हो गया है, इसलिए सीएसके उसे ले सकता है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी वहां जाते हैं पर मुझे ऐसा नहीं लगता है। अब ऋषभ आईपीएल मेगा नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे। हर फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों को बरकरार रखने और नीलामी के लिए 120 करोड़ रुपए का पर्स है। टीम 6 खिलाड़ियों को बरकरार रख सकती है। टीम के पास सभी खिलाड़ियों को रिलीज करने और 'राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड लेकर नीलामी में उतरने का भी विकल्प है। इसके अलावा केकेआर ने अपने कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया है उनपर भी मोटी रकम लग सकती है।

### फ्रेंचाइजियों ने इन प्लेयरों को किया रिटेन

गुजरात : राशिद खान, शुबमन गिल, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया और शारुख खान

हैदराबाद : पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, नितीश रेड्डी, ट्रैविस रेड्डी

कोलकाता : रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह

दिल्ली : अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टियन स्टब्स, अभिषेक पोरेल

बेंगलुरु : विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल

चेन्नई : रुतुराज गायकवाड़, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, एमएस धोनी

मुंबई : जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा

लखनऊ : निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बदोनी और मोहसिन खान

राजस्थान : संजू सैमसन, यशस्वी जयसवाल, शिम्रोन हेटमेयर, ध्रुव जुरेल, संदीप शर्मा, रियान पराग

पंजाब : शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह



सिंगापुर में महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक तैराकी में भाग लेती हुई अमेरिका की रीगन स्मिथ।



पेरिस में फ्रांस के यूगो हमबर्ब जीत के बाद स्पेन के कार्लास अल्कारेस से हाथ मिलाते हुए।

# निजी लक्ष्य नहीं टीम हितों का ध्यान रखने वाले खिलाड़ी हमें चाहिये थे : संजीव गोयनका

नई दिल्ली (ईएमएस)। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका ने कहा है कि हमें उन खिलाड़ियों को रिटने किया है जो टीम हित को सबसे पहले रखते हैं। गोयनका ने कहा कि अपने निजी लक्ष्य रखने वाले खिलाड़ी हमें नहीं चाहिये। लखनऊ ने आईपीएल सत्र के लिए रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बदोनी और मोहसिन खान को रिटेन (बरकरार) रखा है। गोयनका ने कहा है कि टीम की रिटेंशन रणनीति उन खिलाड़ियों को बनाए रखने की है जो अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों से पहले टीम को महत्व देते हैं। आईपीएल 2025 रिटेंशन सूची में टीम ने अपने कप्तान केएल राहुल को भी रिलीज कर दिया है। अब उनकी जगह पर निकोल्स पूरन कप्तान होंगे। उन्हें 21 करोड़ रुपए मिलेंगे। उसके बाद बिश्नोई और मयंक को 11-11 करोड़ रुपए पर रखा हैं जबकि बडोनी और मोहसिन को 4 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है।

गोयनका ने रिटेंशन सार्वजनिक होने के बाद कहा कि पहला रिटेंशन 2 मिनट के भीतर हुआ यानी निकोलस पूरन। हमारी बहुत ही सरल मानसिकता थी कि हम ऐसे खिलाड़ियों के साथ उतरें जिनके पास जीतने की मानसिकता हो, जो टीम को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और आकांक्षाओं से पहले रखते हों। और हम अपने उपलब्ध पर्स में जितना संभव हो उतना कोर समूह रखना चाहते थे। हमारे पास एक मजबूत गेंदबाजी इकाई थी, इसलिए हम पिछले सत्र के तीन गेंदबाजों बिश्नोई, मयंक और मोहसिन के साथ गए। पूरन अच्छा क्रिकेटर है। वहीं आयुष ने हमारे लिए नंबर 6 और नंबर 7 पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

गौरतलब है कि राहुल के अलावा, एलएसजी ने क्विंटन डी कॉक, क्रुणाल पंड्या, नवीन-उल-हक, दीपक हुडा और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है। मेगा नीलामी में जाने के लिए फ्रेंचाइजी के पास राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड और कुल 69 करोड़ रुपए हैं। नीलामी के दौरान लखनऊ इसका इस्तेमाल कर सकती है। इस बीच, आईपीएल 2022 चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने राशिद खान को 18 करोड़, कप्तान शुभमन गिल को 16.5 करोड़, बी साई सुदर्शन को 8.5 करोड़, राहुल तेवतिया को 4 करोड़, और शाहरुख खान को 4 करोड़ में रिटेन किया है। उन्होंने डेविड मिलर और मोहम्मद शमी को जाने दिया, टीम के पास अब मेगा नीलामी के लिए 69 करोड़ रुपये हैं।

टीम के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि हम अपनी पिछली सफलताओं और अनुभवों से सीख लेते हुए अपनी मजबूत नींव पर निर्माण करना जारी रखेंगे। हम उन सभी खिलाड़ियों के प्रति आभारी हैं जो पिछले तीन साल से टीम का हिस्सा थे। उनका समर्पण, जुनून और योगदान सराहनीय था और हम उन्हें उनके भविष्य के क्रिकेट प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# पंजाब ने केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर हैरान किया

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए आईपीएल की सभी 10 टीमें ने अपने रिटेन खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप दी। इसमें टीमों को ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ियों को रीटेन करने की अनुमति मिली थी पर कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के अलावा अन्य टीमों ने इतने खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया। कई फ्रेंचाइजी टीमों ने अनुभवी जबकि कुछ ने नये खिलाड़ियों को रिटेन किया। सबसे अधिक हैरान पंजाब किंग्स ने किया। उसने दो नये खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को ही रिटेन किया। आईपीएल में 2024 सत्र में इन दोनो ही प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। वीरे कई टीमों ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। ये भी कहा जा रहा था कि रोहित शर्मा को मुम्बई इंडियंस रीलीज करेगी पर ऐसा नहीं हुआ और टीम ने उन्हें बरकरार रखा।

सभी को लग रहा था कि रोहित कप्तानी से हटाने से नाराज है और वह मुंबई का साथ छोड़ देंगे पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। रोहित हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेलने तैयार दिखे। वह फ्रेंचाइजी की रीटेंशन सूची में चौथे नंबर पर रहे। उन्हें मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए 16.30 करोड़ में रीटेन किया है।

पंजाब किंग्स की टीम ने केवल दो खिलाड़ियों को रीटेन किया है। और दोनों ही नाम अनकैप्ड हैं। ओपनर प्रभसिमरन को पंजाब किंग्स ने 4 करोड़ में रीटेन किया जबकि पंजाब किंग्स ने युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और ऑलराउंडर सैम करेन को रिलीज किया है। इन बड़े नामों की जगह इस फ्रेंचाइजी ने प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को आईपीएल 2025 के लिए टीम में बनाये रखा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों खिलाड़ियों का आईपीएल 2024 में प्रदर्शन शानदार रहा था। प्रभसिमरन ने पिछले सत्र में 334 रन बनाए थे। वह पंजाब किंग्स के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। पंजाब किंग्स ने केवल दो ही खिलाड़ियों को रिटेन किया है। ऐसे में वह नीलामी में सबसे अधिक 110.5 करोड़ रुपये के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य बेहतर खिलाड़ियों को जोड़ना रहेगा।

### केकेआर के साथ अपनी यात्रा जारी रखने को लेकर उत्साहित हूं : वरुण

रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सत्र लिए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने 12 करोड़ रुपय में रिटेन किया है। इससे भावुक होकर वरुण ने कहा कि टीम के साथ अपनी यात्रा को लेकर उत्साहित हूं। केकेआर ने जहां रिंकू सिंह को 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया। वहीं वरुण को सुनील नारायण और आंद्रे रसेल के साथ 12-12 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। इससे वरुण काफी खुश हैं। इसका कारण है कि वह कोलकाता की टीम का हिस्सा रहे और फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक 21 विकेट उनके नाम रहे थे।

टीम मैनेजमेंट के रिटेन करने के बाद वरुण ने एक भावुक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया। इस वीडियो में वह केकेआर की जर्सी उठाते हुए टीम के प्रति सम्मान व्यक्त करते दिख रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा एक बार फिर केकेआर का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला। पर्पल और गोल्ड के लिए प्रतिबद्ध। केकेआर के साथ अपनी यात्रा जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। इन सभी वर्षों में मिले समर्थन के लिए केकेआर टीम मैनेजमेंट, मालिकों और विशेष रूप से प्यारे प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं। हमारी यात्रा जारी है।

गौरतलब है कि वरुण आईपीएल 2019 में पंजाब किंग्स का हिस्सा थे पर वह केवल एक ही मैच खेल पाए थे। उसके बाद वह 2020-21 में वह केकेआर से जुड़े और पहले ही सत्र में उन्होंने 17 विकेट ले लिए। इसके बाद साल 2022 में उनका प्रदर्शन खराब रहा और उन्हें केवल 6 विकेट मिले। इसके बाद एक बार फिर वह 2023 में 20 और 2024 में 21 विकेट लेने में सफल रहे। वरुण के नाम आईपीएल में 71 मैचों में कुल 83 विकेट हैं। वहीं दूसरी ओर केकेआर ने हर्षित राणा और रमनदीप सिंह के रूप में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को 4-4 करोड़ रुपये में रिटेन किया है।

### ऋषभ को इसलिए रिटेन नहीं कर पाये : पार्थ

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अपनी टीम के कप्तान ऋषभ पंत को रिटने नहीं किये जाने पर सभी ने हैरानी जताय है। वहीं इसी को लेकर अब कैपिटल्स के सहमालिक पार्थ जिंदल का बयान आया है। इसमें पार्थ ने ऋषभ को रिटेन नहीं करने के कारण बताये हैं।

फ्रेंचाइजी ने चार खिलाड़ियों अक्षर पटेल (16.5 करोड़ रुपये), अभिषेक पोरेल (4 करोड़ रुपये), ट्रिस्टन स्टब्स (10 करोड़ रुपये) और कुलदीप यादव (13.25 करोड़ रुपये) को रिटेन किया है।ऋषभ साल 2016 से ही दिल्ली के साथ थे लेकिन वह 8 सत्र के बाद उनसे अलग हो गए हैं। इसी को लेकर जिंदल ने कहा कि अक्षर, कुलदीप, ट्रिस्टन और अभिषेक को शामिल करने से हमारे पास अनुभव और युवा प्रतिभा का आदर्श मिश्रण हुआ है। मैं टीम के लिए अधिक खिलाड़ियों को बरकरार रखना पसंद करूंगा पर नियमों का के अनुसार हमें चयन में कई बातों का ध्यान रखना होता है।

जिंदल ने कहा कि नीलामी में जाने पर हमारे पास दो आरटीएम कार्ड होंगे और इससे उन खिलाड़ियों के साथ बने रहने का रास्ता हमारे पास रहेगा, जो पहले से टीम में रहे हैं। हम जानते हैं कि हम किसे चाहते हैं और यह पक्का करेंगे कि सभी नहीं तो कुछ खिलाड़ी वापस आ जाएं। हम एक मजबूत और संतुलित टीम बनाना चाहते हैं जो आईपीएल ट्रॉफी जीत सके। वहीं ऋषभ के कार्यकाल की बात करें तो वह अभी भी दिल्ली कैपिटल्स की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा के साथ सबसे ज्यादा कैप्ड खिलाड़ी भी हैं। वहीं फ्रेंचाइजी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव को मुख्य कोच (आईपीएल) और क्रिकेट निदेशक (आईपीएल) नियुक्त किया था।

राव ने कहा कि मैं नए आईपीएल चक्र से पहले इस नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है, और हमारे मालिकों ने मुझे यह भूमिका देकर मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। वहीं नये कोच बदानी ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है, और इस काम के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं अपने मालिकों का बहुत आभारी हूं।

## सरफराज के बचाव में उतरे रोहित

मुंबई (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां हुए तीसरे टेस्ट के पहले दिन सरफराफ खान के बचाव में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा अंपायर से ही भिड़ गये। तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। इस दौरान कीवी बल्लेबजा डेरिल मिचेल ने सरफराज खान की अंपायर से शिकायत कर दी। मिचेल की शिकायत के बाद अंपायर सरफराज से बात करने गए पर इसी बीच रोहित भी बीच में आ गये। ये पूरा मामला यह था कि मिचेल बल्लेबाजी के लिए उतरे तो सरफराज शॉट लेग पर फील्डिंग कर रहे थे। इस दौरान सरफराज गेंदबाजों का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें कुछ कह रहे थे इसी को लेकर मिचेल ने आपत्ति जतायी और अंपायर से शिकायत कर दी। उन्होंने अंपायर से कहा कि सरफराज के कारण वह बल्लेबाजी पर ध्यान नहीं दे पा रहे। इसके बाद अंपायर ने सरफराज को बुलाया पर कप्तान रोहित बीच में आ गये। उन्होंन मिचेल को भी काफी कुछ कह दिया। बहस के कारण मैच कुछ समय रुका रहा पर बाद में शांत होने पर शुरु हो गया।

## धवन ने मजाकिया अंदाज में दिवाली की जगह होली की बधाई दे दी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर क्रिकेटर शिखर धवन अपने मजाकिया स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। अब धवन ने सोशल मीडिया पर अपने पिता के साथ एक वीडियो साझा की है जिसमें वह प्रशंसकों को मजेदार तरीके से दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए नजर आ रहे हैं। धवन के इस वीडियो में कमेडियन जॉनी लीवर की आवाज है जोकि दिवाली की जगह हैप्पी होली कह रहे हैं हालांकि सामने वाली आवाज उन्हें दीवाली होने की बात कहती है। धवन ने इस वीडियो में खुद जॉनी की जगह ली है जबकि बधाई देने के लिए अपने पिता को खड़ा किया। वीडियो की शुरूआत में अपने दोस्तों के साथ धवन कमरे में पहुंचते हैं और बोलते हैं होली हैप्पी होली। इस पर उनके पिता कहते हैं अरे दीवाली है चल हट। धवन की यह वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही काफी लोकप्रिय हो गई। पल भर में ही इसे 22 लाख से भी ज्यादा लाइक मिल गए। लाइक करने वालों में सबसे ऊपर सूर्यकुमार यादव रहे। उन्होंने बहुत सारे इमोजी के साथ धवन को शुभकामनाएं दीं हैं। धवन ने इसी साल 24 अगस्त को क्रिकेट के सभी प्रारुपों को अलविदा कह दिया था। उन्हें रणजी ट्रॉफी के मैदान गब्बर नाम मिला था। उन्होंने खुद ही एक साक्षात्कार में ये बात कही थी। धवन के क्रिकेट रिकॉर्ड काफी अच्छे रहे हैं। धवन ने आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम पारियां खेली हैं, जिसमें 2015 और 2019 के विश्व कप शामिल हैं। वह 2013 में एशिया कप में भी टीम के एक प्रमुख बल्लेबाज रहे थे।

## भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो उसका अच्छी तरह से ध्यान रखा जाएगा : अकरम

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि भारतीय टीम अगर अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो उसका शानदार स्वागत होगा। अकरम ने कहा कि इस दौरान भारतीय टीम का अच्छे तरीके से ध्यान रखा जाएगा। अकरम ने कहा कि हाल के दिनों में बदलाव आया है और मुझे भारत सरकार और बीसीसीआई का रुख सकारात्मक दिख रहा है। मैंने कहीं पर यह भी पढ़ा कि उनके सभी मैच लाहौर में होंगे। वे लाहौर आएंगे और उसी रात को वापस स्वदेश लौट जाएंगे। जब तक भारतीय टीम सहज है, मैं इसके लिए तैयार हूं। मैं आपसे वादा करता हूं की यहां भारतीय टीम का काफी अच्छे से ख्याल रखा जाएगा।

अकरम के अनुसार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तान में प्रशंसक हैं और युवा क्रिकेट प्रशंसक उनको पसंद करते हैं। उन्होंने कहा आज सोशल मीडिया के जमाने में दुनिया भर में बहुत नकारात्मकता भर गयी है पर मुझे लगता है कि अगर भारतीय टीम आयेगी तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा और पाक के लिए भी अच्छा होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीम भाग लेंगी और ये दो समूहों में होंगी, जिसमें से 4 टीम सेमीफाइनल में उतरेंगी और इसके बाद फाइनल खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांगलादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका हैं। पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में कराने का प्रस्ताव भी दिया है जो भारतीय सीमा के करीब है जिससे सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखना आसान रहेगा। पीसीबी ने साथ ही कहा कि वे 17 हजार वीजा भी भारतीय प्रशंसकों को जारी करेंगे जो अपनी टीम के साथ रहना चाहते हैं। फाइनल के साथ सेमीफाइनल भी लाहौर में होगा अगर भारत क्वालफिाई करता है। गौरतब है कि भारतीय टीम ने साल 2008 से ही पाकिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और और माना रहा है कि उसके चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले भी किसे अन्य देश में खेले जाएंगे।

## इविन लुईस के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया

नॉर्थ साउंड (ईएमएस)। इविन लुईस के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड की टीम इस मैच में केवल 209 रनों ही सिमट गयी। वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती ने चार जबकि अल्जारी जोसेफ, जायडेन सील्स और मैथ्यू फोर्डे ने 2-2 विकेट लिए। इसके बाद वेस्टइंडीज को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नियम के तहत ही 35 ओवर में जीत के लिए 157 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने आसानी से 9 ओवर में ही हासिल कर लिया। लुईस ने इस मैच में अर्धशतक लगाया। बारिश के समय वेस्टइंडीज ने 81 रन बनाये। उस समय लुईस 48 गेंद पर 51 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद जब खेल वापस शुरु हुआ तो लुईस ने जमकर बल्लेबाजी शुर की। वहीं अगली 21 गेंदों पर 43 रन बनाकर उन्होंने वेस्टइंडीज को जीत दिला दी। वह छह रनों से शतक पूरा नहीं कर पाये। लुईस ने 69 गेंदों पर 5 चौके और 8 छक्कों की सहायता से 94 रन बनाये। लुईस के अलावा वेस्टइंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग ने 30 रन बनाए। पहले विकेट के लिए किंग और लुईस के बीच 118 रनों की साझेदारी हुई। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद और कप्तान लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले इंग्लैंड की ओर से सभी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की पर कोई भी कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाया। शीर्ष-6 में शामिल सभी बल्लेबाज 15 रनों से आगे नहीं बढ़ पाये। केवल कप्तान लियाम लिविंगस्टोन ही 49 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 48 रन बना पाये।

## नीलामी में प्लेसिस , राहुल सहित इन पांच क्रिकेटर को मिल सकती है बड़ी रकम

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए रिटेनशन प्रक्रिया पूरी हो गयी है। इस दौरान कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सेबसे ज्यादा 6 खिलाड़ियों को अपने पास बनाये रखा हालांकि उसने कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया है। यही नहीं, दिल्ली कैपिटलस ने भी ऋषभ पंत को रिलीज कर दिया। इसके अलावा अर्शदीप को भी पंजाब किंग्स ने रिटेन नहीं किया। इन तीन खिलाड़ियों को रिटेन नहीं करने का इनकी टीमों का फैसला बेहद हैरानी भरा रहा। अब ये तीनों ही नीलामी में आकर्षण का केन्द्र होंगे।

फाफ डु प्लेसिस : दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस को आरसीबी ने रिलीज कर दिया है। उनपर भी सभी फ्रेंचाइजी कड़ी रकम लगा सकती हैं।

इशान किशन : युवा ईशान किशन को मुंबई इंडियंस ने रिलीज कर दिया है। ऐसे में अब वह भी नीलामी में उतरेंगे।

के एल राहुल : लखनऊ सुपर जाइंट्स ने केएल राहुल को रिलीज कर दिया है। पिछले सत्र में टीम मालिक संजीव गोयनका के साथ बहस के बाद से ही माना जा रहा था कि अगले सत्र में उन्हें नहीं रखा जाएगा। अब से अनुमान सही साबित हुआ है। राहुल नीलामी में आएंगे। उनपर आरसीबी बड़ा दांव लगा सकती है। राहुल आरसीबी से पहले भी खेल चुके हैं।

श्रेयस अय्यर : कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने कप्तान श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं किया गया। उनका रिटेन न होना कई बड़े सवाल खड़े कर गया है। माना यह भी जा रहा है कि श्रेयस फिलहाल फिटनेस और खराब प्रदर्शन की समस्या से जूझ रहे हैं।

# फेस्टिव सीजन में यूपीआई से लेन-देन का नया रिकॉर्ड बनाः 1,658 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, 2,350 लाख करोड़ ट्रांसफर किए गए

**नई दिल्लीः** अक्टूबर में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिए 1,658 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान 2,350 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले ट्रांजैक्शन की संख्या में 45% की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल 2016 में यूपीआई की शुरुआत हुई थी। तब से लेकर अब तक किसी एक महीने में किया गया सबसे ज्यादा और सबसे बड़ा ट्रांजैक्शन है। अक्टूबर 2023 में यूपीआई के जरिए 1,141 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए थे और इसके जरिए 17.16 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। एक साल में ट्रांजैक्शन की यह राशि 37% बढ़ी है। अक्टूबर 2024 में डेली एवरेज ट्रांजैक्शन की बात करें को यह 53 करोड़ 50 लाख रहा और रोजाना औसतन 75,801 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई।




बढ़ा यूपीआई ट्रांजैक्शन

### सितंबर की तुलना में 10.23%

वहीं, पिछले महीने (सितंबर 2024) की तुलना में अक्टूबर में ट्रांजैक्शन की संख्या में 10.23% की बढ़ोतरी हुई है। जबकि ट्रांसफर की गई राशि में 13.85% का इजाफा हुआ। सितंबर 2024 में यूपीआई के जरिए 1,504 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए और इसके जरिए 20.64 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई। यूपीआई को रेगुलेट करने वाली संस्था नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 1 नवंबर को ट्रांजैक्शन के आंकड़े जारी किए।

### 2017-18 में 2,071 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में 8,659 करोड़ डिजिटल पेमेंट्स हुए और इनके जरिए कुल 1,669 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। वित्त वर्ष 2017-18 में 2,071 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे और इनसे 1,962 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में इस दौरान करीब 9 गुना की बढ़ोतरी हुई। यूपीआई को एनसीपीआई ऑपरेट करता है भारत में आरटीजीएस और एनईएफटी पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन आरबीआई के पास है। आईएमपीएस, रुपे, यूपीआई जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ऑपरेट करती है। सरकार ने 1 जनवरी 2020 से यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए एक जीरो-चार्ज फ्रेमवर्क मैंडेटरी किया था। यूपीआई सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या IFSC कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती। पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है। अगर, आपके पास उसका यूपीआई आईडी (ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या आधार नंबर) है तो आप अपने स्मार्टफोन के जरिए आसानी से पैसा भेज सकते हैं। न सिर्फ पैसा बल्कि यूटिलिटी बिल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, खरीदारी आदि के लिए नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड भी जरूरत नहीं होगी। ये सभी काम आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम से कर सकते हैं।

### यूपीआई के नियमों में भी 1 नवंबर से हुआ बड़ा बदलाव

नई महीने की शुरुआत हो गई है। 1 नवंबर से गैस से लेकर पेट्रोल-डीजल के भाव में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के भाव में करीब 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में अब यूपीआई के नियमों में भी बदलाव देखने को मिला है। 1 नवंबर शुक्रवार से यूपीआई लाइट प्लेटफॉर्म में दो बड़े बदलाव हुए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में यूपीआई लाइफ की ट्रांजेक्शन लिमिट भी बढ़ाई है। आज से यूपीआई लाइट यूजर्स ज्यादा पेमेंट कर पाएंगे।

# महिंद्रा ने अक्टूबर में 96,648 इकाइयां बेचीं, पिछले वर्ष से 25 प्रतिशत अधिक

नई दिल्ली (ईएमएस)। वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अक्टूबर में 96,648 इकाइयां बेचीं, जो पिछले साल की समान अवधि की 80,679 इकाइयों की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने बयान में कहा कि यूटिलिटी वाहन खंड में उसने घरेलू बाजार में 54,504 इकाइयां बेचीं, जो एक साल पहले की समान अवधि में 43,708 इकाइयों से 25 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बताया कि निर्यात सहित कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री 55,571 इकाई रही। पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 28,812 इकाई रही। एमएंडएम के एक अधिकारी ने कहा कि हम अक्टूबर में 54,504 वाहनों की अब तक की सर्वाधिक एसयूवी बिक्री 25 प्रतिशत की वृद्धि और 96,648 वाहनों की अब तक की सर्वाधिक कुल बिक्री यानी 20 प्रतिशत की वृद्धि से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि महीने की शुरुआत शानदार रही और थार रॉक्स को पहले 60 मिनट में 1.7 लाख बुकिंग मिल गईं। त्योहारों के मद्देनजर एसयूवी खंड में सकारात्मक गति जारी रही। एमएंडएम के कृषि उपकरण खंड (एफईएस) ने पिछले महीने 64,326 ट्रैक्टर की अब तक की सबसे अधिक मासिक घरेलू बिक्री दर्ज की, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 49,336 इकाई थी। निर्यात सहित कुल ट्रैक्टर बिक्री पिछले महीने 65,453 इकाई रही, जबकि 2023 की इसी अवधि में यह 50,460 इकाई थी। उन्होंने कहि कि बहुत से सकारात्मक कारकों के एक साथ आने से ट्रैक्टर उद्योग में बहुत मजबूत वृद्धि देखी गई है। इसमें अच्छा मानसून, अच्छी खरीफ फसल, जलाशयों का उच्च स्तर जो रबी फसलों में मदद करेगा तथा सरकार द्वारा प्रमुख रबी फसलों पर उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा शामिल है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने पिछले महीने 1,127 इकाइयों का निर्यात किया।

### ओला इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण अक्टूबर में 74 प्रतिशत बढ़ा

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के वाहनों का पंजीकरण अक्टूबर में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41,605 इकाई पर पहुंच गया। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा कि कंपनी ने अक्टूबर 2024 में 50,000 से अधिक इकाइयां बेचीं। पंजीकरण संख्याएं वाहन के आंकड़ों के अनुसार हैं। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे विस्तृत खंड, उपभोक्ता मांग में तेजी और समूचे भारत में हमारे बिक्री नेटवर्क के मजबूत होने से त्योहारी सीजन हमारे लिए वास्तव में मजबूत रहा है। हमने छोटे व मझोले बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने में वृद्धि देखी है और हमें विश्वास है कि यह सकारात्मक वृद्धि आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी।

# ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं के लिए कारोबार को आसान बनाएगा सेबी

नई दिल्ली (ईएमएस)। बाजार नियामक सेबी ने ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं (ईआरपी) के लिए रूपरेखा में बदलाव का प्रस्ताव किया है, खासकर ग्राहक-भुगतान मॉडल का इस्तेमाल करने वालों के लिए, जिसमें शेयर सूचकांक को ईएसजी रेटिंग का खुलासा करने की आवश्यकता से छूट भी शामिल है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके अलावा सुझाव दिया है कि सब्सक्राइबर-पे मॉडल का इस्तेमाल करने वाले ईआरपी को सब्सक्राइबर तथा रेटेड जारीकर्ता दोनों के साथ ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक व शासन) रेटिंग रिपोर्ट साझा करनी चाहिए। इस नीति का सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जाना चाहिए। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा कि ईआरपी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रेटेड संस्थाएं, उनकी समूह कंपनियां या सहयोगी अपनी स्वयं की ईएसजी रेटिंग की सदस्यता (सब्सक्राइब) नहीं ले सकें। इन प्रस्तावों का मकसद सेबी के ढांचे के भीतर ईएसजी रेटिंग की स्पष्टता, पारदर्शिता और विनियामक संरेखण को बढ़ाना है। सेबी ने जुलाई 2023 में ईआरपी के लिए नियम पेश किए थे, लेकिन ईआरपी ने कुछ प्रावधानों पर स्पष्टीकरण मांगा है। खासकर ग्राहक-भुगतान मॉडल का इस्तेमाल करने वालों के लिए और तदनुसार नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया। इसमें नियामक ने प्रस्ताव दिया है कि ईआरपी को जारीकर्ताओं को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर ईएसजी रेटिंग रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने की अनुमति देनी चाहिए।

जारीकर्ता की ओर से किसी भी टिप्पणी को परिशिष्ट के रूप में रिपोर्ट में जोड़ा जाना चाहिए। यदि ईआरपी जारीकर्ता के दृष्टिकोण से असहमत है, तो वह टिप्पणी या परिशिष्ट के माध्यम से जवाब दे सकता है। इसके अलावा, सब्सक्राइबर-पे मॉडल पर ईआरपी को शेयर बाजारों को ईएसजी रेटिंग का खुलासा करने से छूट दी जानी चाहिए, बशर्ते वे पुष्टि करें कि उनके पास रेटिंग को प्रभावित करने वाली कोई गैर-सार्वजनिक जानकारी नहीं है।

### सेबी का एचवीडीएलई के लिए सीमा दोगुनी कर 1,000 करोड़ करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनुपालन बोझ कम करने के लिए उच्च मूल्य ऋण सूचीबद्ध संस्थाओं की पहचान सीमा को मौजूदा 500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया है। वर्तमान में 500 करोड़ रुपये और उससे अधिक की सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों का बकाया मूल्य रखने वाली इकाई को 'उच्च मूल्य ऋण सूचीबद्ध इकाई' कहा जाता है। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में एक 'सनसेट क्लॉज' शुरू करने का प्रस्ताव दिया है, जो किसी एचवीडीएलई का बकाया ऋण निर्दिष्ट अवधि के लिए सीमा से नीचे आने पर कामकाज संबंधी दायित्वों को समाप्त कर देगा जिससे अधिक लचीलापन आएगा। इसने एलओडीआर विनियमों के अंतर्गत एक समर्पित अध्याय का सुझाव दिया है।

## लॉफिंग ज़ोन

एक अफीमची नशे की तरंग में हुक्के की नली की बजाय पास खड़े भैंसे के कट्टे की दुम मुंह में डाल कर कश लगा रहा था. इतने में उसका एक दोस्त आकर बोला, 'अरे यह क्या कर रहे हो? हुक्के की नली की बजाय कट्टे की दुम मुंह में डाल कर कश लगा रहे हो.'

अफीमची कट्टे की दुम मुंह से निकाल कर मुंह साफ करता हुआ बोला, 'मैं भी सोच रहा था कि फैनियों का स्वाद कहां से आ रहा है.'

☺ ☺ ☺

एक देहाती फोटोग्राफर की दुकान पर जा कर बोला, 'भाई साहब एक पासपोर्ट साइज की फोटो बनवानी है लेकिन फोटो में मेरे पांव की नई जूती भी नजर आनी चाहिए.'

फोटोग्राफर बोला, 'जूती जरूर नजर आएगी बस तुम सिर्फ इतना करो कि जूती अपने सिर पर रख लो.'

☺ ☺ ☺

मनु, 'मम्मी मैं कल स्कूल नहीं जाऊंगा, कल हमारी टीचर बता रही थी पांच और पांच दस होते हैं. आज कहने लगी आठ और दो दस होते हैं. उन्हें तो खुद भी कुछ नहीं आता हमें क्या पढ़ाएंगी.'

☺ ☺ ☺

पापा, 'मनु कमरे में जाकर देखो, वाल क्लॉक चल रहा है या नहीं.'

मनु, 'पापा चल तो नहीं रहा बस खड़ा दुम हिला रहा है.'

## दैनिक पंचांग

**2 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.14 ब.से |
| चंद्र | तुला में | धनु | 09.30 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 11.35 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.21 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 14.54 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.05 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.16 बजे से |
| | | सिंह | 00.32 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कन्या | 02.44 बजे से |
| | | तुला | 04.55 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 307 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 20.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 05.58 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** आयुष्मान 11.18 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 07.22 बजे तदनन्तर बव 20.22 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 50' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872151 **जूलियन दिन** 2460616.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, बलि प्रतिपदा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8175

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | ■ | 14 | | |
| | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 22 | | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3

**शब्द पहेली - 8174 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | ■ | प | क | ना |
| रा | ल | ■ | त | ■ | ख | स | म | ■ |
| ज | ■ | का | न | न | ■ | ■ | जो | श |
| क | ह | र | ■ | क | र | ता | र | ■ |
| ता | ■ | ग | ■ | छे | ■ | र | ■ | फ |
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | ता | मी | र |
| द | गा | ■ | ■ | न | ज | र | ■ | मा |
| ■ | व | त | न | ■ | ह | ■ | पा | ई |
| फ | त | ह | ■ | स | र | फ | रो | श |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7716

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 10 | 16 | 50 | 36 | ■ | ■ | 8 | 22 | ■ |
| 17 | | 2 | | 5 | 4 | 9 | | 7 | 18 |
| 25 | 5 | | 7 | | 3 | | 2 | | 17 |
| ■ | | 6 | | 9 | | 7 | | 5 | 39 |
| ■ | 7 | 2 | 5 | | 8 | | 2 | | 34 |
| 35 | | 5 | | 7 | | 6 | 4 | 5 | ■ |
| 43 | 2 | | 6 | | 4 | | 8 | | ■ |
| 19 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 26 |
| 14 | 3 | | 6 | 7 | 2 | | 6 | | 20 |
| ■ | 18 | 23 | ■ | ■ | 25 | 56 | 22 | 23 | ■ |

**अंकजाल 7715 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 26 | 14 | ■ | 29 | 13 | 17 | 22 | ■ |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 2 | 7 | 5 | 22 |
| 17 | 8 | 5 | 4 | ■ | 7 | 5 | 3 | 8 | 23 |
| 12 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 9 | 24 |
| 24 | 3 | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 3 | ■ | ■ | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 29 |
| 17 | 6 | 4 | 5 | 2 | ■ | 5 | 6 | 3 | 14 |
| 27 | 4 | 7 | 8 | 8 | ■ | 5 | 8 | 6 | 19 |
| 25 | 4 | 6 | 8 | 7 | ■ | 2 | 7 | 1 | 10 |
| ■ | 14 | 17 | 21 | 30 | ■ | 18 | 28 | 13 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6660

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| | 33 | | 29 | | 33 | |
| 6 | 7 | | 1 | | | 2 |
| | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | |
| 5 | | 7 | | | | 3 |
| | 37 | 6 | 32 | 2 | 33 | 7 |
| 3 | | 1 | | | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6659 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 1 | 37 | 6 | 29 | 2 | 29 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 38 | 4 | 29 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 6020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | | 10 | | 30 | | 10 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 10 | | 2 | | 10 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 60 | | 25 | | 50 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 88 | | 58 | | 2 | | 1 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 143 | | 2 | | 9 | | 50 | = | 35 / 86 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 6019**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | x | 20 | ÷ | 5 | ÷ | 40 | = | 6 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 15 | + | 55 | - | 35 | - | 24 | = | 11 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 20 | ÷ | 4 | + | 45 | - | 20 | = | 30 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | ÷ | ■ | - |
| 15 | + | 20 | x | 2 | ÷ | 2 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | + | 59 | - | 83 | + | 18 | = | 12 / 34 |

## शब्दजाल - 7707

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | श | मु | ग | सु | हा | ग | व | धी | ल | उ |
| अ | व | का | प्रे | व | अ | स | द | ह | र्म | म |
| ग | य | न | व | दी | खू | स | नि | य | त | रा |
| र | लि | ल | भा | अ | ता | ब | द | ह | ख | व |
| तु | स | अ | ऋ | दो | र | षा | सू | बा | प | जा |
| म | क | र्त | व्य | त | म | ला | र | र | श | न |
| न | स | अ | क | रा | न | भि | द | शा | त | व |
| हो | अ | ल | ल | व | जी | अ | ऐ | नि | प | सा |
| ते | बा | ब | अ | त | क | छ | प्प | न | शा | जू |
| क | म | बा | तें | व | झू | ठी | द | अ | जू | न |
| रा | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | रु |

शब्द जाल में रेखा द्वारा अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

सावन भादो, राम बलराम, नियत, सुहाग, खूबसूरत, अगर तुम न होते, झूठी, कर्तव्य, निशान, उमराव जान.

**शब्दजाल - 7706 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | न | गा | र | न | ब | ज | क | ब | ल | न |
| ब | ज | य | लि | दा | व | का | मौ | स | ल | य |
| ई | रा | ब | न | ज | वा | ज्यो | दा | बं | य | ना |
| का | ना | बं | र | ता | वी | ब | ति | ल | न | भि |
| म | इ | दि | म | स | रा | द | श | न | ब | रा |
| न | म | स्का | र | र | र | क | व | ना | श | म |
| न | बं | दि | श | वा | क | जी | र | ग | प | ब |
| व | र | न | ग | मा | व | सी | ब | न | प | न |
| नी | ब | ल | ज | न | बा | री | न | ज | प | र |
| त | मी | ल | प | बू | या | स | वी | ब | प | जा |
| का | न | न | व | नि | र्मा | ण | न | ग | प | बं |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1534 सिख गुरू रामदास का जन्म।

1774 राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या कर ली।

1841 ब्रिटिश सेना के अधिकारियों की हत्या के बाद दूसरा अफगान युद्ध शुरू हुआ।

1955 डेविड बेन गुरियन ने इजरायल में सरकार का गठन किया।

1956 हंगरी वारसा संधि से अलग हुआ।

1964 सऊदी अरब में शाह फैजूल गद्दी पर बैठे।

1988 श्रीलंका सरकार ने पूरे देश में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया था।

1990 अयोध्या में हुई गोलीबारी में 18 मरे।

1991 यूगोस्लाव सेना ने क्रोएशिया पर नए सिरे से हमला किया।

1992 बास्केटबॉल के जाने माने खिलाड़ी मैजिक जानसन ने अवकाश ग्रहण करने की दोबारा घोषणा की।

1994 मिस्त्र में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट से चार सौ से अधिक लोग मारे गए।

2000 डीटीएच टेलीविजन सेवा को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी।

2002 मुफ्ती मोहम्मद सईद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने।

2003 अहमदाबाद से 70 किमी दूर वीरमगाम में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में 4 मरे व 40 घायल।

2005 गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने।

## डा. अजय ने चलाया बागुनहातू,कल्याण नगर में जनसम्पर्क अभियान,लोगों ने किया गर्मजोशी से स्वागत



जमशेदपुर। पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी डा.अजय कुमार ने शुक्रवार को बागुनहातू, कल्याण नगर एवं काशीडीह में जनसम्पर्क अभियान चलाया. इस दौरान डा.अजय का लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. लोगों का उत्साह देखते बन रहा था. मौके पर डा. अजय कुमार ने कहा कि यह लोगों का प्यार है. इस बार का चुनाव जनता लड़ेगी.जनता को तय करना है कि उसे सुरक्षित,विकसित जमशेदपुर चाहिए या .... ? डा. अजय ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा औऱ रोजगार उपलब्ध कराना है. हमारा पूरा फोकस उस पर ही रहेगा ताकि लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की परेशानियों से मक्ति मिल सके. आज स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार लोगों की बड़ी समस्या है. मुझे पूरा विश्वास है कि जमशेदपुर पूर्वी की जनता का पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा.

## विमल बैठा जुगसलाई विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे , चुनाव चिन्ह मिला हेलमेट छाप

जमशेदपुर । जुगसलाई विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे पूर्व भाजपा नेता विमल बैठा को क्रमांक संख्या 12 पर हेलमेट छाप चुनाव निशान मिला है। संजय मेहता की जेबीकेएसएस पार्टी से जुड़े विमल बैठा ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की जनता को हेलमेट सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने दावा किया है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जाति, धर्म समुदाय से उन्हें भरपूर समर्थन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले 10-12 वर्षों से अपने श्रेत्र में पैठ बनाए हुए हैं । उन्होंने कहा कि वह विधायक बनकर क्षेत्र की जनता के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करेंगे। गौरतलब हो कि 2014 में भाजपा में शामिल होकर विमल बैठा ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप से लोगों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद किया है । श्री बैठा पहली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे हैं ।

## रश्मि प्रकाश को विजयी बनाकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें: मंत्री सत्यानंद भोगता



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 13 नवंबर को चतरा विधानसभा के 11 और सिमरिया विधानसभा के 11 प्रत्याशियों के लिए मतदाता वोट डालेंगे। 30 अक्टूबर को दोनों विधानसभाओं के निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये गये हैं। प्रत्याशी अपने चुनाव चिह्न और क्रमांक को लेकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महागठबंधन समर्थित चतरा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रश्मि प्रकाश अपने समर्थकों के साथ सदर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. आधी आबादी को पहली बार प्रतियाशी बनाए जाने को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। दूसरी ओर, चतरा विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रश्मी प्रकाश के समर्थन में राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता ने आज अपने समर्थकों के साथ कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करने की बात कही।

## हजारीबाग सांसद ने अपने परिवार और समर्थकों के साथ मनाया दीपावली



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : भारतीय सांस्कृतिक और प्रकाश व खुशियों के महापर्व "दीपावली" के अवसर पर हजारीबाग सदर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को अपने आवास में पूरे परिवार और हितैशियों के साथ दीवाली की खुशियां मनाया। सांसद आवास में सपरिवार सांसद मनीष जायसवाल ने फूलों से सजी आकर्षक रंगोली के बीच दीप जलाकर खुशियों के इन पल को यादगार बनाते हुए क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना माता लक्ष्मी से किया। दिवाली की सुबह से देर शाम तक को अपने परिवार और हितैषियों के साथ जमकर खुशी मनाए। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों को विभिन्न माध्यमों से दीवाली की शुभकामनाएं भी दी । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के पिता पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल, निशांत जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्रवधु अवंतिका जायसवाल, भतीज ऋषव, आरव और राहुल जायसवाल सहित सांसद सेवा कार्यालय कर्मी और सांसद आवास कर्मीगण मौजूद रहें ।

## हजारीबाग खिरगांव स्थित मुक्तिधाम मे महाकाली पूजा धूमधाम से मनायी गयी

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : खिरगांव स्थित मुक्तिधाम मे महाकाली पूजा धूमधाम से मनायी गयी। पूजा के इस सफल आयोजन में हज़ारीबाग़ क्षेत्र के काफी संख्या मे महिला-पुरुष ने भाग लिया। इस दौरान मां काली के भक्तों ने पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारा के प्रसाद मे पूड़ी ,सब्ज़ी, बुदिया, ग्रहण किया। समिति ने पूजा से पूर्व सम्पूर्ण मंदिर परिसर को पूरी तरह से सजाया। बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले मां का आह्वान हुआ। जिसके बाद निर्धारित समय पर प्रसाद का शाम सात बजे से वितरण किया गया। वही इस दौरान संध्या शाम 5 बजे से 10 बजे तक भजन कीर्तन कर भक्तिमय माहौल मे तब्दील हो गया। रात्रि में काली पूजा और बलि पूजा के बाद शुक्रवार को महाभोग प्रसाद का वितरण सुबह चार से नौ बजे तक चला। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने उपस्थित सभी भक्त जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि धार्मिक कार्य होने से वातावरण का शुद्धीकरण होता है। उन्होंने कहा कि धर्म के प्रति लोगो का जुड़ाव मजबूत होता है। मंदिर का निर्माण कार्य भी चल रहा है उसमें आप सभी अपना सहयोग करे।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ दीपोत्सव का पर्व दीपावली

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले में प्रकाश का पर्व दीपोत्सव दीपावली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। जिले के विभिन्न प्रखंडों और जिला मुख्यालय में श्रद्धालुओं द्वारा लक्ष्मी गणेश और सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर वैदिक परंपरा अनुसार पूजा अर्चना की गई। लोगों ने एक दूसरे को दीपोत्सव के महापर्व की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। चतरा, सिमरिया, टंडवा, हंटरगंज इटखोरी, मयूरहंड आदि क्षेत्रों में उत्साह और आनंद के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। दीपोत्सव का यह पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

# मानगो फ्लाइ ओवर निर्माण को हास्यास्पद परिकल्पना बतलाने वाले सरयू राय को जनता देगी करारा जवाब- मंत्री बन्ना गुप्ता







जमशेदपुर । पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो को ट्रैफ़िक जाम से मुक्त करने के लिये फ्लाइ ओवर का निर्माण करवाया जा रहा है. किंतु जब जमशेदपुर के विकास की गाथा लिखने वाली इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए सर्वे शुरू हुआ था, तो वर्ष 2022 में सरयू राय ने इसे हास्यास्पद परिकल्पना और झूठी घोषणा बतलाया था. नकारात्मक सरयू राय ने कहा था कि यह एक अनुपयोगी एवं फ़िज़ूल खर्ची वाली सोच है. अभियांत्रिकी कसौटियों पर भी यह खोटा साबित होगी. भगोड़ा नेता सरयू राय ने कहा था कि विडम्बना है कि सरकार के योग्य अभियंताओं ने किसी अस्वस्थ एवं असंतुलित दिमाग़ की ऐसे घटिया राजनीतिक फ़ितूर को सर्वेक्षण लायक़ समझा और घटनास्थल पर पहुंच गये. उन्हें पहले ट्राफ़िक सर्वे करना चाहिए था. यातायात की प्रकृति और घनत्व पर गहन मंथन करना चाहिए था. अंतर्विभागीय विमर्श करना चाहिए था , तब किसी समुचित निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिये था, न कि दौड़कर सर्वे के लिए पहुंच जाना चाहिए था. पलटू राम नीतीश कुमार की पार्टी के भगोड़ा प्रत्याशी सरयू राय ने यह भी कहा था कि वस्तुतः सर्वेक्षण के इस प्रयास का दुरूपयोग राजनीतिक प्रचार पाने के लिए हुआ है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाइ ओवर के निर्माण की योजना का शुभारंभ करने में सरयू राय ने कई बाधाएं डाली. उन्होंने सरकार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, मुख्य अभियंता और टाटा स्टील को कई पत्र लिखे. इस परियोजना को रोकने का हर संभव कुत्सित प्रयास किया. किंतु मैं उनकी नकारात्मकता से वाकिफ हूँ. इसलिए जनहित में अपने ईमानदार प्रयासों को जारी रखा. आज जनता के आशीर्वाद से मानगो फ्लाइ ओवर का काम प्रारंभ हो चुका है. मैं यह भी वादा करता हूँ कि यह परियोजना ससमय पूर्ण होगी. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जदयू प्रत्याशी सरयू राय वो शख्स है, जिसने पिछले चुनाव में कमल छाप को डूबाने का काम किया था. इस बार वे कहते हैं कि कमल ही सिलेंडर है. उनसे पूछना चाहिए कि पिछली बार क्या हुआ था, जब आप सिलेंडर की गैस से कमल को मुरझाने का काम कर रहे थे. असल में उस व्यक्ति का चाल, चरित्र और चेहरा समय के अनुसार बदलते रहता है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय का एकमात्र उद्देश्य भाजपा को कमजोर करना है. वे भाजपा कार्यकर्ताओं को जदयू में शामिल करवा कर भाजपा का जमीनी आधार खत्म करना चाहते हैं. चूंकि भाजपा ने सरयू राय को निष्कासित किया था । इसलिए वे भाजपा से चिढ़े हुए हैं और भाजपा की जड़ खोद रहे हैं.

### बन्ना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को दी धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं

जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के कदमा, बिस्टुपुर, सोनारी, धतकिडीह, मानगो, सर्किट हाउस, साकची विभिन्न स्थानों से कांग्रेस, झामुमो, राजद एवं कम्युनिस्ट के कार्यकर्त्ता कदमा स्थित बन्ना गुप्ता के आवास पर पहुंचे. बन्ना गुप्ता ने अपने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की. उन्होंने कहा कि दीपमाला का यह पर्व क्षेत्र में खुशहाली लाये. क्षेत्र का हर घर विकास रूपी दीपक की रोशनी से जगमगा उठे, इसी उद्देश्य से हम लोग कार्य करें.

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने आदिवासी भाषाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया ,100 से अधिक आदिवासी भाषा के शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया




जमशेदपुर । टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने ओडिशा के जाजपुर जिले में टाटा स्टील फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में "आदिवासी भाषाएँ, उनका संरक्षण और संवर्धन" पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आदिवासी समुदायों में आदिवासी भाषाओं के संरक्षण और भाषा संबंधी विविधता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना था।

सुकिंदा, बामनीपाल और कलिंगानगर क्षेत्रों में स्थित टीएसएफ के आदिवासी भाषा शिक्षण केंद्रों से ओल-चिकी और वारंगचिती लिपियों के 100 से अधिक शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। ये शिक्षक फाउंडेशन के आदिवासी भाषा शिक्षा को मजबूत बनाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो सांस्कृतिक धरोहर से गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है और मूल लिपियों में साक्षरता का समर्थन करता है। पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी ने कहा, "हमारे लिए भाषा हमारी पहचान और संस्कृति का आधार है। हमारे स्वदेशी समुदायों का गहन ज्ञान उनकी लोककथाओं और गीतों में बसा है। इन पहलों के जरिए हमारा प्रयास सिर्फ आदिवासी भाषाओं की धरोहर को संजोना नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि उनकी भाषा, संस्कृति, पहचान और प्रकृति संरक्षण की परंपराओं का सम्मान और उत्सव मनाया जाए। हम चाहते हैं कि यह विरासत आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रहे और समृद्ध हो।"कार्यक्रम की खास बात रही शिक्षकों के समूह द्वारा आदिवासी भाषाओं में प्रस्तुत किया गया एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक। इस नाटक के माध्यम से शिक्षकों ने बाल श्रम रोकथाम, सभी के लिए शिक्षा का महत्व, मलेरिया, डेंगू, टीबी और कुपोषण जैसी बीमारियों के शुरुआती इलाज की आवश्यकता पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर भी जोर दिया। आदिवासी संस्कृति की रंगत में रची-बसी इस प्रस्तुति ने दर्शकों का न केवल मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शंभू नाथ झा, चीफ (माइन्स), एफएएमडी, ने आदिवासी भाषाओं के संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. परमानंद पटेल, राज्य समन्वयक, बहुभाषी शिक्षा, भुवनेश्वर, ने आदिवासी समुदायों के लिए शैक्षणिक और सामाजिक अवसरों को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया।

## हजारीबाग यूथ विंग का छठ व्रतियों के लिए विशेष आयोजन, चार नवंबर को सूप,पूजन सामग्री का किया जाएगा वितरण




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था, हजारीबाग यूथ विंग, छठ महापर्व के शुभ अवसर पर चार नवंबर को बड़ा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप छठ व्रतियों के लिए विशेष सूप वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम में व्रतियों को मात्र 11 रुपए की सहयोग राशि में एक सूप के साथ एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, सुपारी,आरत पत्ता और माचिस दी जाएगी।

इस कार्यक्रम की बुकिंग एवं कूपन वितरण शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है और यह कूपन मात्र 11 रुपए में उपलब्ध कराया गया है। कूपन का वितरण तीन नवंबर को संध्या 6:00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक, बड़ा बाजार चौक, डिश टीवी ऑफिस के सामने किया जा रहा है। चार नवंबर को मुख्य कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, हमारी संस्था का उद्देश्य छठ व्रतियों की श्रद्धा को समर्थन देना और उन्हें आवश्यक सामग्री सुलभता से प्रदान करना है। छठ महापर्व हमारे समाज के सामूहिक मूल्यों का प्रतीक है, और हम इसे संजीवनी प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे।"

हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया हमारे द्वारा शुरू किए गए इस पहल का मकसद समाज को एकजुट कर त्यौहार की भावना को मजबूत करना है। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए मात्र 11 रुपए में सूप सामग्री प्रदान की जा रही है, जो इस महापर्व में हमारी ओर से एक छोटी सी सेवा है।

कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खण्डेलवाल ने कहा, हमारा प्रयास है कि हर छठ व्रती तक यह सेवा पहुंचे और वे आसानी से अपने पूजन सामग्री प्राप्त कर सकें। हमारी टीम पूरी तरह से इस कार्यक्रम की सफलता के लिए तत्पर है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सुरेंद्र खंडेलवाल, अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकास तिवारी, विवेक तिवारी, शंपा बाला, उदित तिवारी सहित कई अन्य सदस्यों की उपस्थिति रहेगी।

## हटिया में हो रहे विकास कार्य लगातार जारी रहे,इसलिए आवश्यक है भाजपा को आपका आशीर्वाद - नवीन जयसवाल



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : पंडरा पंचशील नगर, अम्बा नगर, विजय पथ, पंडरा बाजार समिति, लाजपथ नगर, में हटिया से भाजपा प्रत्याशी *नवीन जयसवाल* ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर पदयात्रा और जनसंपर्क के माध्यम से जनता से हटिया विधानसभा में पुनः एकबार कमल खिलाने कीअपने अपील की। भाजपा प्रत्याशी ने अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुए कहा की *" भाजपा के कार्यकाल में हटिया में चहुंमुखी विकास कार्य हुए हैं,और जनता के आशीर्वाद ने हटिया में नवीन जयसवाल की जीत सुनिश्चित कर दी है,ताकि हटिया का विकास जारी रह सके ।

जनसंपर्क मे मुख्य रूप से भाजपा प्रत्यशी के साथ सुबेश पांडे, विशाल साहु, अशोक यादव (पुर्व पार्षद),विनय सिंह,धर्मशीला देवी,अशोक मुंडा,अंबालिका तिवारी,मिथिलेश केशरी,सुधीर सिंह,आलोक सिंह परमार,पीयूष साहु, कृष्णा केरकेटा, इंद्रदेव राम, आलमगिर अंसारी, शिवशंकर साहू, अशोक साहू, राजू सिंह,धनेश्वर् प्रसाद,ओ पी श्रीवास्तव, महतो,राजकुमार साहु,बिंदा लाल प्रसाद,अरुण साहु,गौतम सिंह,देवेन होता,विनोद वर्मा,प्रदीप सिंह,रंजन सिंह,अशोक यादव ,डॉ ए के लाल,बबीता सिंह,माला कुमारी,सोनी कुमारी,ममता देवी, बबीता सिंह, सुनीता सिंह , मुकेश नाग , अरुण कुमार साहु , दीपक कुमार,रूपा सिंह ,गौतम देवघरिया सहित सेकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरयू राय के प्रचार में लांच किया चुनावी गीत



जमशेदपुर। आने वाली 13 नवंबर को होने वाले झारखंड विधान सभा चुनाव मे जमशेदपुर पश्चिमी क्षेत्र से एनडीए/जदयू समर्थित उम्मीदवार सरयू राय जी के पक्ष मे मतदान करने के लिए लोकप्रिय भोजपुरी गीतकार तोमर सत्येन्द्र ने चुनावी गीत लिखा है जिसे मुंबई की प्रख्यात पार्श्व और मंच गायिका सौम्या वर्मा ने अपनी सुमधुर आवाज़ मे रिकॉर्ड किया गया है, जिन्होंने भोजपुरी भाषा में अनेकों हिट गानों को गाया है।इस गीत का मुखड़ा मतदाताओं को प्रभावशाली रूप से निर्देशित करता है :

"देख सखी गजबे मंगल मुहूरत आ गईल।
सलेंडर बटन दाबे के जरूरत आ गईल।
सरयू जी के बिजय के घड़ी सुभ आ गईल।
महौल के बदले के समय आ गईल"

इस मधुर गीत मे तोमर ने अपनी रचनात्मक एवं संगीत पूर्ण शैली मे जमशेदपुर पश्चिम के मतदाताओं से पश्चिमी क्षेत्र के विकास हेतु जात-पात को भुला कर सरयू राय जी को जिताने के लिए अपील की है। सर्वविदित है कि गीत संगीत के क्षेत्र मे तोमर सत्येन्द्र की एक विशिष्ट पहचान है और इनके अनेकों गीत विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों से रिलीज़ हो चुके हैं। उक्त गीत मे संगीत संयोजन छोटू रावत का है और इसे मुंबई मे यूएम डिजिटल स्टुडियो मे गायक अरविंद आर सिंह, देवेंदर कोशियारी एवं एस पी वर्मा के मार्गदर्शन मे रिकॉर्ड किया गया है। ऐसा बहुत कम हुआ है कि झारखंड के स्थानीय चुनाव के लिए जमशेदपुर में गीत लिखा गया है और मुंबई की गायिका द्वारा मुंबई के स्टूडियो में रिकॉर्ड हुआ है। यह गीत मतदाताओं को सीधे साधे शब्दों मे सीधा संदेश देता है।

## इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वृद्ध आश्रम में बुज़ुर्गों संग मनाई दिवाली



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, हजारीबाग** : हजारीबाग वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह दिवाली के शुभ अवसर पर एस.पी. निवास के निकट स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे और बुजुर्गों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया। मुन्ना सिंह अपनी टीम के साथ आश्रम में पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों के साथ दीप जलाए, मिठाइयों का वितरण किया और सभी का हालचाल जाना।

मुन्ना सिंह ने कहा, "इन बुजुर्गों ने अपनी पूरी जिंदगी परिवार और समाज के लिए समर्पित की है। आज इनके साथ दिवाली का दीप जलाकर मुझे जो सुकून मिला, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे सभी बुजुर्गों और उन लोगों को अपनी खुशियों में शामिल करें जो किसी कारणवश अपने परिवार से दूर हैं। हमारी संस्कृति हमें यही सिखाती है कि सभी को साथ लेकर चलें और समाज में एकता और प्रेम का संदेश दें।"

मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में लोगों से आग्रह किया कि त्योहारों पर थोड़ा समय निकालकर अपने आस-पास के वृद्धाश्रम या अनाथालय में जाएं और उन लोगों के साथ खुशियां बांटें। उन्होंने कहा, "खुशियां बांटने से ही बढ़ती हैं, और हमारे समाज में एकता और स्नेह का वातावरण भी इन्हीं प्रयासों से पनपता है।"

कार्यक्रम के दौरान मुन्ना सिंह ने बुजुर्गों से उनके अनुभव सुने और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को आश्वासन दिया कि इस प्रकार के समाजसेवी कार्यों में उनका पूरा सहयोग रहेगा।

# टेल्को में 22 फीट ऊँची माँ काली पूजा पंडाल का ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने किया उद्घाटन





जमशेदपुर । टेल्को में यंग बॉयज़ क्लब द्वारा आयोजित माँ काली पूजा पंडाल का उद्घाटन बुधवार देर शाम ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने फीता काट कर किया । 22 फीट ऊँची माँ काली की भव्य मूर्ति और बनारस की गंगा आरती के तर्ज पर आयोजित महा आरती ने भक्तों को आस्था और आधुनिकता का अनोखा संगम दिखाया। वाराणसी के पुरोहितों ने आरती में विहंगम और आस्था का मनोरम दृश्य दिखाया जिससे माहौल भक्तिमय हो उठा। महाआरती के दौरान हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस अवसर पर रघुवर दास ने नारी शक्ति को लेकर विशेष संदेश दिया और कहा कि "नारी सृजन की शक्ति है, जिसके बिना समाज अधूरा है। आज हर क्षेत्र में नारी का योगदान समाज को नई दिशा दे रहा है और हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए।" विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स प्लांट हेड सुनील तिवारी, एचआर हेड मोहन घण्टा, आईआर हेड सौमिक रॉय, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आरके सिंह, समाजसेवी आस्तिक महतो ने भी उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस आयोजन में आधुनिकता को बढ़ावा देते हुए यंग बॉयज़ क्लब ने 'डिजिटल इंडिया' थीम पर आधारित एक वेबसाइट भी लॉन्च की है। मुख्य अतिथियों ने वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस वेबसाइट पर पूजा से संबंधित सभी जानकारियाँ उपलब्ध होंगी, जिससे भक्त कहीं से भी पूजा की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। रघुवर दास ने इस डिजिटल पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम धार्मिक आयोजनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर नई दिशा दे रहा है। मौके पर संरक्षक पवन सिंह, अध्यक्ष पप्पू मिश्रा, महामंत्री प्रदीप राजवार, गोल्डन प्रसाद, पिंटू मिश्रा, अरविंद तिवारी, सनी सिंह, धीरज मिश्रा, मनोज, सुमित जैसवाल, अभिनव, रोहित, टीपू मिश्रा, शशि सिंह आदि उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने में दिन-रात मेहनत की ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।